राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 158
लखनऊ, रविवार 08 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अमृतपुर में जन चौपाल का आयोजन, योजनाओं की दी जानकारी 10

कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू : जयवीर 03


# मलेशिया में जल्द शुरू होगा यूपीआई : मोदी



## भारत की सबसे बड़ी ताकत बना वैश्विक भरोसा : पीएम

एजेंसी, कुआलालंपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत आज केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि निवेश और व्यापार का भरोसेमंद वैश्विक साझेदार बन चुका है। यूके, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ और अमेरिका सहित कई देशों के साथ भारत के व्यापार समझौते इस बढ़ते विश्वास का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट अब भारत की सबसे मजबूत करंसी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए ओसीआई कार्ड की पात्रता छठी पीढ़ी तक बढ़ाने, तिरुवल्लुवर स्कॉलरशिप शुरू करने और मलेशिया में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास के शीघ्र उद्घाटन की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई जल्द ही मलेशिया में शुरू होगी, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और जनसंपर्क और मजबूत होंगे। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र बना चुका है, जहां दुनिया के करीब आधे रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन होते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया की दोस्ती अब व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रूप में आगे बढ़ रही है। दोनों देशों का संबंध इंडिया-मलेशिया पार्टनरशिप फॉर एडवांसिंग कलेक्टिव ट्रांसफॉर्मेशन (आईएमपीएसीटी) मंत्र पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने बीते एक दशक में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से शीर्ष-3 की ओर बढ़ रहा है, मोबाइल निर्माण, स्टार्ट-अप, रक्षा निर्यात और स्वच्छ ऊर्जा में बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई हैं।

प्रधानमंत्री ने मलेशिया में बसे भारतीय मूल के लोगों को भारत-मलेशिया संबंधों की जीवंत कड़ीबताया। उन्होंने तमिल, सिख, गुजराती, तेलुगु, मलयाली सहित विभिन्न भारतीय समुदायों के योगदान की सराहना की। सिख समुदाय द्वारा गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं- नाम जपो, किरत करो और वंड छको–को जीवित रखने का विशेष उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि तमिल भाषा और संस्कृति भारत की अमूल्य धरोहर है और मलेशिया में तमिल समुदाय सदियों से सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को समृद्ध करता आ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय मलाया में तिरुवल्लुवर चेयर के बाद अब तिरुवल्लुवर सेंटर स्थापित करने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने मलेशिया में बसे तमिल, सिख और अन्य भारतीय समुदायों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदियों से अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखा है। उन्होंने बटू केव्स के ताइपूसम उत्सव, गरबा की लोकप्रियता और भारतीय भाषाओं में शिक्षा देने वाले स्कूलों का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस यात्रा में प्रवासी भारतीय अहम भागीदार हैं। चाहे आप कुआलालंपुर में जन्मे हों या कोलकाता में, भारत आपके दिल में बसता है और प्रवासी भारतीय विकसित भारत और समृद्ध मलेशिया के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

### भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर हुए सहमत

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे (फ्रेमवर्क) पर सहमत हो गए हैं, जिसमें भारी शुल्क कटौती, व्यापक बाजार पहुंच और आपूर्ति श्रृंखला में अधिक सहयोग का वादा किया गया है। यह एक व्यापक भारत–अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों में एक बड़ी सफलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटनाक्रम का स्वागत करते हुए इसे भारत और अमेरिका के लिए बड़ी खुशखबरी बताया और दोनों देशों में रोजगार, नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की इसकी क्षमता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हम अपने दो महान राष्ट्रों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति उनकी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद दिया। व्हाइट हाउस द्वारा घोषित यह फ्रेमवर्क, फरवरी 2025 में दोनों नेताओं द्वारा औपचारिक रूप से शुरू की गई व्यापार वार्ता में नई गति का संकेत देता है। इसके तहत भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक वस्तुओं और अमेरिकी कृषि एवं खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त करने या कम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि अमेरिका अंतरिम समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के बाद कई भारतीय निर्यातों पर पारस्परिक टैरिफ वापस ले लेगा। इस समझौते को भारत–अमेरिका साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता का प्रतिबिंब बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सरकार की प्रमुख मेक इन इंडिया पहल को सीधे तौर पर मजबूत करेगा।

# भड़ौसा में बड़ी साजिश का खुलासा, बड़ी मात्रा में फर्जी फॉर्म 7 पकड़े गए

## फर्जीवाड़ा करने वालों पर हो सख्त कार्यवाही : डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव



जानकारी देते प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव



फर्जीवाड़े का खुलासा करते सपा जिलाध्यक्ष आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के कई हिस्सों से फर्जी फॉर्म 7 भरकर वोट कटवाने की साजिश के प्रकरण सामने आने के बाद सपा मुखिया के निर्देश पर सक्रिय हुई समाजवादी पार्टी ने सभी बूथों पर निगरानी बढ़ा दी है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि जो बीएलओ ऐसा कर रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये और इसकी जांच होनी चाहिए। आखिर किसके इशारे पर यह काम किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने-अपने बूथों की और चौकसी बढ़ा दें।

जनपद की 195 भोजपुर विधानसभा के मुस्लिम बाहुल्य गांव भड़ौसा में बड़ी मात्रा में प्रिंटिड फॉर्म 7 पकड़े गए हैं। मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में सपा नेताओं ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। बीएलओ से मिलकर सारे प्रिंटिड फॉर्म पकड़े और शिकायत करने वाले व्यक्ति से बात करने पर उस व्यक्ति के द्वारा ये कहा गया कि हमने कोई ऐसे फॉर्म जमा नहीं किए हैं।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि पूरे प्रकरण से आज ही पार्टी नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी से भेंटकर चल रहे फर्जीवाड़े के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जाएगी, साथ ही सभी पकड़े गए फर्जी फॉर्म और अन्य सुबूत लखनऊ भेजे जाएंगे। पार्टी को यदि प्रशासन से न्याय नहीं मिलेगा तो कानूनी सहारा भी लिया जाएगा। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा जानकारी मिली है कि प्रत्येक बूथ पर 100 से 150 फॉर्म हर बीएलओ को वोट काटने के लिए दिए गए हैं, ये साजिश सभी यादव और मुस्लिम बूथों पर हो रही है।


पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इससे ज्यादा लोकतंत्र का चीरहरण और क्या होगा कि लोगों को वोट डालने से ही वंचित कर दिया जाए। यदि सरकार नहीं चाहती है कि लोग वोट डाल पाएं, तो सीधा-सीधा लोकसभा में बिल ले आए कि सबसे सारी चुनावी प्रक्रिया रद्द की जाती है, और सदैव भाजपा की ही सरकार रहेगी। निवार्चन आयोग जब निष्पक्ष चुनाव नहीं करा सकता है तो ये ढोंग क्यों किया जा रहा है। ये बेहद निंदनीय और आपराधिक कृत्य है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, विधानसभा अध्यक्ष भोजपुर नरेंद्र सिंह यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,56,750/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,43,700/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,600/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



# अमेरिका ने पीओके व अक्साई चीन को बताया भारत का हिस्सा




## अरुणाचल प्रदेश के सभी हिस्सों को भी भारत की क्षेत्रीय सीमा के भीतर दर्शाया गया

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते की रुपरेखा की घोषणा के तत्काल बाद संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कार्यालय द्वारा जारी नक्शे में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और चीन के कब्जे वाले अक्साई चिन समेत पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है।

यूएसटीआर कार्यालय के एक्स पोस्ट पर शेयर किए गए इस नए नक्शे में न केवल जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत का हिस्सा दिखाया गया है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के सभी हिस्सों को भी भारत की क्षेत्रीय सीमा के भीतर दर्शाया गया है। इससे पहले भारत कई बार अमेरिकी और अन्य वैश्विक एजेंसियों द्वारा जारी नक्शों में जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश की गलत प्रस्तुति पर आपत्ति जताता रहा है। अब ट्रंप प्रशासन द्वारा जारी नक्शा को उन आपत्तियों के बाद सही से तैयार किया गया है। यह कदम भारत के रुख के अनुरूप और अमेरिका की पुरानी नीति से अलग है, क्योंकि पहले अमेरिकी एजेंसियों द्वारा जारी नक्शों में पीओके को विवादित क्षेत्र बताने के लिए डॉटेड लाइनों या अलग लेबल का इस्तेमाल किया जाता था।

### 1947 से चला आ रहा भारत-पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने 2020 में एक राजनीतिक नक्शा जारी किया था, जिसमें जम्मू–कश्मीर, लद्दाख के कुछ हिस्सों और गुजरात के जूनागढ़ एवं सर क्रीक पर दावा किया था। भारत ने इसे राजनीतिक मूर्खता बताते हुए खारिज कर दिया था। इसी तरह चीन ने अगस्त 2023 में एक नक्शा जारी किया था, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना हिस्सा दिखाया गया था। भारत ने इन दावों को भी सिरे से नकारते हुए कहा था कि नक्शे बनाने से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। पीओके विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से चला आ रहा है। विभाजन के समय जम्मू–कश्मीर एक रियासत थी, जिसके महाराजा हरि सिंह ने पाकिस्तान के हमले के बाद भारत में विलय का निर्णय लिया। इसके बाद पाकिस्तान ने पश्चिमी और उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर लिया, जिसे आज पीओके कहा जाता है। पाकिस्तान इसे आजाद कश्मीर कहता है और वहां अपनी तरह की सरकार चलाता है। अक्साई चिन क्षेत्र लद्दाख के उत्तर–पूर्व में स्थित है। चीन ने 1950 के दशक में यहां सड़क निर्माण कर कब्जा जमा लिया था। साल 1962 के भारत–चीन युद्ध के बाद चीन ने लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर नियंत्रण बनाए रखा। भारत इसे लद्दाख का हिस्सा मानता है।

### अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, तीन विदेशी जहाज जब्त



एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने सुनियोजित समुद्री हवाई समन्वित अभियान के जरिए अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस अभियान से संघर्षग्रस्त क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाले भारी मात्रा में तेल और तेल–आधारित कार्गो के अवैध हस्तांतरण में शामिल नेटवर्क ध्वस्त हुआ है। आईसीजी ने तीन विदेशी जहाजों को जब्त कर लिया है, जिन्हें आगे की जांच के लिए मुंबई बंदरगाह पर लाया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पिता ने मासूम को ठंढे पानी के टब में डाला, मौत

कानपुर। कानपुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां पर एक हैवान पिता ने अपनी मासूम बेटी की जान ले ली। दरअसल, रावतपुर क्षेत्र में घरेलू कलह के बीच एक नशेड़ी ने अपनी मासूम पुत्री को पानी भरे टब में डाल दिया, जिसके उसकी मौत हो गई। मां का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक, मसवानपुर निवासी महिला रुचि ने थाने में सूचना दी कि वर्ष 2024 में उसका प्रेम विवाह गोपाल गुप्ता नामक व्यक्ति से हुआ था जो नशे का आदी है। उसकी इस आदत की वजह से आए दिन पति पत्नी में झगड़ा हुआ करता था। इसी के चलते पिछली एक फरवरी को भी पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ और गोपाल ने अपनी एक वर्षीय पुत्री को नशे की हालत में पानी भरे टब में डाल दिया। टब में डालने से मासूम की हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां शुक्रवार देर शाम उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण विसरा सुरक्षित किया गया है। परिजनों से तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सूरजकुंड मेले में झूला गिरा, इंस्पेक्टर की मौत, 11 पर्यटक जख्मी

फरीदाबाद। फरीदाबाद में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में शनिवार को झूला गिरने से हरियाणा पुलिस के एक इंस्पेक्टर की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य पर्यटक घायल हो गए। घायलों में से नौ को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और तीन अन्य को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हरियाणा सरकार ने घटना की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। हादसे के बाद मेला स्थल को खाली करवा लिया गया है।हरियाणा के मुख्यमंत्री तथा पर्यटन मंत्री ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। फरीदाबाद के जिला उपायुक्त से रविवार सुबह तक जांच रिपोर्ट मांग ली गई है। सूरजकुंड में शनिवार को एक के बाद एक दो हादसे हुए हैं।

### जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के बीच 45 लोगों की मौत

टोक्यो। जापान में रिकॉर्ड बर्फबारी के कारण मरने वालों की संख्या 45 हो गई है, जबकि घायलों की संख्या 600 के करीब पहुंच रही है। देश की मुख्य अग्निशमन सेवा से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर यह जानकारी सामने आयी। बीस जनवरी से अब तक कुल 585 लोग अलग–अलग गंभीरता से घायल हुए हैं; इनमें से 187 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। कम से कम 45 लोगों की मौत हो चुकी है।

# यूपीएससी ने आवेदन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए कॉल सेंटर के समय में किया विस्तार




एजेंसी, नई दिल्ली।

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2026 और भारतीय वन सेवा (आईएफएस) परीक्षा 2026 के उम्मीदवारों की सुविधा के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से आयोग ने अपने कॉल सेंटर के परिचालन घंटों में विस्तार किया है।

यूपीएससी के अनुसार अब आवेदनकर्ता सुबह 07:00 बजे से रात 09:00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, शनिवार, रविवार और अवकाश के दिनों सहित सभी दिन संपर्क किया जा सकता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आवेदकों के साथ संवाद को मजबूत करना और परीक्षा संबंधी प्रश्नों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। यह कदम आयोग की एक कुशल, उत्तरदायी और विद्यार्थी-केंद्रित परीक्षा प्रणाली बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अब उम्मीदवार नियमित कार्यालय समय के बाद भी समाधान प्राप्त कर सकेंगे, जिससे आवेदन प्रक्रिया के अंतिम दिनों में होने वाली भीड़ और तकनीकी तनाव को कम किया जा सकेगा।

यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने उम्मीदवारों की सुविधा के प्रति आयोग की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, इन प्रयासों का उद्देश्य उम्मीदवारों को सुविधा प्रदान करना और यह सुनिश्चित करना है कि सभी आवश्यक सहायता मौजूद हों।

### अपने गांव पहुंचे सीएम योगी, बुजुर्गों का पूछा हाल, बच्चों संग किया संवाद



एजेंसी, पौड़ी गढ़वाल। उत्तराखंड दौरे पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने पैतृक गांव पंचूर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह उन्होंने अपने गांव के बड़े–बुजुर्गों का हालचाल जाना और बच्चों को दुलार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ आया। उन्होंने गांव के बच्चों पर अपना स्नेह बरसाया, उनसे बातचीत की और उन्हें चॉकलेट भी दी। सीएम योगी ने एक बच्चे को अपनी गोद में लेकर उसे प्रेम से खिलाया। बच्चों ने भी सहज भाव से मुख्यमंत्री से बातचीत की। इस दौरान, गांव के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अपने परिजनों से भी मिले, सभी का कुशलक्षेम जाना। योगी की विनम्रता, सरलता व सहजता देखकर स्थानीय लोग भी भाव–विभोर हो गए।

# प्रवीण कुमार ने संभाली एडीजी लखनऊ जोन की कमान, बोले- सख्त बनाएंगे कानून व्यवस्था



## आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी के तेजतर्रार और सख्त छवि वाले वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी प्रवीण कुमार ने एडीजी लखनऊ जोन का कार्यभार संभाल लिया है।

शनिवार को पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कानून-व्यवस्था से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा और जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी सख्ती से लागू किया जाएगा। एडीजी लखनऊ जोन के पद पर तैनाती के बाद प्रवीण कुमार शनिवार को अपने कार्यालय पहुंचे। कार्यालय पहुंचते ही पुलिस कर्मियों ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद उन्होंने औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण किया।

कार्यभार संभालने के बाद एडीजी प्रवीण कुमार ने जोन के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा टीमवर्क और अनुशासन के साथ काम करना उनकी प्राथमिकता होगी। एडीजी प्रवीण कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू की जाए। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मीडिया से बातचीत में एडीजी ने कहा कि लखनऊ जोन में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। अपराध नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और संवेदनशील मामलों में प्रभावी पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रवीण कुमार इससे पहले लखनऊ के एसएसपी रह चुके हैं। इसके अलावा वे आईजी अयोध्या और आईजी मेरठ जैसे अहम पदों पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके अनुभव को देखते हुए लखनऊ जोन में सख्त और प्रभावी पुलिसिंग की उम्मीद जताई जा रही है।

### मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया से फिर मांगी माफी



एजेंसी, इंदौर। मंत्री विजय शाह ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने पहले भी कई बार स्पष्ट किया है और आज पुनः दोहराना चाहते हैं कि उनका किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना अथवा समाज के किसी भी वर्ग का अपमान करने का कोई उद्देश्य नहीं था। उन्होंने कहा कि निःसंदेह उनके शब्द उनकी वास्तविक भावना के अनुरूप नहीं थे। देशभक्ति की भावना और आवेश में वे शब्द निकल गए, जो अनुचित थे। उन्होंने आग्रह किया कि इस त्रुटि के पीछे की भावना को अवश्य देखा जाना चाहिए, क्योंकि इसमें किसी प्रकार की दुर्भावना नहीं थी। मंत्री शाह ने कहा कि वे पहले भी क्षमा याचना कर चुके हैं और आज भी पूरे मन से माफी मांगते हैं। उनके लिए यह अत्यंत पीड़ादायक है कि एक छोटी सी त्रुटि के कारण इतना बड़ा विवाद उत्पन्न हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना के प्रति उनके मन में सदैव गहरा सम्मान रहा है और आगे भी रहेगा। सार्वजनिक जीवन में रहते हुए शब्दों की मर्यादा अत्यंत आवश्यक होती है और इस घटना से उन्होंने आत्ममंथन किया है।

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसा, छह की मौत

## तेज रफ्तार कंटेनर ने स्लीपर बस से उतरे यात्रियों को रौंदा



मथुरा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के सुरीर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के तेज रफ्तार कंटेनर ने स्लीपर बस से उतरकर खड़े यात्रियों को रौंद दिया। इस हादसे में छह यात्रियों की मौत हो गई, जबकि एक यात्री घायल है। पुलिस ने सभी मृतकों की शिनाख्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार मृतकों में औरैया के एरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती जिले के ग्राम भेलबल निवासी देवेश, कन्नौज निवासी असलम, दिल्ली निवासी संतोष, औरैया निवासी अनुराग और फिरोजाबाद निवासी प्रमोद के रूप में हुई है। घायल औरैया निवासी शिवकांत को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतकों की शिनाख्त उनके दस्तावेजों से करते हुए घटना की जानकारी परिवार को दे दी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि दिल्ली के नांगलोई से स्लीपर बस यात्रियों को लेकर कानपुर देहात के रसूलाबाद के लिए रवाना हुई थी।जब बस सुरीर क्षेत्र के माइल स्टोन 88 के पास पहुंची तो कुछ यात्रियों ने लघुशंका जाने के लिए बस रुकवाई। बस चालक ने यात्रियों को सुरक्षित ग्रीन जोन में न रोककर सड़क के किनारे ही बस खड़ी कर दी। बस से कुछ यात्री नीचे उतरकर किनारे खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले तो बस को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े यात्रियों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया। उन्होंने बताया कि हादसा दोनों वाहन चालाकों की लापरवाही की वजह से हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत यात्रियों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं।

### स्पष्टता | देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता

# रूस से तेल खरीद पर भारत अपने रुख पर कायम




एजेंसी, नई दिल्ली। अमेरिका के बार–बार किये जा रहे इन दावों कि भारत अब रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा के बीच भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है।

सरकार इस मामले में हां या नहीं के रूप में जवाब देने से बचती रही है। रूस से तेल खरीदने के मामले में वाणिज्य मंत्रालय सवालों को विदेश मंत्रालय के पाले में डाल देता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को इस सवाल के जवाब में कहा कि इसका उत्तर विदेश मंत्रालय देगा। मीडिया की ओर से बार–बार यह सवाल पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को एक बार फिर गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में इस सवाल के जवाब में दिये गये वक्तव्य को ज्यों की त्यों दोहरा दिया। भारत का यह बयान अमेरिका द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में उस पर लगाये गये 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क को हटाने के बाद आया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है देशवासियों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाजार परिस्थितियों तथा बदलते अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों को ध्यान में रखकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना उसकी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने कई अवसरों पर सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बाज़ार परिस्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाना हमारी रणनीति का मूल आधार है। भारत के सभी कदम इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उठाये गए हैं और आगे भी लिए जाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के साथ अंतरिम व्यापार समझौते की घोषणा के बाद से अमेरिका कहता रहा है कि भारत ने रूस से तेल की खरीद बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है।

अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए पिछले साल अगस्त में भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत दंडात्मक आयात शुल्क शनिवार को हटा लिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया। यह आदेश प्रभावी हो गया है। आदेश में उन्होंने कहा कि मुझे भारत के प्रयासों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से अतिरिक्त जानकारी और सिफारिशें प्राप्त हुई हैं। विशेष रूप से, भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जतायी है। उसने बताया है कि वह अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों की खरीद करेगा, और हाल ही में उसने अगले 10 वर्षों में रक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए अमेरिका के साथ एक फ्रेमवर्क पर सहमति व्यक्त की है।

# इटियाथोक बिसुही पुल निर्माण को लेकर चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



आज राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं के द्वारा इटियाथोक बाजार बिसुही पुल को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें हजारों लोगों ने समर्थन में हस्ताक्षर किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडे ने बताया कि यह पल बहुत ही पुराना व जर्जर है और इसी रास्ते से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी इसी रास्ते से आए गए हैं तथा तमाम छात्र व अधिकारी इसी रास्ते से प्रतिदिन आते जाते हैं और कभी भी यह पुल गिर सकता है वह बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती इसलिए घटना घटित होने से पूर्व में ही इस पुल का निर्माण किया जाना बहुत ही आवश्यक है इटियाथोक निवासी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि मैं बैंक में काम करता हूं और प्रतिदिन इसी रास्ते से जाना होता है और पुल पर घंटे जाम लगा रहता है बहुत परेशानी आती है तथा बच्चों को स्कूल भी जाना पड़ता है और स्कूल की बस भी इस जाम की वजह से लेट हो जाती है और कभी भी यह पुल गिर सकता है तो सरकार से मेरा निवेदन है कि स्कूल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए, इस अवसर पर युगांक उमंग मिश्रा,नौशाद, अहमद, अभिषेक, भूपेंद्र, रिजवान, सूफियान, संदीप, उमेश, सिर्ताज, शिव मणि, मोहम्मद आसिफ आदि लोग मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण संपन्न

**मनकापुर/ गोंडा समृद्धि न्यूज़।**



सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा विकासखंड वजीरगंज के कृषकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने कृषकों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने का आवाह्न किया । उन्होंने बताया कि कृषि रसायनो का अंधाधुंध प्रयोग बंद कर मृदा परीक्षण की संस्तुति के आधार पर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करें । उन्होने कद्दू वर्गीय सब्जियों की वैज्ञानिक खेती, आम एवं लीची की बागवानी,मृदा परीक्षण, हरी खाद की खेती, फसल अवशेष प्रबंधन आदि,डॉ. दिनेश कुमार पांडे ने फल एवं सब्जी पौध उत्पादन तकनीक, फल परिरक्षण खेती में उन्नतशील कृषि यंत्रों का प्रयोग आदि की जानकारी दी । इस अवसर पर मदन यादव बीटीएम, शिवा कृषि तकनीकी संस्थान के वीबी सिंह, नित्यानंद शुक्ला साहित प्रगतिशील कृषकों लोकराज सिंह, प्रेम नारायण, राज बहादुर सिंह, राजकुमार यादव,मोनू,सुधाकर तथा प्रगतिशील महिला कृषकों लक्ष्मी देवी, कामिनी, उर्मिला देवी आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

### संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत सीडीओ ने ब्लॉक मनकापुर में समस्त कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा अंकिता जैन ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत विकासखण्ड मनकापुर स्थित सभी कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा सभी कार्यालयों में अभिलेखों (रिकॉर्ड्स) को सुव्यवस्थित ढंग से संधारित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान परिसर में संचालित जन आधार केंद्र में शासन द्वारा निर्धारित जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गमन शुल्क का स्पष्ट अंकन दीवारों पर प्रदर्शित नहीं पाया गया, जिस पर खंड विकास अधिकारी, मनकापुर को तत्काल शुल्क विवरण प्रदर्शित कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# पुलिस अधीक्षक ने स्वाट टीम को किया भंग



**प्रभारी समेत दस पुलिस कर्मियों को किया गया लाइन हाजिर**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले में कई आपराधिक घटनाओं का खुलासा न कर पाने के कारण पुलिस अधीक्षक ने स्वाट टीम को भंग कर दिया है। टीम के प्रभारी निरीक्षक सहित दस पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई पयागपुर में हुए जगदेव हत्याकांड सहित कई अन्य मामलों का खुलासा न होने के चलते की गई है। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने शनिवार को स्वाट टीम प्रभारी मनोज यादव, उपनिरीक्षक सर्वजीत गुप्ता और राशिद अली खान को लाइन हाजिर किया। इनके साथ मुख्य आरक्षी अजीत चंद्र सिंह और आरक्षी राहुल वाजपेयी, अमित कुमार यादव, अंकुर यादव, विष्णु प्रताप सिंह, संतोष कुमार यादव तथा बजरंगी राय को भी तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है ।

# लायंस क्लब गोंडा सेवा ने किया 75 लोगों का नेत्र परीक्षण




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा वृद्ध आश्रम पहुंचकर वहां मौजूद 75 लोगों का नेत्र परीक्षण एवं सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें उन्हें शुगर, बीपी एवं अन्य रोगों की निःशुल्क जांच कराकर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई और फलों का वितरण भी किया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय गोविंद, नेत्र परीक्षण अधिकारी कमल श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रेम दयाल आदि के द्वारा आश्रम में उपस्थित वृद्धों का नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सीय परीक्षण कराया गया एवं लायंस क्लब गोंडा सेवा द्वारा जिला चिकित्सालय को ढाई सौ चश्मा भी निःशुल्क दिए गए कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद मरीजों को मिलने वाले चश्मे में सहूलियत हो।

कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब गोंडा सेवा से लायन चंद्रकेश मिश्रा, लायन राजकुमार जायसवाल, लायन अजय मित्तल, लायन डॉक्टर केके मिश्रा, लायन अमित पांडे, लायन राजीव अग्रवाल, लायन आलोक सिन्हा, लायन विवेकमणि श्रीवास्तव, लायन अरविंद श्रीवास्तव गप्पू, लायन मयंक टंडन, लायन नितिन वाधवानी, लायन आनंद प्रकाश पांडे आदि उपस्थित रहे।

# तहसील पयागपुर में वृहद विधिक सहायता शिविर हुआ आयोजित

**सैकड़ो लाभार्थियों को विभागों के माध्यम से प्रदान की गई सेवाएं**

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में जनपद अंतर्गत तहसील मुख्यालय पयागपुर पर वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ो लाभार्थियों को विभिन्न स्तर विभागों के स्थान के माध्यम से सेवाएं प्रदान की गई। जिनमे निर्धन वर्ग दिव्यांगजन बच्चों महिलाओं श्रमिकों अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए सरकार के विभिन्न विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार लाभार्थियों का चिन्ह्यांकन एवं योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपजिलाधिकारी पयागपुर अश्वनी पाण्डेय, तहसीलदार अम्बिका चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी, सीएचसी अधीक्षक धीरेन्द्र तिवारी,शैलेश आनंद जे ई लघु सिंचाई,विकास राव एपीओ, संदीप तिवारी जेई आरईडी, बीपीएम अनुपम शुक्ल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान स्टालों पर लाभार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी रही शिविर में विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डाक सहायक कुलदीप तिवारी के स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** उपडाकघर ददुआ बाजार में कार्यरत डाक सहायक कुलदीप तिवारी का स्थानांतरण लखनऊ हो जाने पर उपडाकघर परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहकर्मी कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए स्मृति-चिह्न भेंट किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि कुलदीप तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान डाक विभाग की सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका व्यवहार सहयोगात्मक रहा और वे हमेशा विभागीय कार्यों के प्रति सजग एवं जिम्मेदार रहे। इस अवसर पर पूर्व डाक अधीक्षक सूबेदार सिंह,उप पोस्ट मास्टर बड़गांव बी पी सिंह एवं स्वामी विश्वनाथ सिंह उपस्थित रहे।

# हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम उत्सव आयोजित



**कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के बीच हो बेहतर समन्वय**

**फखरपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र गजाधरपुर में बीईओ राकेश कुमार के अध्यक्षता में शनिवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

बीईओ राकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय तथा 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों की बालवाटिका शिक्षा को मजबूत करना है।

सहायक अध्यापक मनोज कुमार ने बुनियादी शिक्षा, स्कूल रेडिनेस, माता उन्मुखीकरण व वंडर बॉक्स के बारे में विस्तृत चर्चा किए।

प्रत्येक कोलोकेटेड आंगनबाड़ी (बाल वाटिका) केंद्र से 5 चयनित निपुण बच्चों को स्टेशनरी किट व लंच पैकेट देकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नोडल शिक्षक संकुल अरुण अवस्थी ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दिया। बीईओ ने अभिभावकों से अपील किया कि बच्चों की शिक्षा में सहयोग जरूर करें।

इस मौके पर एआरपी अनमोल श्रीवास्तव, शिक्षक सुखदराज सिंह, मनोज उपाध्याय, मिथिलेश कुमार मिश्र, माधव सिंह, दीपक राणा सहित कई आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा अभिभावक उपस्थित रहें।

# डीएम के निरीक्षण में आल इज़ वेल मिली तहसील नानपारा की व्यवस्थाएं

**एसडीएम के प्रशासनिक नियंत्रण व कार्यकुशलता की डीएम ने की सराहना**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के उपरान्त जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा तहसील नानपारा का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, भवन एवं परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ तहसील अन्तर्गत संचालित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर न्यायिक कार्यों, वादो का निस्तारण, राजस्व अभिलेखों, वसूली, अभिलेखागार, आईजीआरएस एवं जनसुनवाई इत्यादि व्यवस्था का गहनता से परीक्षण किया गया। एसडीएम न्यायालय में दर्ज वादों की स्थिति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 01 वर्ष से अधिक अवधि का कोई भी वाद लंबित नही है। पत्रावलियों के अवलोकन प्रथम दृष्टया समस्त धाराओं के वादों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण पाया गया। इस स्थिति पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में तहसील नानपारा में प्रशासनिक एवं न्यायिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। डीएम ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के न्यायालयों का निरीक्षण करते हुए प्रचलित वादों का गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की स्थिति बेहतर पायी गयी। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि नियमित रूप से समीक्षा करती रहें जिससे वसूली की प्रगति बनी रहे। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों समीक्षा के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तहसील नानपारा पिछले 06 माह से लगातार आईजीआरएस निस्तारण में जनपद में प्रथम स्थान बनाए हुए है। इस स्थिति पर डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि तहसील प्रशासन की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं शिकायतकर्ता संतुष्टि को दर्शाती है। निरीक्षण में दौरान नजारत पटल, राजस्व लिपिक पटल, संग्रह कार्यालय, अभिलेखागार, निर्वाचन कार्यालय, वीआरसी कार्यालय आदि तहसील के सभी कार्यालयों एवं पटलों का कार्य व्यवस्थित एवं अद्यतन पाया गया साथ ही तहसील परिसर एवं भवन की साफ-सफाई भी संतोषजनक पाई गई। कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों का संधारण एवं कार्य निष्पादन पर डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

## खबरें एक नजर में

### विराट दंगल में नूरा और रानी पहलवान की जीत, सोनू-साहिल मुकाबला बराबरी पर



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर के फक्कड़दास चौराहे पर आयोजित प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अपने दमखम और दांव-पेच का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को देखने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से भारी संख्या में दर्शक पहुंचे और पूरे समय उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। दंगल का पहला मुख्य मुकाबला नूरा पहलवान (जम्मू-कश्मीर) और अमित पहलवान के बीच हुआ। मुकाबले के दौरान दोनों पहलवानों ने जोरदार पकड़ और बचाव का प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में नूरा पहलवान ने शानदार काला जंग दांव लगाकर अमित को चित कर दिया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत पर दर्शकों ने तालियों और नारों से उनका जोरदार स्वागत किया। दूसरा मुकाबला सोनू पहलवान (मेरठ) और साहिल पहलवान के बीच हुआ। दोनों पहलवानों ने पूरे समय बराबरी का संघर्ष किया और कोई भी निर्णायक बढ़त नहीं बना सका। अंततः निर्णायकों ने मुकाबले को बराबरी पर समाप्त घोषित किया, जिसे दर्शकों ने भी सराहा। महिला वर्ग का मुकाबला भी बेहद रोमांचक रहा।

रानी पहलवान (बलरामपुर) और लाडो पहलवान (दिल्ली) के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों ने कई बार एक-दूसरे को पटखनी देने की कोशिश की, लेकिन अंत में रानी पहलवान ने शानदार तकनीक और संतुलन का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

स्थानीय खिलाड़ी की जीत से दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि दंगल प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक खेल कुश्ती को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना है। प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

पूरे कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही और हर दांव-पेच पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही, जिससे पूरा मैदान खेल भावना और उत्साह से भर उठा।

# जनपद में आज वृहद चिकित्सा शिविर का होगा आयोजन

**केडीसी महाविद्यालय में होगा चिकित्सा शिविर का आयोजन**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 के अंतर्गत रविवार को नगर के किसान डिग्री कॉलेज परिसर में मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन होगा। यह जानकारी मेगा स्वास्थ्य कैंप के संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कैंप शुभारंभ प्रातः9:30 से बजे होगा। मेगा स्वास्थ्य कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक कौशल,मुख्य वक्ता राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश शासन सतीश शर्मा उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज बहराइच के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ संजय खत्री करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय,एनएममो अध्यक्ष डॉ विजय कुमार, उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह, निदेशक लोहिया संस्थान लखनऊ प्रोफेसर सी एम सिंह,सीएमओ डॉ संजय कुमार, निर्देशक जेएसवी हुंडई जतिन वर्मा, वाइस चेयरमैन सरदार पटेल डेंटल कॉलेज लखनऊ श्लोक सिंह उपस्थित रहेंगे। नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष डॉक्टर सारिका साहू ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में केजीएमयू, आरएमएल, एसजी पीजीआई, महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ-साथ जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रीना केडिया डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी डॉ सुगुणा वर्मा ,डॉ वीना टंडन ,डॉ अतुल टंडन ,डॉ एके तिवारी, डॉ सोमनाथ मौर्य, डॉ संगीता मौर्य, डॉ पूजा , डॉ पुनीत मेहता, डॉ दीपिका मेहता, डॉ महेश अग्रवाल, डॉ मोहित अग्रवाल, डॉ छाया श्रीवास्तव, डॉ त्रिलोकी विश्वकर्मा, डॉ संदीप,डॉ मोहम्मद दानिश अपनी सेवाएं देंगे।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ जिले में अभियान

**जिला प्रशासन ने दुकानों पर की छापेमारी, बिक्री न करने की हिदायत दी**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बहराइच जिला प्रशासन और पुलिस महकमे ने चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चलाया। नगर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी पतंग की दुकानों पर छापेमारी की गई और प्रतिबंधित मांझे की बिक्री न करने की हिदायत दी गई। यह छापेमारी जिले के जरवल, हुजूरपुर, नगर कोतवाली, नानपारा समेत नगर के ब्राह्मणीपुरा और चौक बाजार जैसे कई इलाकों में की गई। इस दौरान पतंग विक्रेताओं से प्रतिबंधित मांझे की तलाश की गई। दुकानदारों ने अधिकारियों को बताया कि वे चीनी मांझे की बिक्री नहीं कर रहे हैं। नगर कोतवाल प्रदीप सिंह ने सभी पतंग विक्रेताओं को सख्त हिदायत दी कि वे चाइनीज मांझे की बिक्री या भंडारण न करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई ऐसा करता पाया गया, तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान पतंग दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न




**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश**

तहसील बलरामपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा आमजन की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पूर्व में निस्तारित प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा स्पष्ट किया कि केवल कागजी निस्तारण नहीं, बल्कि वास्तविक एवं स्थायी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। इंटर-विलेज कनेक्टिविटी के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र पंचायत निधि के माध्यम से खड़ंजा एवं इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाएं, जिससे ग्रामों के बीच आवागमन सुचारु रहे और इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त न हो। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, राजस्व एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं तथा इसकी नियमित निगरानी संबंधित अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से की जाए। उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में तहसील उतरौला एवं तुलसीपुर में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जहां प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही प्रारम्भ कराई गई।

इस दौरान उपजिलाधिकारी बलरामपुर, क्षेत्राधिकारी बलरामपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल युवक की 17 दिन बाद मौत, परिवार में मचा कोहराम

**उतरौला (बलरामपुर)।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की 17 दिनों तक चले इलाज के बाद मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। जैसे ही मौत की खबर परिजनों तक पहुंची, घर में कोहराम मच गया और मोहल्ले में मातम का माहौल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 20 जनवरी को मोहल्ला रफी नगर निवासी 20 वर्षीय वहीद पुत्र अब्दुल मोईद उतरौला बाजार स्थित मुंसिफ मोड़ के पास सड़क किनारे खड़ी अपनी बाइक की डिग्गी में किराने का सामान रख रहे थे। उसी दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक पर सवार विशाल, अमित और सुमित ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वहीद सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पहले स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार कराया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उन्हें गोंडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में लगातार उपचार चलता रहा। करीब 17 दिनों तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद शुक्रवार शाम 18वें दिन वहीद ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शनिवार को भारी गमगीन माहौल में युवक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और रिश्तेदार मौजूद रहे।

# सीएम ने रमाबाई अंबेडकर की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**शिक्षित व जागरूक समाज के निर्माण में सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति, नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर का योगदान सदैव रहेगा प्रेरणादायी : सीएम**





लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई प्रमुख नेताओं ने शनिवार को रमाबाई आंबेडकर की जयंती पर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि सेवा, समर्पण और त्याग की प्रतिमूर्ति, नारी चेतना की सशक्त प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, शिक्षित व जागरूक समाज के निर्माण में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, महिला सशक्तिकरण की आदर्श प्रतीक एवं सामाजिक समानता की प्रबल पक्षधर माता रमाबाई आंबेडकर जी की जयंती पर सादर नमन। चौधरी ने कहा, सुशिक्षित एवं सक्षम समाज के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान सदैव याद रखा जाएगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में कहा, महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत, त्याग एवं अदम्य साहस की प्रतीक माता रमाबाई आंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन! मौर्य ने पोस्ट में कहा, विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा, आत्मसम्मान और सामाजिक चेतना के लिए उनका संघर्ष नारी शक्ति और दृढ़ संकल्प की एक प्रेरक मिसाल है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने एक्स खाते पर पोस्ट में कहा, महिला सशक्तिकरण की आदर्श प्रतीक, सामाजिक समानता व सद्भाव की प्रबल पक्षधर माता रमाबाई आंबेडकर जी की जयंती पर शत शत नमन। भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव आंबेडकर की पत्नी रमाबाई का जन्म सात फरवरी 1898 को रत्नागिरि में हुआ था। अप्रैल 1906 में उनका विवाह भीम राव आंबेडकर से हुआ था।

# कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति लागू : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ है और गुंडे-माफियाओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में एक लाख लोगों के लापता होने संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पुलिस अभिलेखों में गुमशुदगी और बरामदगी दोनों का विधिवत पंजीकरण किया जाता है। पुलिस को स्पष्ट निर्देश हैं कि कानून-व्यवस्था से कोई खिलवाड़ न कर सके और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय मानकों पर उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन बेहतर है।

बसपा अध्यक्ष मायावती द्वारा ब्राह्मण समाज के संबंध में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री सिंह ने कहा कि किसी भी वर्ग के सम्मान पर आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि एक वेब सीरीज के निर्माता के विरुद्ध कथित आपत्तिजनक प्रस्तुति को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के प्रति अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं की जाएगी। दिल्ली में निर्माण कार्य के दौरान हाल में हुई दो मौतों के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वहां संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है और जांच के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े प्रावधान किए जाएंगे। मैनपुरी जिले के बेवर में ट्रॉमा सेंटर अब तक शुरू न होने के संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी इस विषय में शासन को अवगत कराएं। उन्होंने अपने स्तर से ट्रॉमा सेंटर शीघ्र शुरू कराने का प्रयास करने की बात कही। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्रीय बजट में प्रत्येक जिले में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय बजट पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि इसमें सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों को बोलने का अवसर न मिलने संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि संसद और विधानमंडल की कार्यवाही अध्यक्ष एवं सभापति के निर्देशों तथा निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित होती है।

## खबरें एक नजर में

### पेड़ काटते समय युवक की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में पेड़ काटते समय नीचे गिरने से एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोसाईंगंज में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामे की कोशिश की। इस पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाकर मना लिया और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, तिलक चंद नामक युवक पेड़ की कटाई कर रहा था, तभी वह अचानक नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत गोसाईंगंज सीएचसी ले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इंजेक्शन लगाए जाने के तुरंत बाद तिलक चंद की हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया। उन्होंने इलाज में लापरवाही की निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। मामले की जांच जारी है। मृतक तिलक चंद्र के परिवार में उनकी पत्नी रेनू देवी और तीन बच्चे हैं।

### यूजीसी के समर्थन में सुहेलदेव आर्मी का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** राजधानी में सुहेलदेव आर्मी के कार्यकर्ताओं ने यूजीसी के समर्थन में विधानसभा का घेराव करने की कोशिश की। शनिवार को बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए यूजीसी को जल्द लागू करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान हालात बिगड़ते देख पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला। सुहेलदेव आर्मी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी ने बताया कि शनिवार को हमने अपने कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा के बाहर एकत्र हुए और यूजीसी के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना था कि यूजीसी को तुरंत लागू किया जाए ताकि उच्च शिक्षा में समानता और न्याय सुनिश्चित हो सके। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़ने और प्रदर्शन के उग्र होने की आशंका को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को विधानसभा की ओर बढ़ने से रोका और उन्हें नियंत्रण में रखने की कोशिश की। पुलिस ने हालात बिगड़ने से पहले कार्रवाई करते हुए सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद उन्हें पुलिस वैन के जरिए ईको गार्डन भेज दिया गया, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस कार्रवाई के बाद विधानसभा के सामने स्थिति पूरी तरह सामान्य हो गई है। एहतियातन पुलिस बल अब भी मौके पर तैनात है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

### जिम में महिला वकील को पीटा, बचाने आई बहन के सिर पर मारी बोतल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर इलाके में जिम के अंदर महिला वकील के साथ मारपीट और अभद्रता की गई। पीड़िता का आरोप है कि जिम में विवाद के बाद कुछ लोगों ने गाली-गलौज की और सोने की चेन तोड़ने की कोशिश की। उनकी बहन पर स्टील की बोतल से हमला किया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। वैशाली इन्क्लेव इंदिरा नगर निवासी महिला हाईकोर्ट में वकील हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 7.30 से 8 बजे के बीच वह अपनी छोटी बहन के साथ पॉलिटेक्निक स्थित ओलंपिया जिम में एक्सरसाइज करने गई थीं। इसी दौरान एक्सरसाइज को लेकर मनीषा नाम की महिला से कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते गाली-गलौज में बदल गई। इसके बाद मनीषा जिम से निकल गई। कुछ देर बाद मनीषा विशाल नाम के युवक और चार अन्य लोगों के साथ जिम में वापस आई। आरोप है कि सभी ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आई उनकी छोटी बहन को भी पीटा गया।

### मलिहाबाद तहसील दिवस में भड़के वकील, हड़ताल की दी चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** मलिहाबाद में शनिवार को तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। अधिकांश शिकायतें राजस्व, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग से संबंधित थीं। इसी तहसील दिवस में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने एसीपी कोर्ट के संचालन और उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 76 के तहत लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे की मांग की। बार एसोसिएशन के अनुसार, पिछले लगभग पांच सालों से एसीपी कोर्ट का संचालन नहीं हो रहा है। इससे दूर-दराज के ग्रामीण निवासियों और आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनमें काफी रोष है। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 की धारा 76 की उपधारा (2)-(3) के स्पष्ट प्रावधानों की अनदेखी की जा रही है। इस प्रावधान के तहत, 5 वर्ष की अवधि समाप्त होने पर असंक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर संक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर हो जाता है। वर्तमान में धारा 76 के तहत बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और समस्त अधिवक्ताओं की एक संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है। यदि 48 घंटों के भीतर लिखित आश्वासन नहीं मिलता है, तो 9 फरवरी 2026 को तहसील मलिहाबाद स्थित सभी राजस्व न्यायालयों का बहिष्कार किया जाएगा। इसके बाद, 10 फरवरी 2026 से सभी राजस्व न्यायालयों में हड़ताल शुरू की जाएगी। इस दौरान, समाज से यूसुफनामक व्यक्ति ने पीडब्ल्यूडी विभाग से संबंधित एक प्रार्थना पत्र भी दिया, जिसमें उन्होंने सड़क निर्माण कराए जाने की बात कही। तहसील दिवस में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बजरंग दल की दो दिवसीय अखिल भारतीय बैठक का शुभारंभ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



लखनऊ के एस.आर. इंस्टीट्यूट में बजरंग दल की दो दिवसीय अखिल भारतीय बैठक का शनिवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे, संत रामशरण दास महाराज और इंस्टिट्यूट के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापति, विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह और देश भर से आए बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिलिंद परांडे ने कहा कि देश में जिहादी हिंसा का मुद्दा लगातार बढ़ रहा है। कुछ लोग हिंसा के आधार पर हिंदू समाज को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हिंदू समाज इस गलतफहमी को दूर करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि देश में सर्वाधिक गौ-रक्षा का कार्य बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया है। अब बजरंग दल के कार्यकर्ता मतांतरण रोकने के कार्य में भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि बजरंग दल ने निश्चय किया है कि हम युवाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनायेंगे। पिछले वर्ष 14 हजार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा गया है। हमारा लक्ष्य है कि हर विभाग में इस प्रकार का काम खड़ा हो। देश में 34 लाख युवा बजरंग दल से जुड़े हैं। इस वर्ष 01 करोड़ से अधिक हित चिंतक बनाये जायेंगे।

परांडे ने युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता जताते हुए कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर-नवंबर में प्रत्येक राज्य में पांच हजार से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई स्थानों पर 'रन फॉर हेल्थ' जैसे कार्यक्रम भी हुए हैं। आगे भी इस विषय पर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजरंग दल का उद्देश्य ऐसा हिंदू युवा तैयार करना है जो सद्गुणों से युक्त, शक्तिसंपन्न और चरित्रवान हो। इसी उद्देश्य से बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन करता है।

उन्होंने कहा कि आगामी जनगणना के दौरान हिंदू समाज को अपनी पहचान स्पष्ट रूप से 'हिंदू' लिखना चाहिए। इस विषय पर बजरंग दल जन-जागरण अभियान चलाएगा, क्योंकि कुछ लोग यह भ्रम फैला रहे हैं कि हिंदुओं को स्वयं को हिंदू नहीं लिखना चाहिए।

विहिप के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने बताया कि इस बैठक में देशभर के सभी राज्यों से बजरंग दल की प्रांत स्तरीय टोली के कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। इन बैठकों में हिंदू समाज के सामने मौजूद संकटों और चुनौतियों पर गंभीर चर्चा की जाती है।

# नगर आयुक्त ने प्लास्टिक व गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश


लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को नगर निगम लखनऊ द्वारा शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को स्वच्छ शहर के प्रति जागरूक करना रहा।जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव के निर्देशानुसार जोन-03 क्षेत्र के अंतर्गत केशव नगर मोड़ से सेंट जोसेफ स्कूल तक मुख्य मार्ग पर विशेष रोकथाम अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 11 चालान जारी किए गए, जिनसे 8,550 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग पाए जाने पर 7 चालान किए गए, जिनसे 8,500 रुपये की धनराशि वसूल की गई।इस प्रकार कुल 17 चालानों के माध्यम से 17,050 रुपये का जुर्माना वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में गंदगी न फैलाने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने की सख्त हिदायत भी दी गई।

# यूपी में बिजली आपूर्ति में सुधार, पीक ऑवर में भी नहीं होती बिजली कटौती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



**बिजली उपलब्धता से निवेश, एमएसएमई व रोजगार सृजन को बढ़ावा**

उत्तर प्रदेश में बिजली संकट अब बीते दौर की बात बन गई है। उत्तर प्रदेश ने बिजली की कमी से जूझने वाले राज्य की छवि को पीछे छोड़ते हुए ऊर्जा स्थिरता और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है और अब यह लगभग शून्य के स्तर पर पहुंच गया है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है, एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं।आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता 1 लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी। योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखने लगा। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति 1 लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से लगभग खत्म हो गई है।राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग (पीक ऑवर) के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली।

जर्जर लाइनों को बदला गया,ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया। इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है।

# डील कभी एकतरफा नहीं होती : अखिलेश यादव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

**अखिलेश यादव का बीजेपी पर तीखा हमला, कहा- भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि देश की जनता भाजपा से साफ तौर पर पूछ रही है कि डील कभी एकतरफा नहीं होती। श

देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए यह बातें कहीं हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा भाजपा यह बताए, कि उसकी समझौता-गणित में शून्य (0) बड़ा है या अठारह (18)-और क्या भाजपा के हिसाब से 18 बराबर 0 हो जाता है। अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि देश के किसानों, दुकानदारों और उद्योगों को बचाने के लिए भाजपा के पास खोखले और जुमलेबाजी भरे शब्दों के अलावा कोई ठोस सुरक्षा-कवच या संरक्षण-योजना है भी या नहीं। आज देश की जनता यह जानना चाहती है कि भारत के हितों के आत्मसमर्पण की मजबूरी के पीछे छिपा हुआ गहरा राज क्या है। क्या यह पूरा मामला बनी वहां, पहुंची यहां जैसा कोई एकपक्षीय सौदा है, जिसमें देश के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या डील के नाम पर भाजपा सरकार को केवल डॉटेड लाइन पर हस्ताक्षर करने के लिए बाध्य कर दिया गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार को देश की जनता के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन कथित समझौतों से आखिर किसे लाभ हो रहा है और आम नागरिक, किसान, व्यापारी व उद्योग जगत को क्या मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीतियां देशहित के बजाय प्रचार और दिखावे तक सीमित रह गई हैं।

# बसपा को कमजोर करने की चल रही लगातार साजिश : मायावती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर लखनऊ में एक अहम बैठक की। उन्होंने कहा कि बसपा को कमजोर करने की साजिश लगातार चल रही है और धर्म व जाति के नाम पर राजनीति की जा रही है, जो देशहित में नहीं है।

इस बैठक में जोनल प्रभारी से लेकर विधानसभा प्रभारी तक शामिल हुए। पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र मिश्रा, उमाशंकर सिंह और आकाश आनंद भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक से पहले मायावती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि जिला और विधानसभा स्तर के बड़ी संख्या में नेता इस बैठक में पहुंचे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि बसपा को कमजोर करने की साजिश लगातार चल रही है और धर्म व जाति के नाम पर राजनीति की जा रही है, जो देशहित में नहीं है। मायावती ने कहा कि लोगों को आपस में लड़ाने की राजनीति से जनता के वास्तविक मुद्दों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सत्ता में बैठी पार्टियां जनहित के काम करने में पूरी तरह विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है, ऐसे में पार्टी को पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरना होगा। बैठक में 2027 की चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई और संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया।


### नगर निगम का कुर्की अभियान, 19 भवन सील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** नगर निगम लखनऊ द्वारा गृहकर बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कुर्की अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जोन-8 क्षेत्र में जोनल अधिकारी के नेतृत्व में की गई, जिसका उद्देश्य बकाया गृहकर की वसूली सुनिश्चित करना और कर अनुपालन को सुदृढ़ करना रहा। अभियान के दौरान वार्ड श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई, इब्राहिमपुर द्वितीय एवं राजा बिजली पासी प्रथम के अंतर्गत कुल 19 भवनों में सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन भवनों पर कुल बकाया गृहकर राशि 27,97,045 रुपये पाई गई। कार्रवाई के दौरान 11 भवनों से 9,45,505 रुपये की धनराशि तत्काल जमा कराई गई, जबकि शेष बकायेदार प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। यह समस्त कार्रवाई जोनल अधिकारी जोन-8 विकास सिंह के निर्देशन में संपन्न हुई।

**उपलब्धि** — वर्ष 2017 से अब तक 523 तटबंधों के निर्माण से 3,869 किमी क्षेत्र बना सुरक्षित

# उत्तर प्रदेश बना देश में बाढ़ प्रबंधन का मॉडल स्टेट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।




बाढ़ सुरक्षा और जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में मॉडल स्टेट के तौर पर सामने आया है। वर्ष 2017-18 से लेकर 2025-26 तक हर साल बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की संख्या, सुरक्षित क्षेत्र और लाभान्वित जनसंख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश के आठ प्रमुख रिवर बेसिन गंगा, यमुना, गण्डक, सरयू, रामगंगा, राप्ती-रोहिन, सोन और गोमती नदियों के डूब क्षेत्र में वर्ष 2017 से अब तक 1,950 बाढ़ परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही 3869 किलोमीटर क्षेत्र में 523 तटबंधों का निर्माण किया गया है, जिससे प्रदेश की लगभग 3.72 करोड़ से अधिक आबादी प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित हुई है, साथ ही प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ आधार प्राप्त हुआ है। वर्ष 2021-22 से बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में निरंतर वृद्धिराज्य सरकार के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से वर्ष 2017-18 में जहां 74 बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं संचालित की गई थीं, जिनकी संख्या वर्ष 2018-19 बढ़कर 111 हो गई। जिसके चलते प्रदेश में बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र 0.65 लाख हेक्टेयर से बढ़कर लगभग 1.88 लाख हेक्टेयर पहुंच गया और इससे लाभान्वित जनसंख्या बढ़कर 22.03 लाख पहुंच गई। इसी क्रम में वर्ष 2019-20 में 151 और वर्ष 2020-21 में 196 परियोजनाओं के माध्यम से क्रमशः 2.88 और 5.01 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ से सुरक्षा प्रदान की गई। वहीं वर्ष 2021-22 में 167 परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र दोगुना बढ़कर 10.90 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। जिससे प्रदेश के 46.26 लाख लोगों को प्रत्यक्ष तौर पर राहत प्रदान की। वर्ष 2023-24 में सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा बाढ़ सुरक्षा कार्य प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं को निरंतर प्रगति देते हुए वर्ष 2022-23 में 283 परियोजनाओं के जरिए 3.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ सुरक्षा प्रदान की गई। वर्ष 2023-24 में प्रदेश में बाढ़ सुरक्षा कार्यों ने अब तक का सर्वोच्च स्तर छुआ। इस वर्ष 362 परियोजनाओं ने 10.79 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान की, जिससे 68.97 लाख लोगों को राहत मिली। वहीं वर्ष 2024-25 में 321 परियोजनाओं के संचालन से 4.97 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बाढ़ सुरक्षा प्रदान की गई। इसी क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 285 परियोजनाओं के माध्यम से बाढ़ सुरक्षित क्षेत्र में 4.33 लाख हेक्टेयर वृद्धि की गई और 55.69 लाख आबादी को बाढ़ सुरक्षा प्रदान की गई है। विभाग की इन परियोजनाओं के सफल संचालन से प्रदेश में लगभग 3.72 करोड़ से अधिक आबादी प्रत्यक्षतौर पर लाभान्वित हुई है। रिकार्ड संख्या में तटबंधों के निर्माण से हुआ प्रभावी बाढ़ नियंत्रण प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण और रिवर बेसिन में रहने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 से अबतक 3,869 किलोमीटर की लंबाई के 523 तटबंधों का निर्माण किया गया है। इस क्रम में बाढ़ से प्रभावित बलिया, देवरिया, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बहराइच, कुशीनगर सहित अनेक जिलों में कटान-रोधी एवं तटबंध सुरक्षा कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अतिरिक्त विभाग प्रदेश में 60,047 किमी की लगभग 10,727 ड्रेनेज परियोजनाओं का भी संचालन करता है। राज्य सरकार की इन निरंतर पहलों ने उत्तर प्रदेश को जल प्रबंधन और बाढ़ सुरक्षा के क्षेत्र में देश के मॉडल राज्य के रूप में स्थापित किया है।

# भाजपा नेता जीशान हैदर ने तीन तलाक कानून के दुरुपयोग का उठाया मुद्दा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखा पत्र**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जीशान हैदर ने मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 के कथित दुरुपयोग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि तीन तलाक के खिलाफ लाया गया यह कानून मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन कुछ स्थानों पर इसके दुरुपयोग की शिकायतें सामने आ रही हैं। पत्र में भाजपा नेता जीशान हैदर ने उल्लेख किया है कि कई मामलों में पारिवारिक विवादों को आपराधिक मामलों में बदल दिया जा रहा है, जिससे निर्दोष लोगों को अनावश्यक कानूनी और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कानून का उद्देश्य महिलाओं को न्याय और सुरक्षा देना है, न कि पारिवारिक संस्थाओं को कमजोर करना या सामाजिक तनाव बढ़ाना।भाजपा नेता ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि इस कानून के क्रियान्वयन की समीक्षा कराई जाए, ताकि इसके मूल उद्देश्य को बनाए रखते हुए दुरुपयोग की संभावनाओं को रोका जा सके।

उन्होंने सुझाव दिया कि उचित दिशानिर्देश जारी किए जाएं और जांच की प्रक्रिया को और अधिक संतुलित व संवेदनशील बनाया जाए, जिससे पीड़ित महिलाओं को न्याय मिले और निर्दोष व्यक्तियों को उत्पीड़न से बचाया जा सके।

जीशान हैदर ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार इस गंभीर विषय पर आवश्यक कदम उठाएगी और कानून की मंशा के अनुरूप सामाजिक न्याय एवं पारिवारिक संतुलन सुनिश्चित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### चीनीमिल गेट के बाहर से ट्रेक्टर ट्राला चोरी

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** चीनीमिल में गन्ना तौल कराकर सेंटर के ट्रेक्टर ट्राला को काटे के बाहर से बाइक से आए युवकों ने गायब कर दिया । घटना क्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई । पीड़ित ने कोतवाली में ट्रेक्टर ट्राला चोरी की तहरीर देकर बरामद करने की गुहार लगाई है । वहीं सीसीओ दामिनेश राय ने बताया कि गन्ना लेन देन का मामला है । इस से मिल का कोई सरोकार नहीं है । मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव कुमिरिखा निवासी विपिन पटेल ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सेंटर से गन्ना लेकर चीनीमिल आया था । गन्ना तुलबाने के बाद जिसे मिल गेट के बाहर खड़ा कर दिया । किसी ने चोरी कर लिया है । पीड़ित के साथ आए गन्ना ढुलाई ठेकेदार विनीत गंगवार ने बताया कि उसके अंडर में चोरी गया ट्रेक्टर ट्राला चोरी जाने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है । शुक्रवार सुबह लगभग 10:58 बजे ट्राला के जाते व्यक्ति देखा गया है। चोरी गया स्वराज 735 ट्रैक्टर ट्राला विपिन के बाबा रामपाल पुत्र द्वारका प्रसाद के नाम है। प्रभारी कोतवाल प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### एंटी करप्शन इंस्पेक्टर सड़क हादसे में हुए घायल



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पर अज्ञात वाहन से टकराकर एंटी करप्शन इंस्पेक्टर घायल हो गए । सीएचसी पर प्राथमिक उपचार पश्चात जिला अस्पताल रेपर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र में हाईवे स्थित ग्राम धनेला के समीप अज्ञात वाहन से टकराकर एक स्विफ्ट कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर जमा हुए राहगीरों ने गाड़ी में सवार व्यक्ति को बाहर निकाला। घायल होने वाले एंटी करप्शन विभाग के इंस्पेक्टर रामलाल पांडे पुत्र उमाशंकर पांडे निवासी ग्राम मदनपुर थाना कुरैना जनपद संत रविदास नगर के थे । घायल रामलाल पांडे ने कोतवाली आकर में इस्तफाकिया सूचना दर्ज कराई । और उपचार के लिए सीएचसी पहुंचे । सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### समाधान दिवस में एसडीएम व सीओ ने सुनी समस्याएं

**47 शिकायतें में से 11 का मौके पर निस्तारण हुआ**



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** एसडीएम सदानंद सरोज की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें दर्ज कराई गई । जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। फरवरी माह के प्रथम शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम सदानंद सरोज की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम व सीओ ज्योति यादव ने फरियादियों को सुना। एसडीएम ने अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी पीड़ित की समस्या के निस्तारण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। आयोजन में आपूर्ति,राजस्व,पुलिस,वन विभाग आदि से संबंधित समस्याओं को लेकर 47 लोग अधिकारियों के समक्ष पहुंचे । जिनमें से ग्यारह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया । शेष 36 शिकायतें संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश के साथ सौंप दी गई । इस मौके पर तहसीलदार दीपेंद्र कुमार , नायब तहसीलदार मनु माथुर , पूनम मधुकर , आपूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार , मनीष यादव समेत तमाम अधिकारी व प्रभारी आदि मौजूद रहे।

### आजादी के बाद कभी बना ही नहीं जाति प्रमाण पत्र

**शासन की सूची में भी दर्ज नहीं है पीढ़ियों की जाति**

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** देश की आजादी से अब तक नहीं बनवाया जाती प्रमाण पर एसआईआर में नोटिस पर पड़ी जरूरत तो दर्जनों महिलाएं व पुरुष पहुंच गए समाधान दिवस और बनवाने की गुहार । एसडीएम ने ईओ को मामला रेफर करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं । नगर के मोहल्ला बहादुरगंज के पीड़ित परिवारों ने बताया कि आजादी के बाद से आज तक उनका कोई जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है ।



एसडीएम ने मामले को सामान्य तरीके से लेते हुए कहा कि जो कागजात लगते हैं उन्हें लगाकर नियमानुसार बनवाइए । तब पीड़ित महिलाओं के द्वारा बताया गया कि एसआई आर के लिए उन्हें नोटिस भेजे गए हैं । लेकिन उनके परिवारों के सामने समस्या यह है कि आजादी के बाद से आज तक किसी का भी जाति प्रमाण पत्र नहीं बना है । ऐसे में एसआईआर की प्रक्रिया को पूरा कैसे करें।एसडीएम ने तत्काल अधिशासी अधिकारी को यथासंभव कार्यवाही करने का निर्देश किया है। जब जानकारी ली गई तो पता चला कि महिलाओं की बात सही है । और उनकी जाति शासन की किसी सूची में सूचीकृत नहीं हुई है। एसडीएम ने मामला ईओ को रेफर करते हुए 42 महिला और पुरुषों के नाम भेजे हैं । एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि पीड़ित परिवारों की समस्या को समझते हुए अधिशासी अधिकारी को शीघ्र कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

### सीडीओ बोली : निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कराकर रिपोर्ट मुख्यालय भेजें



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** सीडीओ डा.अपराजिता सिंह द्वारा विकास खंड मदनापुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकास खंड कार्यालय में सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए। सीडीओ ने जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित रजिस्टरों की जांच की तथा परिसर में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। कार्यालयों में रखी गई संबंधित पत्रावलियों की जांच की गई एवं सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड के साथ नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही आयुष्मान कार्ड, फार्मा रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के निर्देश भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त परिसर में लगाए गए हरिशंकरी पौधों की उचित देख-रेख सुनिश्चित करने तथा परिसर में बने निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# तहसील पुवायां में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

- अधिकारियों ने सुनीं जनशिकायतें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज**



**पुवायां, शाहजहांपुर।** शनिवार को तहसील पुवायां परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, उपजिलाधिकारी पुवायां, क्षेत्राधिकारी पुवायां एवं तहसीलदार पुवायां ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील क्षेत्र से आए फरियादियों की विभिन्न विभागों से संबंधित 42 शिकायतों और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया और विभागवार अवलोकन किया गया, जबकि शेष लंबित प्रकरणों के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए गए। एसपी ग्रामीण ने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस एवं राजस्व विभाग से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय के साथ त्वरित कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे अपनी समस्याएं सही तथ्यों के साथ और निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप प्रस्तुत करें, ताकि समय से समाधान संभव हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी निरीक्षक थाना सिंधौली, प्रभारी निरीक्षक थाना बंडा, थानाध्यक्ष खुटार, अपराध निरीक्षक थाना पुवायां सहित राजस्व, विकास, विद्युत, ग्राम पंचायत, आपूर्ति आदि विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनता की शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए : सीडीओ

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



सीडीओ डा.अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में तहसील जलालाबाद में सम्पूर्ण समाधान तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस के दौरान सीडीओ ने फरियादियों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं तथा कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। तहसील दिवस में अवैध कब्जा, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन आदि से संबंधित 29 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सीडीओ ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि तहसील दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों पर संबंधित विभागीय अधिकारी गंभीरता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से संतुष्टि का फीडबैक अवश्य लिया जाए। भूमि अथवा कब्जा संबंधी विवादों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर कार्रवाई की जाए।

# आबादी व क्षेत्रफल के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति की जाये : वित्त मंत्री

- महानगर के चौमुखी विकास कार्यों के लिए सर्वसम्मति से पास हुए प्रस्ताव



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** नगर निगम व सदन के सदस्यों द्वारा जनहित की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये कार्यो को तेज गति से कराये जाने के लिए सदन की बैठक समय-समय पर पर आयोजित की जाती है। इसी क्रम में शनिवार को महापौर अर्चना वर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा सदन की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की बोर्ड बैठक में उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य रुप में मूल बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रारम्भिक अवशेष 5000.00 लाख व वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुमानित प्राप्तियां चार अरब पच्चीस करोड़ छियासी लाख इक्यानवे हजार तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुमानित व्यय रुपये चार अरब पन्द्रह करोड पचहत्तर लाख पच्चीस हजार के प्रस्ताव रखे गये, जो सर्वसम्मति से पारित किये गये। बैठक में पार्षदों द्वारा अपने-अपने वाडों में विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु सड़क निर्माण कार्य, प्रकाश व जलापूर्ति की व्यवस्था को बेहतर रखने, स्वच्छता को बेहतर रखने हेतु आबादी के अनुसार कर्मचारियों की नियुक्ति, यातायात को सुगम बनाने हेतु सड़कों पर लोगों द्वारा कर रखे अतिक्रमण को मुक्त रखने के सम्बन्ध में अपने-अपने सुझाव व प्रस्ताव रखे, जिस पर महापौर द्वारा सहमति जताते हुये सभी सुझावों-प्रस्तावों पर अमल करने हेतु सहमति प्रदान की गई। मंत्री ने कहा कि महानगर के वार्डों में आबादी और क्षेत्रफल के अनुसार नगर निगम द्वारा कर्मचारियों की नियुक्ति की जायें, जिससे महानगर को व्यवस्थित ढंग से सफाई कार्य कराया जा सकें, महानगर की सड़कों के किनारे व फुटपॉथ व नाले-नालियों पर लोगों द्वारा कर रखे अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर बल दिया गया। अतिक्रमण हटाये जाने के बावजूद भी यदि अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण किया जायें अथवा यातायात में किसी प्रकार का व्यवधान डाला जायें, तो कम से कम धनराशि रुपये 1000 जुर्माने की प्रक्रिया को अपनाते हुये आवश्यक कार्यवाही की जायें। साथ ही साथ महानगर में स्थित गौशाला की मॉनीटरिंग समय-समय पर किये जाने तथा सदन की बैठक में पास किये गये सुझावों व प्रस्तावों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उस पर अमल किये जाने हेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मंत्री द्वारा कहा गया कि महानगर क्षेत्र में स्थित नाले-नालियों की बेहतर सफाई कराई जायें। प्रकाश व्यवस्था को दुरस्त रखा जायें। पार्षदों से अपील की गई कि वे अपने वार्ड वासियों की सुविधा के दृष्टिगत् अपने वार्ड में सुनयोजित ढंग से विकास कार्यों को कराये। सदन की बैठक में महापौर अर्चना वर्मा, सांसद अरुण कुमार सागर,विधायक अरविन्द कुमार सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, कार्यकारिणी समिति के उप-सभापति वेद प्रकाश मौर्य, कार्यकारिणी के सदस्य, पार्षदगण, नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह आदि मौजूद रहें।

## अवैध प्लाटिंगों पर गरजा प्राधिकरण का बुलडोजर, बाउंड्रीवाल जमीदोंज

- एसडीए सचिव के नेतृत्व में सतवां बुजुर्ग में तीन अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गई

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



जनपद में शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन के एक वर्ष बाद प्राधिकरण के नए सचिव की तैनाती से लगातार प्राधिकरण की निगाहें अवैध कालोनाइजर एवं अवैध प्लाटिंग करने वालों पर टेढ़ी नजर हो चुकी है। नया प्राधिकरण होने के बावजूद सीमित संसाधनों और कर्मचारियों की सीमित संख्या में ही निरंतर प्राधिकरण इस बात पर नजदीकी नजर रख रहा है कि किसी भी दशा में प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत अवैध कालोनियां न बने और न ही अवैध प्लाटिंग हो। जिससे शहर के नियोजित विकास का मार्ग और प्रशस्त हो। इसी क्रम में शनिवार को ग्राम सतवां बुजुर्ग में तीन बड़े अवैध प्लाटिंग को प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में प्राधिकरण एवं पुलिस टीम द्वारा राजस्वकर्मियों के साथ बुलडोजर से निर्माण को ध्वस्त कराते हुए बाउंड्रीवाल तोड़वाकर जमीनदोज कर दिया गया। लगभग तीस हजार वर्गमीटर भूमि पर किए गए अवैध भू प्रयोग के विपरीत प्लाटिंग को पूरे प्राधिकरण के अमले के साथ सचिव द्वारा ध्वस्त कराया गया।इस कार्रवाई में सब इंस्पेक्टर निगोही जूनियर इंजीनियर प्रदीप त्रिवेदी, रमेश चन्द्र वर्मा, कनिष्ठ सहायक अपार कपूर आदि उपस्थित रहे। प्राधिकरण सचिव अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक दशा में प्राधिकरण की सीमा के अंतर्गत अनुमन्य भू प्रयोग अर्थात महायोजना के अन्तर्गत भूमि के अनुसार प्राधिकरण में लेआउट पास कराकर ही प्लाटिग की कार्रवाई कराई जाए, अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण निरंतर ऐसी प्लाटों को तोड़ता रहेगा। भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर प्राधिकरण इस प्रकार की ध्वस्तीकरण में होने वाले खर्च की वसूली भी प्रक्रिया अंतर्गत अवैध कब्जेदार से करेगा। इसी प्रकार कालोनियों को भी अपने द्वारा अनुमन्य सुविधाएं जो मानचित्रों के स्वीकृति के साथ शर्ताधीन हैं का प्रत्येक दशा में अनुपालन करना होगा।

**शहरवासियों से अपील:**

एसडीए सचिव ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि किसी भी प्रकार के निर्माण के पूर्व प्राधिकरण से नियमानुसार मानचित्र स्वीकृत कराएं। यह किसी भी कालोनी या ले-आउट में प्लॉट खरीद रहे हैं तो उसके पूर्व प्राधिकरण से यह अवश्य जानकारी प्राप्त करने की क्या वह कालोनी नियम संगत रूप से बनी है। अवैध प्लॉटिंग अथवा बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्माण आज नहीं तो कल संबंधित व्यक्ति के लिए दुशवारी न पैदा करें, इसलिए प्राधिकरण का सहयोग लें और प्राधिकरण को सहयोग दें।

## श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में गुड लक पार्टी का आयोजन



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** दलेलगंज स्थित श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को फ्रेशर और गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत कालेज प्रधानाचार्य ब्यूटी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर और प्रार्थना के साथ की गई। जूनियर विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सीनियर छात्राओं को तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा हम रहे न रहे कल याद आएंगे, यह पल थीम पर विदाई दी। सीनियर छात्रों के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया। इसमें ग्रुप डांस सोलो डांस रैपवॉक हास्य बैंक एकांकी और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले नाटक वेलकम गीत ने सभी का मन मुक्त कर लिया। विदाई के दौरान कई छात्राएं भावुइ हो गई और अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। कॉलेज में बिताए पल और अनुभव को साझा किया।

## पुष्टाहार व ईसीसी किट भंडार देख सीडीओ ने लगाई फटकार

- ब्लाक व बाल विकास एवं पुष्टाहार दफ्तर का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** डीएम के दिशा निर्देश पर सीडीओ डा.अपराजिता सिंह द्वारा ब्लाक दफतरों का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विकास खंड कार्यालय में सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गया। साथ ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित रजिस्टरों की जांच की गई तथा परिसर में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान कार्यालयों में संधारित संबंधित पत्रावलियों की जांच की गई एवं सभी कर्मचारियों को आईडी कार्ड के साथ नियमित रूप से समय से कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही आयुष्मान कार्ड, फार्मा रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त परिसर में लगाए गए हरिशंकरी पौधों की समुचित देख-रेख सुनिश्चित करने तथा परिसर में बने निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के क्रम में बाल विकास एवं पुष्टाहार कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया, जहां शेष पुष्टाहार किट एवं ईसीसी किट के वितरण कराए जाने तथा वितरण से संबंधित जियो-टैग सहित फोटोग्राफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## सत्यभान मौत मामले की जांच करने पहुंचे बदायूं के दातागंज सीओ केके तिवारी

- घटना स्थल निरीक्षण के साथ ही पीड़िता के किए बयान दर्ज
- घटना स्थल से बाजार तक के खंगलवाए सीसीटीवी कैमरे
- सीओ सदर व पुवायां भी कर चुके है जांच

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



पुलिस दबिश के दौरान एक शख्स की हुई मौत मामले में दरोगा समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने पर चल रही जांच अब बदायूं के दातागंज सीओ केके तिवारी को सौंपी गई है । उन्होंने शुक्रवार को मौके की पड़ताल कर मृतक की पीड़ित पत्नी रेखा के बयान दर्ज किए ।

बता दें कि छह नवंबर 2025 को दबिश के दौरान मोहल्ला निजामगंज निवासी सत्यभान गौतम की मौत होने के मामले में उसकी पत्नी रेखा ने दरोगा राहुल व एक सहयोगी पर छत से धक्का देकर मारने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।

उक्त मामले की जांच सर्व प्रथम सीओ सदर प्रयांक जैन को जांच सौंपी गई । क्रास जांच का दायित्व सीओ पुवायां प्रवीन मालिक को सौंपा गया । दोनो ने जांच रिपोर्ट भी दे दी । वहीं उक्त जांचों पर अविश्वास व्यक्त किए जाने पर आई जी द्वारा उक्त जांच जनपद बदायूं स्थानांतरित कर दी गई । जो दातागंज सीओ केके तिवारी को दी गई ।

शुक्रवार शाम को बदायूं जनपद के दातागंज सीओ श्री तिवारी पड़ताल करने तिलहर पहुंचे । और मृतक सत्यभान की पत्नी रेखा के बयान दर्ज किए । उन्होंने कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों को भी खंगालवाया ।

# अभाविप की मिनी मैराथन में दौड़ा शाहजहांपुर, स्वस्थ युवा-समर्थ भारत का संदेश

- वित्तमंत्री व सांसद ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा खेलो भारत अभियान के अंतर्गत मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। मैराथन में जनपद के हजारों छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति का उद्घोष किया। दौड़ में नेहा और जदुराम ने मारी बाजी,कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच छात्राओं के वर्ग में नेहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रागनी द्वितीय और रोशनी तृतीय स्थान पर रही। छात्रों के वर्ग में जदुराम ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, जबकि रजत पाल ने द्वितीय और राहुल पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**सफलता की कुंजी अनुशासन और संकल्प: वित्तमंत्री**

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद का यह प्रयास सराहनीय है। खेल न केवल हमें शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास भी करते हैं। शाहजहांपुर का युवा आज देश की मुख्यधारा से जुड़कर अपनी पहचान बना रहा है।

**राष्ट्र निर्माण के लिए खेल जरूरी: कठेरिया**

मुख्य वक्ता ब्रज प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने कहा कि परिषद का मानना है कि एक स्वस्थ युवा ही समर्थ भारत की नींव रख सकता है। हम केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मैदान पर पसीना बहाकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को सिद्ध कर रहे हैं।

**महानगर मंत्री ने जताया आभार**

कार्यक्रम के अंत में महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम टीम, पुलिस प्रशासन और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परिषद आगे भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे आयोजन करती रहेगी।

**मंच पर इनकी रही उपस्थिति:**

समारोह में विशिष्ट अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर, कार्यक्रम अध्यक्ष वीरेंद्र पाल यादव, विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार, महानगर अध्यक्ष डा. रानू दुबे, महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव प्रांत खेलो भारत प्रमुख रविकांत शुक्ला समेत भारी संख्या में शिक्षक व छात्र शक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक व संचालन वैभव सक्सेना ने किया

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री संदीप सागर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आकाश मैसी, प्रांत खेलो भारत प्रमुख रविकांत शुक्ला विभाग संगठन मंत्री राहुल गंगवार , महानगर सह मंत्री करन सिंह ,महानगर मीडिया संयोजक भानु प्रताप , महानगर एसएफडी सहसंयोजक आर्यन राज, अक्षय सक्सेना आयुष शुक्ला,भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला वैभव खन्ना अवनीश शर्मा सत्यभान भदोरिया , श्रुति गुप्ता नलिनी ओमर, योगेश दीक्षित, आदि कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवक ने घरेलू कलह के कारण घर में फांसी लगाई



**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र के लोदीपुर मोहल्ले में एक युवक ने घरेलू कलह के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 45 वर्षीय सुनील यादव का शव उनके घर के कमरे में रस्सी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि लोदीपुर निवासी शेर सिंह के पुत्र सुनील यादव ने अपने घर में फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई, जिसने आवश्यक जांच पड़ताल की। पुलिस के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, मृतक सुनील घरेलू विवादों के कारण मानसिक तनाव में थे। फिलहाल, इस मामले में दोपहर तक परिजनों की ओर से थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### त्याग की प्रतिमूर्ति माता रमाबाई अंबेडकर की जयंती पर विचार गोष्ठी

**शाहजहांपुर।** अशोक विहार निगोही रोड स्थित सम्राट अशोक पार्क के निकट लाइब्रेरी में माता रमाबाई अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने की। इस दौरान वक्ताओं ने माता रमाबाई के जीवन संघर्ष और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के मिशन में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि माता रमाबाई अंबेडकर त्याग और धैर्य की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अत्यंत अभावों में रहकर भी बाबा साहब का संबल बनाए रखा। यदि माता रमाबाई ने घरेलू मोर्चे पर कष्ट न सहे होते, तो बाबा साहब के लिए राष्ट्र निर्माण और समाज सुधार के इतने बड़े कार्य करना कठिन होता। आज के समाज को उनके जीवन से त्याग और समर्पण की सीख लेनी चाहिए। एसपी कॉलेज प्रवक्ता ज्वाला प्रसाद ने कहा कि माता रमाबाई का जीवन केवल एक पत्नी का नहीं, बल्कि एक मूक क्रांति का नाम है। उन्होंने अपने बच्चों को खोया, गरीबी देखी, लेकिन कभी अपनी हिम्मत नहीं हारी। वह शोषितों और वंचितों के उत्थान के लिए बाबा साहब की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति थीं। बेसिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि आज की पीढ़ी को माता रमाबाई के संघर्षों को पढ़ने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षित समाज का सपना देखा था। निगोही रोड पर इस लाइब्रेरी के माध्यम से हम उनके शिक्षा के प्रसार के सपने को आगे बढ़ा रहे हैं। उनके पदचिह्नों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर वाणिज्य प्रवक्ता बुधपाल सिंह ओसीएफ इंटर कॉलेज के शिक्षक मातादीन वर्मा, विनोद सम्राट, रितेंद्र कुमार मुकुल गौतम, सर्वेश कुमार संजीव कुमार, मोहम्मद इमरान इंद्र प्रताप सिंह, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य और स्थानीय प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### बड़ा हादसे का कर रहे इंतजार, तहसील प्रशासन मौन

**पुवायां, शाहजहांपुर।** मोहम्मदी हाईवे पर सतवां बुजुर्ग चौराहे स्थित स्मृति द्वार का एक पोल जर्जर, कभी भी गिरने का खतरा है।तेज़ रफ्तार वाहनों की आवाजाही वाले इस चौराहे पर जर्जर पोल राहगीरों व वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से तत्काल मरम्मत या हटाए जाने की मांग की है।वहीं एसडीएम चित्रा निर्वाल से बात करने पर उन्होंने उसे तत्काल सही कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक उसको न तो सही कराया गया है और न ही उसे हटवाया गया है।अधिकारी बड़ी घटना का कर रहे हैं इंतजार,अगर कोई बड़ी घटना घट जाती है तो कौन होगा जिम्मेदार।पुवायां से मोहम्मदी हाइवे पर स्थित सतवां चौराहे का मामला।समय रहते कार्रवाई न हुई तो हो सकती है कोई बड़ी घटना। कई बार लोगो ने इसकी जानकारी तहसील प्रशासन से की लेकिन न तो कोई अधिकारी और न ही कोई नेता इस पोल की तरफ ध्यान देना उचित समझता है। ये स्मृति द्वार विधायक शकुंतला देवी के कार्यकाल मे लगवाया गया था। काफ़ी समय बीत जाने के बाद आज स्मृति द्वार बिल्कुल जर्जर अवस्था मे खड़ा है जो कभी भी गिर सकता है। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है क्योंकि आये दिन यहाँ बड़ी संख्या मे भीड़ रहती है। एस डी एम चित्रा निर्वाल को जब इसकी जानकारी दी गयी तो उन्होंने इसको ठीक या हटवाये जाने का पूरा अस्वाशन भी दिया था लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

### हनुमान मंदिर पर भंडारा का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के हनुमान मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नगर के खुटार रोड स्थित श्री महावीर जी विराजमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारा का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया। सर्वप्रथम ट्रस्ट के प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ,राजेश शर्मा, मनोज मिश्रा ,विजेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई और हनुमान जी को भोग लगाया गया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के बाद विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ सुबह से श्लोक मंत्रोच्चार के साथ विधि-पूर्वक किया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धा भाव से पाठ में भाग लिया। सुंदरकांड की चौपाइयों का पाठ करते हुए भक्त भक्तिमय वातावरण में लीन हो गए। पाठ के समापन के बाद हनुमान चालीसा का पाठ और सामूहिक आरती की गई। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा सुबह 10:30 बजे से रात्रि 8:30 तक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए ट्रस्ट प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि इसका लक्ष्य नगरवासियों में आध्यात्मिक चेतना जगाना और बच्चों में संस्कार तथा नैतिक मूल्यों को स्थापित करना है। इस दौरान प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, सचिव मनोज मिश्रा, उप प्रबंधक विजेंद्र सिंह भदोरिया, शैलेंद्र मिश्रा ,अवधेश वर्मा ,राजू, राम सिंह ,राहुल सक्सेना ,अतुल शर्मा ,मोनू राठौर, गोविंद कश्यप, लियाकत अली आदि मौजूद रहे।

### इलाज के बाद घर लौट रही बालिका की हालत बिगड़ने से हुई मौत



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** गंगा स्नान से घर वापस जा रही किशोरी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई घायल बालिका की लखनऊ अस्पताल सेवाओसी के दौरान हालत बिगड़ गई । जिसे सीएचसी में मृत घोषित कर दिया गया । चपेट में आकर हुई गंभीर घायल,केजीएम लखनऊ से उपचार के बाद वापस लौटी किशोरी की रास्ते में बिगड़ी हालत नगर सीएचसी पर मृत्यु घोषित किया गया। गौर तलब है कि बीती 30 जनवरी को बीसलपुर के गांव भदौरा निवासी सुरेशचंद्र ढाई घाट गंगा स्नान से परिजनों के साथ लौट रहे थे । तिलहर निगोही संपर्क मार्ग गांव बढेपुर के पास 8 वर्षीय पुत्री सोनी के सड़क किनारे लघुशंका करने के दौरान निगोही की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी । जिससे सोनू गंभीर रूप से घायल हो गई । आनन-फानन में सीएचसी ले जाया गया । जहां से गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था । हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे लखनऊ के केजीएमयू भर्ती ले गए । शुक्रवार को देर रात लखनऊ से छुट्टी कराकर बेटी को घर जाने के दौरान बंधरा गांव के पास सोनी की हालत बिगड़ गई । उसे सीएचसी लेकर पहुंचे । वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है । तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गरीब कन्याओं का संस्था ने कराया विवाह

- संस्था ने शहर के एक कमजोर परिवार की कन्या के विवाह की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाते हुए विवाह संपन्न कराया



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

शहर की सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में हमेशा आगे रहने वाली आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान ने एक बार फिर मानवीय करुणा और सामुदायिक सहयोग की मिसाल पेश की। संस्था ने शहर के एक कमजोर परिवार की कन्या के विवाह की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाते हुए 6 फरवरी को विवाह संपन्न कराया।

खिरनी बाग स्थित रामचरन लाल धर्मशाला को इस शुभ अवसर के लिए सुंदर फूलों और रोशनी से सजाया गया था। देर रात बारात के पहुंचते ही माहौल उल्लास से भर उठा। जनातियों और बारातियों ने डीजे की धुन पर खूब नृत्य किया। द्वारचार पूजन और जयमाल के कार्यक्रम ने समारोह को परंपरागत गरिमा से भर दिया। बड़े-बुजुर्गों ने नव दंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।यह समारोह संस्था द्वारा कराया गया। सेवा और समर्पण की यह परंपरा शहर में एक प्रेरक मिसाल बन चुकी है। शुक्रवार को धर्मशाला में पूरी रस्में विधिवत संपन्न की गई। जयमाल के उपरांत समिति की ओर से बारातियों और अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। संस्था के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई ने सभी आगंतुकों को भोजन कराया।देर रात आचार्य जी द्वारा हवन-पूजन सम्पन्न कराया गया और पवित्र अग्नि के साक्षी में फेरे करवाए गए। इसके बाद कन्या को गृहस्थी के उपहार देकर भावुक माहौल में विदाई दी गई। भव्यता और सरलता के संतुलन से सजाए इस आयोजन की सभी उपस्थित लोगों ने सराहना की। संस्था की यह पहल उन परिवारों के लिए आशा की वह लौ है, जो आर्थिक या शारीरिक कठिनाइयों के कारण अपनी बेटियों का विवाह नहीं कर पाते। विवाह समारोह में मुख्य रूप सहयोग करने वालों में लायंस क्लब सहेली की समिति महिमा शुक्ला रम्मन गुप्ता कुमुद गुप्ता की तरफ से एक सिंगल बेड दुर्गा अरोड़ा के द्वारा 251 की धनराशि गरिमा बाजपेई की तरफ से ?2100 वेदप्रभा बाजपेई की तरफ से ?500 संगीता अग्रवाल की तरफ से एक साड़ी डॉ घनश्याम सिंह डॉ मोहन सिंह की तरफ से 2100 मून शर्मा के द्वारा एक कटोरी सेट सोनू अवस्थी की तरफ से कारीगर राजेश सक्सेना लक्ष्मी टेंट हाउस अतुल मौर्य छोटू डीजे इसके अतिरिक्त 200 लोगों का खाना गृहस्थी का सामान आदि सभी व्यवस्था समिति के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई की ओर से की गई जिन सम्मानित लोगों ने सहयोग प्रदान किया उन सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

## स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण




**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची टीम ने इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष, बीपीएम यूनिट, कोल्ड चैन स्टोर, दवा वितरण कक्ष, जनरल वार्ड, पैथोलॉजी, दंत चिकित्सक कक्ष सहित मरीजो को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं, साफ सफाई, दवा की उपलब्धता और रिकार्ड का निरीक्षण किया। वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उपचार, भोजन व्यवस्था एवं स्वच्छता के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान लखनऊ से आई टीम में स्टेट क्वालिटी जनरल मैनेजर डॉ शहजाद अहमद ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ फैजान खान को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सीएचसी पर चिकित्सकीय परामर्श की स्थिति की समीक्षा की। जिसके बाद कटरा खुदागंज मार्ग पर स्थित ग्राम कमलापुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, दवाओं की उपलब्धता, रिकॉर्ड की गुणवत्ता, ओपीडी, एएनसी रजिस्टर, चिकित्सा कर्मचारियों, सीएचओ, एएनएम की उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया। टीम ने वहां के स्टाफ को साफ सफाई और संक्रमण नियंत्रण से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान डॉ शहजाद अहमद ने कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर एक आमजन के लिए महत्वपूर्ण इकाई है। इसलिए यहां व्यवस्थाओं का सुदृढ़ होना आवश्यक है।

## प्रधान की मोहर-लेटर पैड से सरकारी विभाग में धोखाधड़ी, दो आरोपियों पर रिपोर्ट

- खुदागंज में जालसाजी का सनसनीखेज खुलासा
- प्रधान की पहचान का दुरुपयोग कर जल निगम में किया गया फर्जी आवेदन



**समृद्धि न्यूज**

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर नवदिया में सामने आए एक गंभीर फर्जीवाड़े के मामले ने पंचायत व्यवस्था के साथ-साथ प्रशासनिक तंत्र को भी झकझोर कर रख दिया है। ग्राम प्रधान उवैद आलम की मोहर, लेटर पैड और हस्ताक्षरों की कूटरचना कर सरकारी विभाग को गुमराह करने की सुनियोजित साजिश का खुलासा हुआ है। मामले में खुदागंज पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुनियोजित तरीके से रची गई जालसाजी की साजिश ग्राम प्रधान उवैद आलम के अनुसार, गांव के ही रिजवान खां (पुत्र राहत खां) और हसीन खां (पुत्र नन्हे खां) ने जल निगम में आवेदन देने के उद्देश्य से फर्जी लेटर पैड तैयार किया और उस पर प्रधान के नकली हस्ताक्षर कर दिए। फर्जीवाड़े को सफल बनाने के लिए आरोपियों ने ग्राम प्रधान के कूटरचित हस्ताक्षरों का प्रयोग किया व, आवेदन पत्र में अपना मोबाइल नंबर दर्ज किया, सत्यापन से बचने के लिए प्रधान के नाम पर जानबूझकर गलत मोबाइल नंबर अंकित किया पूरी योजना इस तरह बनाई गई थी कि प्रधान को इसकी भनक न लगे और सरकारी प्रक्रिया को धोखे के माध्यम से प्रभावित किया जा सके। पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दर्ज हुआ मुकदमा मामले की गंभीरता को देखते हुए खुदागंज पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4) के अंतर्गत धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रकरण की गहन जांच की जा रही है तथा साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की सख्त चेतावनी यह घटना न केवल ग्राम पंचायत व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से सरकारी तंत्र को गुमराह करने के प्रयास लगातार बढ़ रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस प्रकार के अपराधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कानून के अनुसार कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

### सीटेट परीक्षा में 51 आवेदक रहे अनुपस्थित

**तिलहर - शाहजहांपुर।**

सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर सीटेट की परीक्षा की पहली पारी में 480 परीक्षार्थियों में से 429 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। जबकि दूसरी पारी में 118 में से 113 उपस्थित रहे और मात्र पांच आवेदक अनुपस्थित रहे। इस मौके पर 51 आवेदक अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सदर प्रशासन के अलावा तिलहर कोतवाली पुलिस व एलसीयू टीम में निगरानी में मुस्तैद रही।

## हर समय जनता के लिए समर्पित : चेतराम



**समृद्धि न्यूज**

**पुवायां, शाहजहांपुर।** विधायक चेतराम ने कहा कि वह हर समय जनता की समस्याओं के लिए तत्पर रहते हैं। पब्लिक कोई भी समस्या को किसी भी समय बता सकती है।

विधायक चेतराम शनिवार को पुवायां स्थित कैम्प कार्यालय पर जनता की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र से आये तमाम लोगों की उन्होंने फरियाद सुनकर अधिकारियों को उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन जनता के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने जब से राजनीति में कदम रखा है तब से वह क्षेत्र में विकास के लिए कार्य किया है। इसके बावजूद अभी भी कई स्थानों पर जो कार्य शेष रह गए हैं उन्हें भी जल्द पूरा करा लिया जाएगा। क्षेत्र का विकास कराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी जायेगी। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

## सरकारी धन के दुरुपयोग कर मानक के विपरीत निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार

- भारत परिषद् ने खोला मोर्चा, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र व सम्पूर्ण समाधान दिवस में सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी संगठन के पदाधिकारियों ने संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में ज्ञापन देदेकर जांच की मांग की। भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी संगठन भारत परशुरामपुरी शाहजहांपुर द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्माणाधीन कोलाघाट ब्रिज पर सेतु निगम द्वारा व्यास भ्रष्टाचार कर मानक की विपरीत निर्माण कार्य किया जा रहा है। आपको बता दे की 166 करोड़ 83 लाख 22000 की लागत से कोलाघाट ब्रिज का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतुनिगम लिमिटेडसेतु निर्माण इकाई शाहजहांपुर द्वारा किया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान लगभग 15 लाख की लागत से बने पिलर जो मानक के अनुरूप न होने करण क्षति ग्रस्त होकर टूट रहे है। 27 दिसम्बर को गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। जिनकी जानकारी संगठन के पदाधिकारियों को जानकारी मिली सेतु निगम की डिप्टी मैनेजर से जानकारी के लिए कई बार संपर्क किया परंतु जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई इससे पूर्व बने कोलाघाट पुल के इसी तरह मानक के विपरीत कार्य के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था जिन कारण क्षेत्र वासियों को कई माह काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था अब पुनः कोलाघाट ब्रिज के निर्माण कार्य मे मानक के अनुरूप कार्य न होने के कारण हुआ क्षतिग्रस्त हुआ। 27 दिसम्बर जिनकी जानकारी कोलाघाट पुल के कॉन्ट्रैक्टर अनिल गुप्ता से प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरी शंकर त्रिवेदी 3 जनवरी को 8853 460 381 अपने दूरभाष न . से 99 977 70728 पर कॉल की तो उक्त ने गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम क्या ठेकेदार हो चुपचाप अपना कार्य करो ऐसे ही टूटेगे पिलर मेरा काम बनवाने का है टूटे या ना रहे जब वहां के लोगों ने पूछा गया बहा के लोगों ने बताया कि टूटे पिलर को तुरंत 8 .9 फीट गहरे गड्ढे में दवा दिया गया जिसके सभी एविडेंस प्रदेश मीडिया प्रभारी भारत परिषद व इंडिया खास न्यूज़ के पास वीडियो व आडियो के साथ उपलब्ध है तथा निर्माण कार्य रुकवा कर निर्माण में प्रयोग हो रही सामग्री कि जांच करवाने की कृपा करें।

## केंद्रीय बजट हर वर्ग को मजबूती देने वाला : क्षेत्रीय अध्यक्ष

- ब्रज क्षेत्र क्षेत्रीय अध्यक्ष ने की प्रेस वार्ता, बताए बजट के लाभ



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर केंद्रीय बजट के लाभ गिनाए हैं। उन्होंने कहा यह बजट सभी वर्गों को मजबूती प्रदान करना वाला बजट है।

जिला सहकारी बैंक के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य ने वर्ष 2026 के केंद्रीय बजट को 'विकसित भारत' की नींव बताया। उन्होंने कहा कि किसानों, युवाओं और महिलाओं पर केंद्रित यह बजट देश को आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक पटल पर मजबूती प्रदान करने वाला है। उन्होंने बताया बजट में किसानों और युवाओं के हितों पर विशेष जोर दिया गया है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए गए इस बजट में किसानों की आय दोगुनी करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल इंडिया जैसे बुनियादी क्षेत्रों में किया गया निवेश आने वाले समय में देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने बताया बजट में महिआओ को आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया गया है। यह बजट किसान, नौजवान, महिलाओं सहित हर वर्ग को मजबूती प्रदान करेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, सासंद अरुण सागर, डीपीएस राठौर, शिल्पी गुप्ता, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

## त्योहार को शांति पूर्ण तरीके से मनाएंः एसपी ग्रामीण



**शाहजहांपुर।** आगामी होली पर्व को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना पुवायाँ परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भंवरे एवं क्षेत्राधिकारी पुवायाँ द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत शान्ति एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना पुवायाँ परिसर में थाना पुवायाँ पुलिस एवं क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी होली पर्व को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में मनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। सम्भ्रान्त व्यक्तियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की सूचना समय रहते पुलिस को उपलब्ध कराएं तथा बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि त्यौहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा पुलिस द्वारा निरंतर गश्त एवं निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना पुवायाँ पुलिस को निर्देशित किया गया कि आगामी त्यौहारों के दौरान क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखें, नियमित भ्रमणशील रहकर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखें तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## तहसील सदर में बुनियादी सुविधाओं का बुरा हाल, वकीलों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।**



तहसील सदर परिसर में व्याप्त गंदगी और पीने के पानी की किल्लत को लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष है। शनिवार को बार एसोसिएशन तहसील सदर के अध्यक्ष घनश्याम किशोर मिश्र के नेतृत्व में वकीलों ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार को एक मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की। एसोसिएशन द्वारा दिए गए पत्र में यह गंभीर आरोप लगाया गया है कि तहसील परिसर में स्थित शौचालयों की सफाई महीनों से नहीं हुई है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप होने के कारण वहां भीषण गंदगी का अंबार लगा है, जिससे उठने वाली दुर्गंध ने अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और दूर-दराज से आने वाले वादकारियों का बैठना दूभर कर दिया है। पीने के पानी का संकटः 'सफेद हाथी' बना वाटर कूलर। गंदगी के साथ-साथ तहसील में पेयजल की समस्या भी विकराल रूप ले चुकी है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि परिसर में पीने के पानी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अधिवक्ताओं का कहना है कि प्रशासन द्वारा की गई पानी की व्यवस्था महज एक 'सफेद हाथी' साबित हो रही है, जिससे प्यास बुझाना मुमकिन नहीं है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और पीने के पानी का इंतजाम नहीं हुआ, तो स्थिति और भी खराब हो सकती है। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए एडीएम से अविलंब इन समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की प्रार्थना की है। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष घनश्याम किशोर मिश्रा, रंजन बाबू मिश्रा एडवोकेट, विपुल कुमार बाजपेई एडवोकेट, महेंद्र कुमार बाजपेई एडवोकेट आदि अन्य अधिवक्तागण मौजूद रहे।

### एसपी ग्रामीण ने किया घटना का मौका मुआयना

**शाहजहांपुर।** पुवायां कोतवाली के गांव खिरिया पाठक में बीते दिन फायरिंग और मारपीट की घटना हुई थी। जिसमें मां बेटे को गोली लगने से दोनों घायल हो गया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार को एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने गांव पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। उन्होंने लोगो से जानकारी भी प्राप्त की है।


**कार्यालय : ग्राम पंचायत बंधा, विकास खण्ड, तिलहर, जनपद-शाहजहांपुर**

पत्रांक : ग्रा.पं.बं./2025-26 दिनांक : 07/02/2026

**निर्माण कार्य सूचना**

पंजीकृत फर्मो से संबंधित निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। विशेष विवरण पंचायत कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्माण कार्य में कोई बदलाव एवं निरस्त करने का अधिकार पंचायत में निहित होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन धनराशि रुपये |
|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय फजिलपुर में एमडीएम सेट का निर्माण कार्य | 2.39 लाख |

(भद्रपाल) प्रधान

(सर्वेश कुमार यादव) सचिव

## दिल्ली के लापता लोग

पिछले दिनों इस खबर ने दिल्ली और देश के लोगों को चौंकाया कि इस साल जनवरी माह में ही देश की राजधानी में 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है। अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है। दरअसल, एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थात हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में ऑनलाइन और ऐप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया। दलील है कि कई जटिल मामलों में तलाश का काम एक साल तक पूरा नहीं हो पाता। अन्य राज्यों में उनकी तलाश में समय लगता है। फिर भी पुलिस का दावा है कि दिल्ली के लापता लोगों की संख्या का आंकड़ा दुनिया के कई विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है।

# बीस साल बाद फिर मायावती का दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम गठजोड़ फार्मूला



*अजय कुमार*



**मायावती की रणनीति ने जातिगत बंधनों को तोड़ा। दलित-ब्राह्मण गठजोड़ की बात भले ही प्रचारित हुई, लेकिन वास्तव में जाटव, वाल्मीकि, पासी जैसे दलितों के साथ अन्य अनुसूचित जातियां, पिछड़े वर्ग के 30 प्रतिशत, ब्राह्मणों के 16 प्रतिशत और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत वोटों ने चमत्कार रचा। बसपा का वोट प्रतिशत 2002 के 23 से बढ़कर 30 हो गया। पार्टी ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनों से ऊपरी जातियों को लुभाया, जबकि मुस्लिम बहुल सीटों पर मजबूत प्रदर्शन किया। यह जीत सामाजिक न्याय की मिसाल बनी।मायावती ने सत्ता में आकर अपराध पर अंकुश लगाया और विकास कार्य तेज किए। लेकिन जातिगत समीकरण की बारीकी ने राजनीति को नया आयाम दिया। दलितों का कोर वोट 80-86 प्रतिशत तक रहा, ऊपरी जातियों से 16-20 उम्मीदवार जीते, पिछड़ों से 30 प्रतिशत समर्थन और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत ने पूर्ण बहुमत सुनिश्चित किया। बसपा सुप्रीमो मायावती किस तरह से पंडित कार्ड खेल रही हैं, इसका ताजा उदाहरण यह बताता है कि उनका ब्राह्मणों के प्रति झुकाव बढ़ता जा रहा है। मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नये नियमों को लेकर सवर्णों, विशेषकर ब्राह्मणों की नाराजगी के बाद से चल रही राजनीति पर और इसके बाद बॉलीवुड फिल्म 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ ब्राह्मणों के पक्ष में बयान देने में देरी नहीं की।इससे पहले यूजीसी के नये नियम पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए मायावती ने कहा था कि इस नये कानून से किसी को बिना वजह प्रताड़ित नहीं किया जाये। देश भर में 'घूसखोर पंडित' फिल्म के विरोध के बीच बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। वहीं यूजीसी प्रकरण में असहज हुई भाजपा भी अब फिल्म के मुद्दे पर ब्राह्मणों को साधने की कोशिश में है।**

संउत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी करीब 15 सालों से सत्ता से बाहर है। 2007 से 2012 तक सत्ता में रही बसपा को पिछले तीन विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। इस दौरान तीन लोकसभा चुनाव में भी बसपा का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इसके बाद से बसपा सुप्रीमो मायावती के बारे में यह धारणा आम तौर पर बनने लगी कि बसपा सुप्रीमो मायावती का कालखंड खत्म हो चुका है। ऐसा इस लिये भी कहा जा रहा था क्योंकि मायावती ने चुनाव प्रचार से भी काफी हद तक किनारा कर लिया था।बात अंतिम बार 2007 में विधानसभा चुनाव जीती बसपा की उस समय की चुनावी रणनीति की की जाये तो 2007 का चुनाव मायावती सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले से जीती थी। 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की अप्रत्याशित जीत ने राजनीतिक इतिहास रच दिया। 2007 में मायावती ने सामाजिक समीकरण साधकर 403 सीटों में से 206 सीटों पर कब्जा जमाया और कुल 30.43 प्रतिशत वोट हासिल किए। बसपा सुप्रीमो की यह जीत दलितों के परंपरागत वोट बैंक के अलावा ब्राह्मणों और कुछ गैर-यादव पिछड़ी जातियों तथा मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन से संभव हुई थी। यह और बात है कि इसके बाद मायावती का यह फार्मूला दोबारा परवान नहीं चढ़ पाया।

बहरहाल, अबकी करीब 20 सालों के बाद एक बार फिर 2027 के विधानसभा चुनाव के लिये बसपा के पक्ष में दलितों के साथ ब्राह्मणों एवं मुसलमानों के वोटों की गोलबंदी देखी जा रही है। ब्राह्मणों और मुसलमानों के एक बार फिर बसपा की तरफ रुख करने की वजह में जाया जाए तो ऐसा लगता है कि योगी राज में ब्राह्मणों को लग रहा है कि उनके साथ यह सरकार नाइंसाफी कर रही है। नौकरशाही से लेकर सरकार तक में महत्वपूर्ण पदों से ब्राह्मणों को दूर रखा गया है। यही वजह है कि पिछले कुछ समय में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में ब्राह्मण नेताओं का प्रवेश अधिक देखा गया है।

जनवरी 2026 में अंबेडकर नगर से भाजपा के दिग्गज नेता राधेश्याम पांडे 51-100 ब्राह्मण समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हुए। उन्होंने मायावती से मुलाकात कर पार्टी जॉइन की। दिसंबर 2025 में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता जैसे जितेंद्र मिश्रा, दीपक द्विवेदी, नीरज पांडे, विशाल मिश्रा, वैभव दुबे, अनुराग शुक्ला, मोहित शर्मा भाजपा से बसपा में शामिल हुए। यह 2027 चुनाव से पहले भाजपा को झटका था। जनवरी 2026 में एक अन्य बड़े ब्राह्मण नेता ने मायावती से मुलाकात कर बसपा जॉइन की।

वहीं मुसलमान इसलिये बसपा की तरफ फिर से मुड़ता दिख रहा है क्योंकि उसे लगने लगा है कि समाजवादी पार्टी मुसलमानों से वोट तो लेती है, लेकिन उनका (मुसलमानों का) हक उन्हें नहीं दिया जाता है। इसी तरह से मुसीबत के समय भी अखिलेश मुसलमानों से दूरी बना लेते हैं। पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान को अकेला छोड़ देना इसकी सबसे बड़ी मिसाल बताते हैं।

बाहुबली अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की भी मौत के लिये मुस्लिम समाज कहीं न कहीं अखिलेश यादव को जिम्मेदार मानते हैं। उन्हें लगता है कि विधानसभा सत्र के दौरान अखिलेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अतीक और मुख्तार को लेकर उकसाया नहीं होता तो आज वह जिंदा होते।दलित वोटरों ने बसपा को पूर्ण समर्थन दिया। जाटव समुदाय के 86 प्रतिशत मतदाताओं ने मायावती को चुना, जबकि वाल्मीकि जाति के 71 प्रतिशत ने पार्टी को तरजीह दी। पासी समुदाय से 53 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित जातियों से 58 प्रतिशत वोट बसपा के खाते में आए। इन दलित उपजातियों की मजबूत पकड़ ने पार्टी को आधार प्रदान किया, क्योंकि दलित उत्तर प्रदेश की आबादी में करीब 21 प्रतिशत हैं। ऊपरी जातियों में ब्राह्मणों का 16 प्रतिशत समर्थन मिला, जो निर्णायक साबित हुआ। बसपा ने 51 ब्राह्मण उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 20 जीते, लेकिन यह जीत मुख्यतः निचली जातियों के वोटों से आई। ठाकुरों और अन्य ऊपरी जातियों ने भी सीमित लेकिन महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पिछड़ी जातियों ने भी बसपा की ओर रुख किया। गैर-यादव और गैर-कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग के 30 प्रतिशत मतदाताओं ने पार्टी चुनी। कुल पिछड़ा वर्ग के कई खंडों से वोट उमड़े, जिसने सामाजिक समीकरण को मजबूत बनाया। बसपा ने 110 पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार मैदान में उतारे। यह समर्थन समाजवादी पार्टी और अन्य दलों से छिटके वोटरों का परिणाम था, जो विकास और सुशासन के वादों से प्रभावित हुए। मुस्लिम मतदाताओं का योगदान सबसे चमत्कारिक रहा। 2007 में बसपा को कुल वोटों में मुस्लिम वोट 10 प्रतिशत से अधिक थे। एक सर्वे के अनुसार 17 प्रतिशत मुस्लिमों ने पार्टी को समर्थन दिया। पार्टी ने 61 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 29 विधायक बने। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम आबादी 19 प्रतिशत होने के बावजूद यह समर्थन बहुमत के लिए जरूरी साबित हुआ। समाजवादी पार्टी से नाराज मुस्लिमों ने बसपा को मौका दिया, क्योंकि मायावती ने अल्पसंख्यक कल्याण के वादे किए।

मायावती की रणनीति ने जातिगत बंधनों को तोड़ा। दलित-ब्राह्मण गठजोड़ की बात भले ही प्रचारित हुई, लेकिन वास्तव में जाटव, वाल्मीकि, पासी जैसे दलितों के साथ अन्य अनुसूचित जातियां, पिछड़े वर्ग के 30 प्रतिशत, ब्राह्मणों के 16 प्रतिशत और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत वोटों ने चमत्कार रचा। बसपा का वोट प्रतिशत 2002 के 23 से बढ़कर 30 हो गया। पार्टी ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनों से ऊपरी जातियों को लुभाया, जबकि मुस्लिम बहुल सीटों पर मजबूत प्रदर्शन किया। यह जीत सामाजिक न्याय की मिसाल बनी।मायावती ने सत्ता में आकर अपराध पर अंकुश लगाया और विकास कार्य तेज किए। लेकिन जातिगत समीकरण की बारीकी ने राजनीति को नया आयाम दिया। दलितों का कोर वोट 80-86 प्रतिशत तक रहा, ऊपरी जातियों से 16-20 उम्मीदवार जीते, पिछड़ों से 30 प्रतिशत समर्थन और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत ने पूर्ण बहुमत सुनिश्चित किया।

बसपा सुप्रीमो मायावती किस तरह से पंडित कार्ड खेल रही हैं, इसका ताजा उदाहरण यह बताता है कि उनका ब्राह्मणों के प्रति झुकाव बढ़ता जा रहा है। मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नये नियमों को लेकर सवर्णों, विशेषकर ब्राह्मणों की नाराजगी के बाद से चल रही राजनीति पर और इसके बाद बॉलीवुड फिल्म 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ ब्राह्मणों के पक्ष में बयान देने में देरी नहीं की। इससे पहले यूजीसी के नये नियम पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए मायावती ने कहा था कि इस नये कानून से किसी को बिना वजह प्रताड़ित नहीं किया जाये। देश भर में 'घूसखोर पंडित' फिल्म के विरोध के बीच बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। वहीं यूजीसी प्रकरण में असहज हुई भाजपा भी अब फिल्म के मुद्दे पर ब्राह्मणों को साधने की कोशिश में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म पर एफआईआर के निर्देश देकर इस वर्ग के साथ का संदेश दिया।

बसपा प्रमुख ने इस मामले में शुक्रवार 06 फरवरी को एक्स पर लिखा, 'यह बड़े दुख व चिंता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं, बल्कि अब तो फिल्मों में भी 'पंडित' को घुसपैठिया बताकर पूरे देश में जो इनका अपमान व अनादर किया जा रहा है, जिससे समूचे ब्राह्मण समाज में इस समय जबरदस्त रोष व्याप्त है। इसकी हमारी पार्टी भी कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस जातिसूचक फिल्म पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए, यह बसपा की मांग है।'वर्ष 2007 में बसपा ने ब्राह्मणों के साथ सोशल इंजीनियरिंग का दांव चला था और बहुमत की सरकार बनाई थी। इस बार भी बसपा उसी फार्मूले पर चुनावी तैयारी में जुटी है और पार्टी प्रमुख के एक्स पोस्ट को उसी रणनीति को आगे बढ़ाने का संकेत माना जा रहा है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

विचार

# राज्यपाल : केंद्र का प्रतिनिधि मात्र या संवैधानिक पद ?

*डॉ. इन्द्र दमन तिवारी*

तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक विधानसभाओं में राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच टकराव की खबरें इस वर्ष भी आई हैं, ऐसा किसी न किसी रूप में पिछले कुछ वर्षों से हो रहा है। वर्तमान टकराव राज्य सरकारों द्वारा तैयार किए गए अभिभाषणों के पढ़ने से जुड़ा है, प्रत्यक्षत: ऐसा अनजाने में नहीं हो रहा है। इन मामलों से जुड़े सभी पक्ष संवैधानिक व्यवस्थाओं और उनसे जुड़ी मर्यादा-रेखाओं से भली भाँति परिचित हैं। राज्यपाल जानते-समझते हैं और राज्य सरकारें भी। तब ऐसा क्यों होता है? इन राज्यों में मुख्यमंत्री और राज्यपालों के रिश्ते काफी समय से तनावपूर्ण रहे हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन कई बार स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर होने वाले राज्यपालों के 'एट होम' कार्यक्रमों का बहिष्कार कर चुके हैं।

मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के बीच सीधा संवाद बहुत कम है, इस वक़्त तो चुनाव क़रीब हैं, इसलिए माहौल में वैसे ही गर्मी भरी है। दक्षिण के जिन तीन राज्यों में विवाद खड़े हुए हैं उनमें इंडिया गठबंधन का हिस्सा रही पार्टियों की सरकारें हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार के विरोध में हैं। ऐसे विवाद होते ही तभी हैं, जब केंद्र और राज्य की सरकारों का आपसी विरोध हो, बंगाल और पंजाब में भी इससे मिलते-जुलते प्रकरण हुए हैं। राज्यपालों या राष्ट्रपति के लिए निर्वाचित सरकारों द्वारा तैयार किए गए भाषणों या विशेष संबोधनों को हूबहू पढ़ना एक संवैधानिक परंपरा है। यह ब्रिटिश परंपरा है, जिसपर आधारित भारत की संसदीय प्रणाली में भी उन्हीं परंपराओं के पालन की उम्मीद की जाती है। ऐसा कभी नहीं हुआ, ज़ब ब्रिटिश राजा या रानी ने आधिकारिक भाषण को लेकर ना-नुकुर की हो।

देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के बीच बहुत से मामलों में मतभेद थे, पर उन्होंने ऐसा कभी कुछ नहीं किया जिससे संसदीय मर्यादा भंग हो। पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन ने 1998 के गणतंत्र दिवस संबोधन में कुछ बदलाव किया था, कुछ दूसरे मौकों पर भी उन्होंने प्रस्तावित मसौदों में संशोधन किए थे, ताकि भाषण का स्वर और संदेश उनके विचारों के अनुरूप हो। ऐसे मौके संसद से बाहर के वक्तव्यों में ज्यादा देखे गए। उनके दृष्टिकोण में और अब हो रहे टकराव में फ़र्क है, अब इसने राजनीतिक टकराव की शक्ल ले ली है। मसलन कर्नाटक के प्रसंग को देखें, जहाँ राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने गत 22 जनवरी को विधानमंडल के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए सरकार के तैयार भाषण की केवल तीन लाइन ही पढ़ीं और सदन से बाहर चले गए, गहलोत के इस कार्य को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने असंवैधानिक बताते हुए कहा ऽसंविधान के अनुच्छेद 176 और 163 के तहत राज्यपाल को मंत्रिमंडल की ओर से तैयार पूरा भाषण पढ़ना चाहिए।

उधर राज्यपाल गहलोत सरकार के तैयार भाषण के पैरा नंबर 11 पर नाराज़ थे, जिसमें लिखा था कि केंद्र सरकार ने यूपीए काल में शुरू की गई मनरेगा योजना को कमजोर किया है, उसका बजट घटाया है, जिससे ग्रामीण रोजगार प्रभावित हुआ है। वस्तुत: यह केंद्र-राज्य संबंधों का महत्त्वपूर्ण पहलू है। सवाल है कि राज्य सरकारों के पास असहमति व्यक्त करने का क्या यही रास्ता बचा है? और क्या राज्यपालों के पास अपने विवेक का प्रयोग करने का अधिकार है? सवाल यह भी है कि क्या राज्य सरकारों को संवैधानिक रूप से सीधे राज्यपाल के माध्यम से केंद्र की आलोचना करनी चाहिए? आख़िरकार राज्यपाल केंद्र द्वारा नियुक्त संवैधानिक पद है, उसे राज्य में केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में देखा जाता है न कि राज्य सरकार के प्रवक्ता के रूप में। पर क्या केंद्र सरकार को उनके माध्यम से राज्य सरकारों पर दबाव बनाना चाहिए? तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के साथ लगातार टकराव चलने के कारण मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विधानमंडल के पहले सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण की प्रथा को समाप्त करने का समर्थन किया है। देश के आठवें राष्ट्रपति (1987-1992) आर वेंकटरमण ने राष्ट्रपति और राज्यपालों द्वारा विधायिका के समक्ष पारंपरिक अभिभाषण की प्रथा को समाप्त करने की सिफारिश कई बार की थी, वे इस औपनिवेशिक प्रथा को अनावश्यक और असंवैधानिक मानते थे। फरवरी 1988 में संसद में अपना पहला अभिभाषण देने से पहले उन्होंने सरकार को सुझाव दिया था कि 'मेरी सरकार' के स्थान पर 'सरकार' शब्द का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा, यह प्रथा ब्रिटिश विरासत का हिस्सा है और भारत में प्रासंगिक नहीं है। भारत का संविधान स्वयं जनता द्वारा संविधान सभा के माध्यम से बनाया गया था। ऐसे में देश के राष्ट्रपति द्वारा 'मेरी सरकार' कहना 'अनुचित' है। इस व्यवस्था को समाप्त करने से कोई नुक़सान नहीं होने वाला है क्योंकि अनुच्छेद 86 और 175 के अंतर्गत राष्ट्रपति और राज्यपालों के पास विधायिका को संबोधित करने का अधिकार तब भी बना रहेगा।

अतीत में कई राजनेताओं ने राज्यपाल का पद ही खत्म करने का सुझाव दिया है, थोड़ी देर के लिए मान लें कि अभिभाषण की प्रथा समाप्त हो जाए, तब क्या यह विरोध खत्म हो जाएगा? माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद राज्यपाल द्वारा विधानमंडल से पारित विधेयक को रोककर रखने के विभिन्न प्रकरण का कोई पक्का समाधान नहीं निकला है। वस्तुत: समस्या संवैधानिक-व्यवस्था में नहीं, हमारी राजनीतिक-संस्कृति में है। डॉ. अम्बेडकर ने 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अंतिम भाषण के दौरान यह ऐतिहासिक चेतावनी दी थी कि, संविधान चाहे कितना भी अच्छा क्यों न हो, अगर उसे लागू करने वाले लोग बुरे साबित हुए, तो संविधान भी बुरा साबित होगा। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि संविधान की सफलता केवल इसके प्रावधानों पर नहीं, बल्कि इसे अमल में लाने वालों की नैतिकता और ईमानदारी पर निर्भर करती है। ऐसे मतभेद और टकराव भारतीय राजनीति में कोई नई बात नहीं है, आज़ केंद्र में बीजेपी की सरकार है और वह काफ़ी कुछ वैसा ही कर रही है जैसा कांग्रेस ने दशकों तक तब किया, हम सैकड़ों साल पुरानी ब्रिटिश परंपराओं पर देश को चलाना चाहते हैं तो पिछले कुछ दशकों की अपनी परंपराओं पर भी नज़र डालनी चाहिए। सच यह है कि जब दो विपरीत राजनीतिक विचारों की सरकारें केंद्र और राज्य में होती हैं, तब राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के बीच प्रभावी संवाद चैनल होना चाहिए क्योंकि जनता के लिए आवश्यक प्रशासनिक कार्यों के लिए दोनों के बीच समन्वय की जरूरत होती है। मूल मुद्दा राज्यपाल पद का राजनीतिकरण है, इसका समाधान क्या है? एक काम फिर भी किया जा सकता है वह है सरकारिया और पंछी आयोग की सिफारिशें। सरकारिया (1983-88) और पंछी आयोग (2007-10) ने राज्यपाल की नियुक्ति में निष्पक्षता, मुख्यमंत्री से परामर्श, और सक्रिय राजनीति से दूर रहने वाले प्रतिष्ठित व्यक्तियों के चयन की सिफारिश की थी।

दोनों आयोग का मुख्य उद्देश्य राज्यपाल पद को केंद्र के राजनीतिक एजेंट के बजाय एक तटस्थ संवैधानिक पद बनाना और राज्य के बाहर के व्यक्ति को नियुक्त करना है। इसके अनुसार, संविधान में यह प्रावधान करने के लिए संशोधन किया जा सकता है कि राज्यपालों की नियुक्ति से पहले राज्यों के मुख्यमंत्रियों से परामर्श किया जाएगा। ऐसा करने से राज्यपालों और निर्वाचित सरकारों के मध्य सभी मुद्दों का समाधान नहीं हो जाएगा। अलबत्ता महत्वपूर्ण विधायी मुद्दों पर मतभेद को कम करने और वार्षिक संबोधन जैसी पारंपरिक प्रथाओं पर टकराव से बचने के लिए यह अच्छा प्रस्थान-बिंदु हो सकता है। कुल मिलाकर स्थिति ऐसी है कि राज्यपाल की क्या हैसियत हो, उसके क्या अधिकार हों, कौन उसे नियुक्त करे, और कैसे यह सुनिश्चित हो कि अगर राज्य में दूसरी पार्टी की सरकार है तो सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव की स्थिति न बन जाए। इन सभी मुद्दों पर विचार की जरूरत है, इन सभी मुद्दों पर विचार करने की आवश्यकता है। संविधान के प्रावधान और व्यवहार में उनके अनुपालन में आने वाली समस्याओं का हल खोजा जाना जरूरी है।

(अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ)

साहित्य



## 3 बहनें – उन्माद हावी...!

**संजय एम तराणेकर**


गाजियाबाद की सोसायटी में,
रात दो बजे ऐसी घटना घटी।
पूरे देश को दिया हैं झकझोर,
तब तक भी नहीं हुई थी भोर।

तीन सगी बहनों के दिमाग पे,
एक कोरियन गेम का असर।
पाखी, प्राची थी और विशिका,
उन्माद हुआ हावी विभीषिका।

तीनों बहनें नौवीं मंजिल कूदी,
समय रहते पालक न लें सुधि।
ये मोबाइल एवं गेम्स से संपर्क,
तीनों को भयानक लत में ज़र्क।

के-पॉप-ड्रामा क्रेज में जेन-जी,
टीनएजर्स पीढ़ी न बने फेन-जी।
रोकों ये आत्मघातियों के कदम,
रिश्तों की अहमियत भरो दम।

(संदर्भ-तीनों बहनें नौवीं मंजिल से नीचे कूद गईं।)



## राशिफल

**मेष:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति के लिए मन चिंतित होगा।

**वृषभ:-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुन:-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**कर्क:-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंह:-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्या:-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्टा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा।

**तुला:-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनु:-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकर:-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभ:-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीन:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। धैर्यपूर्वक महत्वपूर्ण योजनाओं को क्रियान्वित करें।

# 'घूसखोर पंडित' फिल्म विवाद से उपजे सवाल

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

अब यह भ्रम टूट जाना चाहिए कि भारतीय सिनेमा और ओटीटी मनोरंजन कर रहे हैं। सच यह है कि ये प्लेटफॉर्म आज यह तय कर रहे हैं कि समाज में अपराधी कौन है। हालांकि फिल्म घूसखोर पंडित पर देशभर में न सिर्फ ब्राह्मण समाज बल्कि बीएसपी प्रमुख मायावती से लेकर अन्य जाति-बिरादरियों के प्रमुखों की आई आपत्तियों और एफआईआर दर्ज होने के बाद फिल्म मेकर्स ने प्रमोशनल मटेरियल को हटाने का फैसला लिया है, किंतु इस दिशा में हो रहे नकारात्मक प्रयासों ने फिर ये बताया है कि हिन्दू समाज को तोड़ने के लिए उसमें जाति के आधार पर वैमनस्य पैदा करने तथा किसी की पहचान को आरोपित करने के लिए कैसे कला के नाम पर वैचारिक हमला किया जा सकता है।

नीरज पांडे और मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' को आप महज एक फिल्म के शीर्षक तक सीमित मत रखिए, कहना होगा कि यह उस दीर्घकालिक और सुनियोजित नैरेटिव का विस्तार है, जिसके तहत भारतीय समाज के भीतर एक वर्ग और एक पहचान को अपराध, पतन और नैतिक गिरावट के प्रतीक के रूप में स्थापित किया जा रहा है। पिछले कई दशकों से भारतीय दर्शक एक अजीब दोहरे मानदंड का साक्षी है। जब आतंकवाद या हिंसा दिखाई जाती है, तब यह तर्क बार-बार दोहराया जाता है कि आतंकवाद का कोई मज़हब नहीं होता। फिल्मों और वेब सीरीज में आतंकवादी की धार्मिक पहचान को जानबूझकर धुंधला किया जाता है, नाम बदले जाते हैं, पृष्ठभूमि छिपा दी जाती है, ताकि किसी विशेष समुदाय की भावनाएं आहत न हों किंतु जैसे ही विषय भ्रष्टाचार, शोषण या सत्ता का दुरुपयोग होता है, कैमरा अचानक जनेऊ, तिलक, पूजा-पाठ और उपनाम पर टिक जाता है। यह चयनात्मक संवेदनशीलता अपने आप में एक गंभीर सवाल खड़ा करती है।

'घूसखोर पंडित' शीर्षक यह स्पष्ट करता है कि यहाँ घूसखोरी किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत विकृति न मानकर एक पहचान की विशेषता के रूप में प्रस्तुत की जा रही है। यही वह बिंदु है जहाँ कला की स्वतंत्रता का तर्क कमजोर पड़ जाता है। क्या कोई फिल्मकार घूसखोर मौलाना या घोटालेबाज पादरी जैसे शीर्षक रखने का साहस कर सकता है? यदि उत्तर नहीं है तो इसका अर्थ यह है कि यह स्वतंत्रता नहीं, सुरक्षित लक्ष्य चुनने की रणनीति है। देखा जाए तो भारतीय सिनेमा में यह प्रवृत्ति अचानक नहीं आई। दशकों से पात्रों का निर्माण उनके उपनाम और जातीय पहचान के आधार पर किया जाता रहा है। ब्राह्मण या पंडित को अक्सर लालची, चालाक, षड्यंत्रकारी या सत्ता से चिपका हुआ दिखाया गया। राजपूत या ठाकुर को अत्याचारी जमींदार के रूप में सीमित कर दिया गया, जबकि उनके ऐतिहासिक योगदान, बलिदान और राष्ट्ररक्षा की भूमिका को हाशिये पर डाल दिया गया। बनिया पात्र को सूदखोर और अमानवीय दिखाने की परंपरा भी किसी से छिपी नहीं है। आज यह लगातार दोहराया गया पैटर्न बन चुका है, जिसे धीरे-धीरे समाज के अवचेतन में बैठाने का प्रयास हो रहा है।

धार्मिक प्रतीकों का चित्रण भी इसी असंतुलन को दर्शाता है। मंदिरों को अक्सर अंधविश्वास, पाखंड और षड्यंत्र के केंद्र के रूप में दिखाया जाता है, जबकि मस्जिद या दरगाह को शांति, करुणा और आध्यात्मिकता का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत किया जाता है। यह तुलना स्वतः ही दर्शक के मन में एक वैचारिक झुकाव पैदा करती है। यह कहना कठिन नहीं कि यह कला का स्वाभाविक विकास न होकर एक खास मानसिक दिशा में सोच को मोड़ने का प्रयास है। कई वेब सीरीज में सवर्ण पात्रों को मानसिक रूप से विकृत, जन्मजात अपराधी या नैतिक रूप से दिवालिया दिखाया जाना इसी दिशा की ओर संकेत करता है। यह सिविल कॉन्फ्लिक्ट नैरेटिव का निर्माण है।

यह नैरेटिव केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं है। विश्वविद्यालय परिसरों में, खासकर जेएनयू, जादवपुर जैसे संस्थानों में, 'ब्राह्मण' या 'पंडित' शब्द को गाली और अपराध के प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया जाना इसी मानसिकता का विस्तार है। यह एक ऐसा प्रयोग है, जिसमें हिंदू समाज को बाहरी शत्रु से नहीं, आंतरिक विभाजन के माध्यम से कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। चिंताजनक पहलू यह है कि इस प्रक्रिया में बड़ी भूमिका उन्हीं लोगों की है, जो स्वयं इसी समाज से आते हैं। वैश्विक स्वीकृति, पुरस्कार और वैचारिक प्रमाणपत्र पाने की होड़ में अपनी ही जड़ों को कटघरे में खड़ा करना एक खतरनाक प्रवृत्ति बन चुकी है।

यदि वैश्विक सिनेमा से इस सोच की तुलना की जाए तो अंतर और स्पष्ट हो जाता है। हॉलीवुड या यूरोप में अपराध को व्यक्ति की कमजोरी माना जाता है, उसकी नस्ल या धार्मिक पहचान को शीर्षक का हिस्सा नहीं बनाया जाता। भारत में यह इसलिए संभव है क्योंकि यहाँ का बहुसंख्यक समाज सहिष्णु है और प्रतिक्रिया में संयम बरतता है। अब इस स्थिति से निपटने के लिए सिर्फ भावनात्मक प्रतिक्रिया पर्याप्त नहीं है। जागरूकता के साथ-साथ ठोस नीतिगत कदम उठाने की आवश्यकता है। जैसे सिनेमा के लिए सेंसर बोर्ड है, वैसे ही ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए भी स्पष्ट और प्रभावी नीति बनाई जानी चाहिए, जो नाम, जाति और आस्था के आधार पर सामूहिक अपराधीकरण को रोके। जानबूझकर नफरत फैलाने और सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**(लेखक, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### छींटाकशी करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** नगर में बहन के साथ छींटाकशी करने वाले युवक का विरोध करने पर आरोपी युवक ने बीती रात लकड़ी के चैले एवं चाकू से मार घायल कर दिया जिसे सरकारी अस्पताल से गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। नगर के मराठीपुर निवासी हर्षित सोनी 21 वर्ष पुत्र नारायण सोनी को मोहल्ले के ही शेखर यादव 14 वर्ष पुत्र सुजीत कुमार से के मध्य आपसी कहा सुनी को लेकर दोनो पक्षों में मारपीट शुरू हो गई जिसके चलते दोनों पक्षों के परिजन मौके पर इकट्ठे हो गए झगड़े के दौरान लकड़ी के चैले एवं चाकू से हर्षित पर हमला कर लहूलुहान कर दिया जिसे सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया जहा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में मुख्यालय रेफर कर दिया गया हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने आरोपी शेखर यादव को हिरासत में ले लिया है।चर्चा है कि शेखर यादव ने कन्हैया उर्फ हर्षित सोनी की बहन के साथ छींटा कशी की थी जिसका विरोध कन्हैया ने किया था। फिलहाल इस घटना का एक लाइव वीडियो भी फेसबुक में वायरल हो रहा है। इस मामले में है कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह का कहना है कि अभी तक किसी भी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुई तहरीर मिलने पर यथोचित कार्यवाही की जाएगी

### गाली-गलौज करने की तहरीर पुलिस को दी

**कुरारा, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के सरसई गांव निवासी महिला ने गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट किए जाने की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।क्षेत्र के सरसई गांव निवासी महिला आराधना पत्नी राजेश प्रजापति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सत्रह जनवरी को देवर मूलचंद्र सास शिवकांती ने गाली गलौज किया जब मैंने उनको मना किया तो मेरे पति ने मेरे साथ मारपीट की तथा घर से निकालने की धमकी दी।वह लोग आए दिन मेरे साथ मारपीट करते हैं। तथा जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने राजेश , मूलचंद्र पुत्रगण दिनेश प्रजापति व सास शिवकांती पत्नी दिनेश के विरुद्ध मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### तीसरे दिन पुलिस को दी चोरी की तहरीर, नकदी का ज़िक्र नहीं, सीसीटीवी की डीवीआर नहीं दी

**भरुआ सुमेरपुर।** लवजिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपी के घर पर हुई चोरी की तहरीर शनिवार को पुलिस को सौंपी गई। इस तहरीर में नकदी का कोई ज़िक्र नहीं किया गया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी पुलिस को नहीं दी गई है। पुलिस घटना को संदिग्ध मानकर जांच कर रही है गत 15 जनवरी को कस्बे में हुए लव जिहाद, गैंग रेप एवं धर्मांतरण के दबाव के मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफ़ान खान के पैतृक आवास में दो दिन पूर्व चोरी की घटना हुई थी। चोर लाइसेंसी दोनाली बंदूक के साथ सोने चांदी के जेवरात एवं नकदी ले गए थे। शनिवार को इस घटना की तहरीर आरोपी मौलाना खान की मां जेबुन्निशा की ओर से पुलिस को दी गई। इसमें नकदी का कोई जिक्र नहीं किया गया। जबकि शुक्रवार को आरोपी मौलाना खान के पिता मुईनुद्दीन उर्फ लल्लू भाईजान ने पांच लाख नकदी ले जाने का भी दावा किया था। दोनाली बंदूक का लाइसेंस मुईनुद्दीन के नाम है। तहरीर में 20 तोला सोने के जेवरात, 300 ग्राम चांदी की जेवरात के साथ बंदूक और कारतूस चोरी होने का ज़िक्र किया गया। घटना 4/5 फरवरी की रात को दर्शायी गई है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि आरोपी घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर नहीं दे रहे। जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत होता है।

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, चरखारी/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं



अवैध शराब, जुआ, गांजा व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना चरखारी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष चरखारी प्रवीण कुमार सिंह द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त ऋषिपाल उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र अनारीलाल, निवासी ग्राम टोलासोयम, थाना चरखारी, जनपद महोबा को सूपा चौराहे से ग्राम सूपा की ओर जाने वाली सड़क कस्बा चरखारी से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक अदद अवैध जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। थाना पुलिस के अनुसार बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना चरखारी पर मु0अ0सं0 18/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### चोरों की धमाचौकड़ी से क्षेत्र वासियों में दहशत

**समृद्धि न्यूज, अजनर महोबा।** थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव में विगत रात्रि चोरों ने सूने घरों को निशाना बनाकर हाथ साफ कर हजारों का माल चोरी कर ले गये। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है पीड़ित मांगना अहिरवार पुत्र धूना ने पुलिस को शिकायत पत्र में कहा है कि वह मेहनत मजदूरी करके दिल्ली में रहकर अपना भरण पोषण करता है चोरों के द्वारा लगभग डेढ़ लाख रुपए की चोरी सोने चांदी के जेवरात ले गए जब उसके गेट की कुंडी नहीं खुली तब खिड़की की रेलिंग तोड़कर अंदर प्रवेश कर सोने चांदी के गने ले गए इसी प्रकार तेजवा पुत्र हल्लू अहिरवार मेहनत मजदूरी के लिए दिल्ली में निवास करता है चोरों के द्वारा सुना घर पाकर सोने चांदी के लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के जेवरात ले उड़े इसकी दीवार बांधकर अंदर घर में प्रवेश किया सुबह जब देखा की कमरों के ताले टूटे हुए हैं तब 112 डायल को सूचना दी और वह मौके पर पहुंची।

ग्रामीणों का कहना है कि विगत 7 दिन पहले जगत राज पुत्र तिलवा के घर भी चोरी हुई थी जिसका पुलिस अभी तक कोई खुलासा नहीं कर पायी जिस कारण चोरों के हौसले बढ़ गए और आज इकट्ठे तीन घरों के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए पीड़ितों ने थाने में ताहिर दी और कठोर कार्रवाई एवं माल बरामद करने की मांग की है लोगों का कहना है कि क्षेत्र में ना तो कभी अगस्त लगाया जाता है ना किसी की टिकट ड्यूटी लगाई जाती है।

# जनकल्याणकारी है 2026 का बजट : राज्यमंत्री

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भाजपा जिला कार्यालय में बजट 2026 के तहत आयोजित प्रेस वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बजट 2026 की जनकल्याणकारी सोच एवं प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि बजट 2026 में किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार एवं कृषि अवसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार, कौशल विकास और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की ठोस व्यवस्था की गई है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद, जिला महामंत्री नरवेंद्र सिंह, के के त्रिवेदी, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मन्मथनाथ गुप्त की जयंती पर किया गया नमन

**भरुआ सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने महान क्रांतिकारी मन्मथनाथ गुप्त की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि मन्मथनाथ गुप्त देशधर्म और रचनाधर्म के सच्चे साक्षी थे तथा उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता डॉ. भवानीदीन ने बताया कि मन्मथनाथ गुप्त का जन्म 7 फरवरी 1908 को बनारस में हुआ था। वे 13 वर्ष की उम्र से ही स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए थे और काकोरी ट्रेन डकैती में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। काकोरी कांड में उन्हें 14 वर्ष का कठोर कारावास मिला। उन्होंने लगभग 80 पुस्तकें लिखीं। उनका निधन 26 अक्टूबर 2000 को हुआ।

## थाने में आयोजित हुई पुलिस पाठशाला छात्र-छात्राओं को दी नियमों की जानकारी



**भरुआ सुमेरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाने में पुलिस पाठशाला का आयोजन करके छात्र-छात्राओं का हेल्पलाइन नंबरों के साथ यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी देकर नियमों का पालन के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा शर्मा के निर्देश पर शनिवार को थाने में पुलिस पाठशाला का आयोजन किया गया। इस पाठशाला में कस्बे के विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। एस आई प्रियंका ने छात्र-छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों के साथ यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट लगाने तथा हाईवे आदि में पैदल चलने सड़क पार करने के नियमों की जानकारी देकर नियमों के पालन करने के निर्देश दिए।

## नेत्र शिविर में 120 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें से 39 मरीज पाये गये



**भरुआ सुमेरपुर।** सदर विधायक के बांकी मार्ग स्थित आवास में आयोजित नेत्र शिविर में 120 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मोतियाबिंद के लिए 39 मरीज पाए जाने पर ऑपरेशन के लिए कानपुर ले जाया गया है। डॉक्टर जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय की टीम ने सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति की बांकी स्थित आवास में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ सदर विधायक ने किया। इसके उपरांत डॉक्टर सौरभ सिंह के नेतृत्व में आई टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर में 120 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया इस मौके पर पौथिया के प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान, योगेंद्र दीक्षित, कमलेश प्रजापति, गीता आदि मौजूद रहे।

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर ग्रामीणों ने वीरा के पास कट बनाने की मांग की

**गोहांड हमीरपुर।** वीरा ग्राम के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर कट बनवाने के लिए ग्राम वासियों व आसपास के जुड़े सैकड़ो गांव वालों ने एक्सप्रेसवे के बनते समय व बनने के पश्चात भी कई बार शासन से मांग की व धरना भी दिया था लेकिन प्रशासन ने नहीं सुनी अब चिकासी मुहाना पुल के डेढ़ माह के लिए बंद होने पर लोगों को बहुत परेशानी हो रही है इस माह में विवाह और स्कूल के बच्चों की बोर्ड की परीक्षाएं हैं अभिभावक भी परेशान है बसों व निजी वाहनों से जाने वाले यात्रियों को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे उरई से राठ जाना पड़ रहा है और वहां से फिर वापस आने पर उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहे हैं माल ढुलाई में भी परेशानी हो रही है व मरीजो को परेशानी हो रही है।

## उच्च न्यायालय में होनी वाली अगली सुनवाई पर टिकी लोगों की नजरें

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में हुए लवजिहाद,गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव के आरोपियों द्वारा उच्च न्यायालय में दाखिल की गई याचिका की सुनवाई पर कस्बावासियों की नजर टिकी हुई हैं। आगामी 9 फरवरी को उच्च न्यायालय इस प्रकरण पर सुनवाई करेगा। तब तक प्रशासन को आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगी हुई है। इससे प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।लव जिहाद, गैंगरेप एवं धर्मांतरण के दबाव की घटना कस्बे में गत 15 जनवरी को हुई थी। इस घटना ने कस्बे का माहौल तनावपूर्ण बना दिया था। तनाव को कम करने के लिए प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्यवाहियां करके आक्रोश कम करने का प्रयास किया था। मुख्य आरोपी अबान उर्फ अफ़ान खान को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने तथा मुख्य आरोपी के पिता को मुकदमा दर्ज करने के पूर्व हिरासत में लिया था। प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाइयों से आरोपियों में दहशत व्याप्त हो गई थी। नगर पंचायत द्वारा रिहायशी मकानों में नोटिस चस्पा करने के बाद आरोपी संपत्ति बचाने के लिए उच्च न्यायालय की शरण में पहुंचे हैं। इस प्रकरण की आगामी 9 फरवरी को सुनवाई होनी है। तब तक न्यायालय ने किसी तरह की कार्यवाही पर रोक लगा रखी है। अब कस्बा वासियों की नजरे 9 फरवरी को होने वाली सुनवाई की तरफ लगी हुई है। प्रशासन भी हाईकोर्ट के निर्देश के बाद बैकपुट में आ गया है बता दें कि मुख्य आरोपी के परिजनों का इंडियन लाज सिंचाई विभाग की बंधी को ध्वस्त करके बनाया गया है। बंधी की जमीन पर कब्जा करने वालों के लिए हाईकोर्ट ने 2021 में ही आदेश देकर खाली कराने को कहा था। इस घटना के बाद उच्च न्यायालय का यह आदेश सुर्खियों में है। उस समय जिला प्रशासन ने हलफनामा देकर इसको खाली करने के लिए छह माह का समय मांगा था। इसके बाद इस आदेश को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। इसके अलावा आरोपियों के अन्य मकानों के नक्शे नगर पंचायत से पास नहीं कराए गए थे, न ही टैक्स आदि जमा किया जा रहा है। इसी को आधार बनाकर नगर पंचायत ने नोटिस जारी किए थे। इन सभी मुद्दों पर उच्च न्यायालय में 9 फरवरी को सुनवाई होनी है। इस सुनवाई के बाद ही प्रशासन के अगले कदम की स्थिति स्पष्ट होगी। लेकिन नौ फरवरी तक न्यायालय ने किसी भी तरह की कार्यवाही करने से साफ मना कर दिया है।

## फरियादियों की प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनकर धरातल पर करें निस्तारण : अपर जिलाधिकारी

- **महोबा तहसील दिवस में 18 प्राप्त शिकायतों में 3 किया निस्तारण व चरखारी तहसील दिवस में प्राप्त 48 शिकायतों में से 2 का निस्तारण किया गया**

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**




संपूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखवीर सिंह की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक प्रवल प्रताप सिंह की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर एक सप्ताह में निस्तारण करने के निर्देश देते हुए अपर जिलाधिकारी न्यायिक ने कहा कि इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो शिकायतें आई हैं, उन्हें हर हाल में मौके पर जाकर दोनों पक्षों के बीच गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना चाहिए। इसमें कोई भी शिकायत दोबारा नहीं आना चाहिए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखबीर सिंह की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की मौजूदगी में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में 93 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा शिकायतें पुलिस व राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुई हैं। जिन्हें निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को सौंप दी गई है। समाधान दिवस में नगर के कांशीराम कालोनी का मुद्दा छाया रहा। जिसमें आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने समाधान दिवस पर पहुंच कर कालोनी में बिजली, पानी, साफ सफाई का मुद्दा उठाया। कालोनी निवासी अभिलाषा, ठाकुरदास, राहुल खरे, नूर नबी, पवन, मदीना, मनीष, महेन्द्र सोनी, सपना सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों ने शिकायत में कहा कि 15 दिन से कालोनी में लाइट नहीं आ रही, न ही रोड लाइन जल रही, पूरी कालोनी में अंधेरा छाया रहता है, बच्चे पढ़ नहीं पा रहे। उन्होंने पानी की उचित व्यवस्था व पार्कों की सफाई व्यवस्था कराने व बिजली चालू कराने की मांग की है। इसी प्रकार अधिवक्ता बार संघ अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह यादव, अभिषेक यादव, निशांत सिंह, हसमत, संदीप सिंह आदि ने शिकायत देते हुए कहा कि तहसील के सामने सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर को हटाकर अन्य जगह स्थापित किया जाए। सड़क से सटे ट्रांसफार्मर से रात्रि में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा के वाद किया गया विशाल भण्डारे का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।**



विकास खण्ड जैतपुर के ग्राम मुढारी में प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर भंडारे को सफल बनाया। बता दें अक्सर धार्मिक उत्सवों भागवत कथाओं, मंदिर प्राणप्रतिष्ठाओ, हवन-पूजन आदि के समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें सैकड़ो हजारों श्रद्धालुओं के लिए सर्वोत्तम महाप्रसाद की व्यवस्था की जाती है। भंडारा करना सबसे महान धार्मिक और पवित्र कार्यों में से एक है, जो भक्तों को जीवन में आने वाली विपत्तियों से बचाता है। भंडारा कराना अच्छे कर्मों का प्रतीक माना जाता है। इससे भक्तों और दानदाताओं को संतुष्टि और प्रसन्नता मिलती है। 7 फरवरी दिन शनिवार को स्थान मुढारी के चौबे तालाब पर मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा व हवन - पूजन के उपरांत भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र व गांव के हजारों श्रद्धालुओं और भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भंडारा को सफल बनाया।

## नोटिस जारी होने के बाद विधायक पुत्र के समर्थन में आए पिता पूर्व सांसद

- **अगर बेटा ने गलती की है तो योगी जी के सिर रखकर पैर छूएगा, पार्टी का संविधान सभी के लिए एक समान : पूर्व सांसद**

**समृद्धि न्यूज, महोबा।** जल शक्ति मंत्री का काफिला रोककर सुर्खियों में आए चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत के खिलाफ संगठन के द्वारा नोटिस जारी होने के बाद विधायक के पिता पूर्व सांसद गंगा चरण ने कहा कि योगी आदित्यनाथ पर बयान देना गलत है। अगर विधायक ने गलत किया है कि वह योगी आदित्यनाथ से माफी मांगेंगे। विधायक की मंशा मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करने का कोई आशय नहीं था। जुबान फिसलने से वह कुछ बोलना चाहते थे मगर कुछ शब्द निकल गए। बता दें कि जल जीवन मिशन के कार्यो को लेकर एक सप्ताह से चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत सुर्खियों में है। विधायक के पिता पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत भी अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में है।

विधायक ने कहा कि नोटिस जारी हुआ है मगर उसकी जानकारी नहीं है। भाजपा अनुशासित पार्टी है और हमेशा अनुशासन को लेकर काम करती है।

अगर विधायक की गलती होगी तो वह सिर रखकर पैर छूएंगा अगर गलती नहीं है तो वह बता देगा कि वह जनता की मांग उठा रहे है।

कहा कि योगी आदित्यनाथ पर बयान देने पर विधायक को मैने डांटा तो वह गुस्सा होकर घर से चला गया है। कहा कि जल जीवन मिशन के कार्य 6 साल बाद भी अधूरे है। ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोद दिया।

कहा कि संविधान सभी के लिए बराबर है। अगर विधायक ने गलती की है तो उन्हें नोटिस मिलना चाहिए अगर मंत्री ने अपराध किया है कि उन्हें भी नोटिस मिलना चाहिए।

पार्टी सभी के लिए समानता का व्यवहार करेगी। संविधान के तहत उमा भरती और कल्याण सिंह, गोविंद्राचार्य पर कार्रवाई हो चुकी है। संविधान के अनुसार पार्टी काम करें। नोटिस अगर जारी हुआ है तो जवाब दिया जाएगा।

अगर विधायक ने अनुशासान हीनता की है तो वह माफी मांगते है। मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री के ऊपर पार्टी का संविधान है।

## मिशन शक्ति 5.0 के तहत ग्राम बम्हौरी कलां में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, चरखारी/महोबा।** महिला कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 एवं बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के दिशा-निर्देशन में ग्राम बम्हौरी कलां में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालकों एवं बालिकाओं तथा ग्रामीणजन को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया तथा बाल विवाह को एक सामाजिक बुराई एवं दण्डनीय अपराध बताया गया ।महिला



चौकी प्रभारी थाना चरखारी, उप निरीक्षक सुश्री शिल्पी राजपूत द्वारा संचालित टोल फ्री नंबर 112, 1098, 1090, 181 व 1076 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह से जनरल स्पेशलिस्ट श्रीमती रीता चौरसिया द्वारा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित विधवा पेंशन योजना—की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही घरेलू हिंसा, बाल विवाह रोकथाम, लैंगिक समानता एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, उरई (जालौन)।** शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कोंच के तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील कोंच के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए फरियादियों की शिकायती प्रार्थना पत्रों को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। आज सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 29 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें



8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस का उद्देश्य यही है कि जनता बिना संकोच के अपनी समस्याएं रख सके और प्रशासन उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करे। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या विलंब किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जमीन विवाद, घरेलू हिंसा, धोखाधड़ी, असामाजिक तत्वों की गतिविधियां एवं शांति भंग की श्रेणी में आने वाली शिकायतों पर तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी, सीओ, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## गौ आधारित प्राकृतिक खेती मेला संगोष्ठी की तिथियां घोषित

**उरई (जालौन)।** उप कृषि निदेशक एसके उत्तम ने समस्त उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी को बताया कि गौ-आधारित प्राकृतिक खेती योजनान्तर्गत मेला, गोष्ठी आयोजन तथा प्राकृतिक खेती उत्पादों के विपणन हेतु क्रेता विक्रेता संगोष्ठी कराया जाना निर्धारित किया गया है। जिससे किसानों को गौ-आधारित प्राकृतिक खेती की जानकारी दी जा सके। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड स्तरीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती के मेला, गोष्ठी आयोजन हेतु तिथियां निर्धारित की गयी जिसमें आयोजन 16 फरवरी आयोजन स्थल कृषि विज्ञान केन्द्र रूरा मल्लू (जालौन) में किया जाएगा।

## ऑस्कर कैफे हुक्का कांड कार्रवाई के नाम पर सवालों का धुआं पुलिस की कहानी में कई छेद

- कैफे में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई पुलिसिया कार्रवाई
- बगैर किसी अपराध के युवक, युवतियों को पुलिस क्यों ले आयी थी कोतवाली

**समृद्धि न्यूज, उरई (जालौन)।** सदर कोतवाली के जेल चौकी क्षेत्र में दो दिन पूर्व कोतवाली उरई पुलिस द्वारा जालौन रोड स्थित ऑस्कर नामक कैफे पर की गई कार्रवाई अब खुद पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस ने धुआं में जिस कार्रवाई को अंजाम दिया उसमें अनगिनत छेद ही नजर आ रहे हैं। फिर पकड़े गये युवक, युवतियों को छोड़ने में हुई कथित सौदेबाजी कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली पर ही सवालिया निशान खड़ा कर देती है। बताया जाता है कि पुलिस के एक खबरी द्वारा सूचना दी गई कि उक्त कैफे में अनावश्यक रूप से प्रतिबंधित हुक्का युवाओं को पिलाया जा रहा है जिसमें नशीले तंबाकू मिश्रित फ्लेवर का उपयोग कर नई पीढ़ी को नशे का आदी बनाया जा रहा है। सूचना को गंभीर मानते हुए कोतवाली उरई की टीम ने कैफे पर छापा मारा। पुलिस का दावा है कि छापेमारी के दौरान कैफे से कई हुक्के, हुक्का फ्लेवर और नशीले तंबाकू के डिब्बे बरामद किए गए जिन्हें अपने कब्जे में ले लिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से 13 लड़के और 3 लड़कियों को पकड़कर कोतवाली लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार पकड़े गए 13 लड़कों को कोतवाली के मुंशीखाने में जहां सामान्यतः अन्य पुरुष कैदियों को बैठाया जाता है वहीं बैठाया गया जबकि तीनों लड़कियों को उसी मुंशीखाने में बने एक अलग कमरे में रखा गया। चौंकाने वाली बात यह है कि जब ऑस्कर कैफे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया तो उसमें पुलिस द्वारा यह दर्शाया गया कि छापेमारी के समय कैफे में केवल तीन ही लोग मौजूद थे।

# कार्यकर्ता कर रहे एसआईआर में धांधली रोकने का कार्यः गोप

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

एसआईआर प्रभारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में आयोजित जिला बैठक में कार्यकर्ताओं को बदलाव के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि किसी पार्टी संगठन के कार्यकर्ता और नेता जब एकजुट होकर किसी कार्य को करने की ठान लेते हैं तो वह कर निश्चित तौर पर पूरा होता ही होता है इसका जीता जागता उदाहरण जनपद में चल रही एसआईआर प्रक्रिया है जिसमें



कार्यकर्ताओं ने पूरे परिश्रम मेहनत से कार्य करते हुए विपक्षियों के सभी नापाक मंसूबों को नाकाम करने का काम किया है। हम सबको फार्म 7 के दुरुपयोग की जो निरंतर शिकायतें आ रही है उस पर भी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के दिशा निर्देशों को मानते हुए कार्य करना होगा हमें आम मतदाताओं को जागरूक करने के साथ खुद भी अपने बूथ पर एक एक वोट की रक्षा करनी होगी पूरी सतर्कता से फर्जी फॉर्म 7 को रोकना होगा क्योंकि हर मतदाता का वोट महत्वपूर्ण है संविधान ने जो हमें अधिकार दिया है उसकी रक्षा सुरक्षा करना हम सब का नैतिक दायित्व बनता है राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव निरंतर आम जनमानस के हक अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ रहे हैं हमको उनके कंधे से कंधा मिलाकर 2027 के चुनाव के लिए अभी से तैयारी करनी होगी और हर मतदाता के मताधिकार को सुरक्षित करना होगा तभी अखिलेश यादव की मेहनत और हम सबका परिश्रम सार्थक होगा। अपने.अपने बूथ पर सजग रहते हुए किसी पात्र मतदाता का वोट ना कटने दे और जिन मतदाताओं के वोट बढ़ाने वाले हैं उनके फार्म भरवा कर बीएलओ के पास जमा कर कर उनके वोट बढ़ाने का काम करें तभी हमारे नेता अखिलेश यादव 2027 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर प्रदेश वासियों की तकदीर और तस्वीर संवारने का काम कर सकेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने भी सम्बोधित किया।

## आज होगा सत्संग सभा का आयोजन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। रामायण महासभा पेचरूवा धाम द्वारा शुक्रवार से आयोजित रामचरितमानस सम्मेलन में रविवार को सत्संग सभा का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें श्री श्री 1008 महंत लालता दास जी महाराज, स्वामी बाल भारत जी महाराज अयोध्या धाम, डॉक्टर कृष्ण कुमार मिश्रा, स्वामी ओमप्रकाशानंद, रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर, रामकिंकर मिश्र, अवधेश कुमार शुक्ला तरंग, राम अनुज मिश्र भागवताचार्य हैदरगढ़ सहित लगभग दो दर्जन संत विद्वान हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को रामचरितमानस के अखंड पाठ से शुरू हुए सम्मेलन में शनिवार को पूंजन हवन के उपरांत बहुताधाम, हैदरगढ़ व रायबपुर मंडल द्वारा भजन कीर्तन सन्ध्या का आयोजन हुआ।

# केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए आयोजित हुई चौपाल

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।



केंद्रीय बजट पर चर्चा के लिए विकास खंड सभागार में शनिवार को विधानसभा स्तरीय चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रधानों क्षेत्र पंचायत सदस्यों व्यापारियों पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया बजट पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि विधायक दिनेश रावत ने कहा कि हमारी सरकार गांव और शहरों के बीच की दूरी मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है यही कारण है कि सरकार लगातार गांव के समग्र विकास के लिए बचत बढ़ा रही हैं। इस बार के बजट में गांव के विकास के लिए 84ः धनराशि बढ़ा दी गई है, जहां एक ओर गांव की विकास के लिए धन बढ़ाया गया है वही सरकार द्वारा दिया गया शत प्रतिशत बजट जनता के विकास में खर्च हो इसके लिए निगरानी भी बढ़ाई गई है। उन्होंने प्रधानों को आश्वस्त किया कि मनरेगा के तहत बकाया धनराशि का शत प्रतिशत का भुगतान किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक बजट बताते हुए कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी मिलने वाला बजट है। इस बजट में किसानों नौजवानोंएशिक्षाए स्वास्थ्य के लिए भरपूर बजट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल ने भी संबोधित किया। संचालन मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा मोहित ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह भाजपा नेता हरिकृष्ण शुक्लाए सौरभ मिश्राए शेखर मिश्राए पूर्व प्रधान कुशमेश मिश्राए महादेव पाठकए प्रधान रामकिशोर मिश्रा बेहटाएसुशील कुमार घरकोइया सुरेंद्र सिंह मंगोवा प्रधान बबलू सिंह प्रधान अखिलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

जैदपुर, बाराबंकी। पल्हरी गांव के निकट पशु बाजार के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पल्हरी गाँव के निकट पशु बाजार के पास लखनऊ अयोध्या हाईवे पर शनिवार करीब 1:20 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय व राहगीरो की भीड़ एकत्रित हो गई और स्थानीय लोगो ने परिजनों व एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुँची घायल को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायल बाइक सवार की पहचान पल्हरी गांव के शिवकुमार यादव के रूप में हुई। जो की पेशे से सरकारी टीचर है और किसी कार्य से बाराबंकी जा रहे थे गाँव से कुछ ही दूरी पर पशु बाजार के पास ही पहुँचे थे कि पीछे से अज्ञात चार पहिया वाहन की टक्कर से यह हादसा हुआ है।

# अंतर्जनपदीय चोरों का गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।

थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर अन्तर्जनपदीय चोर-लुटेरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे निशादेही से लूट-चोरी के सोने व चांदी के गहने, 12,200 रुपये, घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल व एक अदद तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा जनपद में हुई लूट व चोरी की घटनाओं का शीघ्र अनावरण करने व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में शनिवार को थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण मो. वाहिद पुत्र मो. रसीद निवासी ग्राम शकरपुरवा मजरे शकरा थाना काकोरी जनपद लखनऊ, मो. अतीक पुत्र



मुन्ना निवासी पिंक सिटी, गंगा विहार थाना पारा जनपद लखनऊ, शाने आलम उर्फ शानू पुत्र स्व. मजीद निवासी पाल कालोनी थाना पारा जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण के कब्जे निशादेही से लूट व चोरी के सोने व चांदी के गहने, 12200 रुपये, घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोटरसाइकिल व एक अदद तमंचा व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोगों में धारा 317 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी व अभियुक्त वाहिद उपरोक्त से बरामद तमंचा के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ अभियुक्तगण का एक शातिर गिरोह है जो दुकानों व राह चलते महिलाओं के साथ लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देते है।

## नर सेवा नारायण सेवा की भावना से आयोजित हुआ सामूहिक विवाह समारोह

अमेठी समृद्धि न्यूज़। तहसील क्षेत्र तिलोई के अंतर्गत विलौली में सामाजिक सरोकार से जुड़ी एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। नर सेवा नारायण सेवा की भावना से श्रीमती शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज, विलौली में प्रथम सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में चार बेटियों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया, जहाँ पर कन्यादान को एक रस्म नहीं बल्कि महादान के रूप में निभाया गया। यह आयोजन विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र कुमार शुक्ला के प्रबंधन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजा मयंकेश्वरशरण सिंह, राकेश त्रिपाठी, राजेश विक्रम सिंह, रामप्रसाद मिश्रा, विशाल विक्रम सिंह, तेज नारायण मिश्रा, सुनील पासी, शंकर देव साहू ग्राम प्रधान विलौली, प्रियांशु त्रिवेदी, पुलक शुक्ला, सौरभ यादव, अरुण प्रताप सिंह, शिवाकांत त्रिपाठी, बबन तिवारी, कमलाकांत शुक्ल, अश्विनी कुमार शुक्ल, आनंद कुमार पाण्डेय, अंकुर शुक्ल, प्रमोद त्रिपाठी, मांझील मिश्रा एवं अवधेश श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अपराध के प्रति अपनाई जायेगी जीरो टालरेंस नीतिः एसपी

अमेठी समृद्धि न्यूज़। नवागत जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने जनपद का कार्यभार संभालते ही जनपद में कानून-व्यवस्था को लेकर बड़ा और सख्त संदेश दिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते हुए



उन्होंने कहा कि जनपद में कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और अपराध और अपराधियों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा और निष्पक्ष, पारदर्शी व संवेदनशील पुलिसिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने आगे कहा कि पुलिस टीमवर्क और अनुशासन के साथ काम करेगी तथा महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर वर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। पुलिस कप्तान द्वारा जनपद में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती और संवेदनशीलता दोनों के संकेत दिए गए हैं।

## सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राज्यमंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। दुल्हेदपुर मे मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने समीक्षा बैठक की और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री 10 फरवरी को दुल्हदेपुर कुटी में आयोजित होने वाले हनुमत विराट महायज्ञ में शामिल होंगे। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा शनिवार शाम करीब 4 बजे सिरौली गौसपुर स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं, प्रधानों और पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी और तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री तीन महीने के भीतर तीसरी बार बाराबंकी का दौरा कर रहे हैं।

# सफाईकर्मी बोले, जिला कार्यकारिणी का आदेश सर्वथा गलत



बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

शनिवार को विकासखंड परिसर के सभागार में सफाई कर्मचारियों की एक बैठक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मौजूद सफाई कर्मचारियों ने पूर्व के दिनों में जनपद की कार्यकारिणी के द्वारा बिना चुनाव कराए ब्लॉक में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को लेकर अपना विरोध प्रदर्शन शपथ पत्र एवं आक्रोशित नारेबाजी के माध्यम से जाहिर किया है। बैठक में मौजूद सफाई कर्मचारी राजेश कुमार, रामकरण, श्यामलाल, रामलखन, अजय कुमार, सुजीत साहू, जय नारायण, माला, राजू, रामहेत, बिट्टो देवी, रामप्यारी, सुनील कुमार, मालती देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, सतीश कुमार, गंगाराम, रामकुमार, रामलाल, विनोद कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार, मुन्नी देवी, संकठा प्रसाद, रमेश कुमार, शिवकुमार, फूलदुलारी, कन्हैयालाल, सत्यनारायण, चंद्रिका प्रसाद, गायत्री देवी आदि सफाई कर्मचारियों ने जिलाअध्यक्ष/मंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ रायबरेली, खंड विकास अधिकारी बछरावां, जिला पंचायत राज अधिकारी रायबरेली, प्रदेश अध्यक्ष/मंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश को शपथ पत्र देते हुए जिला कार्यकारिणी के मन मुताबिक आदेश पर अपना आक्रोश जाहिर करते हुए नारेबाजी की है और उक्त सफाई कर्मियों का कहना है कि जिला कार्यकारिणी के द्वारा जो भी आदेश जारी किया गया है, वह सर्वथा गलत प्रतीत होता है। हम सभी का यह कहना है कि विकासखंड बछरावां संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष/ ब्लॉक कार्यकारिणी का निर्वाचन जब तक संपन्न नहीं हो जाता है, तब तक नीरज कुमार चौरसिया (ब्लॉक अध्यक्ष विकासखंड बछरावां) को ही हम सब अपना कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष स्वीकार करेंगे। इस मौके पर विकासखंड के समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।



## एसपी ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन

अमेठी समृद्धि न्यूज़। शुक्रवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार में समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के साथ अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सर्तक दृष्टि बनाये रखने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबन्दी की कार्यवाही, गुण्डा, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि पर सतर्क दृष्टि रखने, महिला संबन्धी अपराधों की रोकथाम व अभियान चलाकर अपराधियों की गिरफ्तारी तथा रात्रिगश्त को बढाने, बाजारों, चौराहों, सर्राफा की दुकानों, बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, दो पहिया, चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल पर नई उम्र के लड़कों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में हुआ समाधान दिवस

## जनता की समस्याओं को जरूर सुने अधिकारी, अन्यथा की जायेगी कार्रवाई



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस। फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक ले और उनका निस्तारण करें लापरवाही बरतने वालों को बक्सा नहीं जाएगा तथा जितने भी अधिकारी व कर्मचारी हैं वह अपने क्षेत्र में रहें और जनता की समस्याओं को सुने 10 से 12 तक जनता की समस्याओं को अधिकारी और कर्मचारी जरूर सुने अन्यथा उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी या उद्गार आज तहसील दिवस कीअध्यक्षता कर रहे एडीएम सिद्धार्थ कुमार व्यक्त कर रहे थे।

वही एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने कहा कि कोर्ट के मामलों को छोड़कर कोई भी मीटिंग नहीं रखी जाएगी पहली प्राथमिकता जनता के कार्यों को दें।

वही उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। तहसील दिवस पर कुल 44 शिकायती पत्र आए जिनमें से चार शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया राजस्व विभाग के 12 शिकायती पत्र पुलिस विभाग के 13 विकास से संबंधित पांच अन्य 14 शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आए इस मौके पर एसडीम गौतम सिंह नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी सीओ प्रदीप कुमार बीडीओ वर्षा सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# दर्दनाक सड़क हादसे में गई मासूम की जान, मचा कोहराम

- पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा, अज्ञात ट्रक की तलाश जारी

शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर रानीखेड़ा गांव के पास उस समय कोहराम मच गया, जब एक दर्दनाक सड़क हादसे में 1 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। उक्त स्थान पर घटित हुई इस दर्दनाक घटना से आसपास के गांवों में सन्नाटा पसर गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीना पत्नी मोनू निवासी केसर खेड़ा मजरे गूढ़ा, जो कि अपने भाई के साथ अपनी एक तीन वर्षीय बेटी और एक वर्षीय मासूम बेटे वेदांत को लेकर बछरावां दवाई लेने आई हुई थी, जैसे ही वह बछरावां से वापस अपने घर जा रही थी, तभी रानीखेड़ा गांव के पास रीना की गोद में मौजूद उनका बेटा वेदांत उसकी गोदी से गिर गया, जब तक वह कुछ समझ पाती, तब तक पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उस मासूम को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वही मासूम को कुचलने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। इस दर्दनाक घटना के पश्चात हाईवे मार्ग से गुजर रहे वाहनों ने भी अपने वाहनों को रोक लिया, जिससे मार्ग पर जाम की भी स्थिति उत्पन्न हो गई। उक्त दर्दनाक घटना की जानकारी तत्काल ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक मासूम वेदांत के शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। वही अज्ञात ट्रक की भी तलाश पुलिस के द्वारा की जा रही है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, मृतक मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

# ग्र.पं रामगढ़ में हुई बैठक निकली बे नतीजा



सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ में प्रधान पद की शक्तियों के निर्वहन को लेकर शनिवार को प्रस्तावित बैठक अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गई। कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी (पंचायत अनुभाग) गोंदलामऊ द्वारा जारी पत्रांक 445/विविध/2025-26 दिनांक 02-01-2026 के तहत ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार को निर्देशित किया गया था कि ग्राम पंचायत में सदस्यों की बैठक आयोजित कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उक्त आदेश जिलाधिकारी महोदय के निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया था, क्योंकि ग्राम प्रधान पिंकी देवी को पद से हटाए जाने के बाद प्रधान पद की शक्तियों के संचालन हेतु सदस्यों द्वारा नया नाम प्रस्तावित किया जाना था। इसके लिए एडीओ पंचायत राजेश कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। लेकिन वह बैठक में मौजूद नहीं थे और नहीं कोई ग्राम सदस्य भी बैठक में नहीं पहुंचे थे। शनिवार को ग्राम पंचायत रामगढ़ के मजरा रामपुर स्थित पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई, लेकिन नोडल अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। ग्राम पंचायत रामगढ़ के सचिव प्रदीप कुमार दूसरी ग्राम पंचायत में तैनात सचिव रमाकांत को लेकर पंचायत भवन पहुंचे, परंतु पंचायत का कोई भी सदस्य बैठक में शामिल नहीं हुआ।

स्थानीय ओमप्रकाश, बालक, राम दिनेश ग्रामीणों का कहना है कि बिना सदस्यों की उपस्थिति के बैठक की कार्यवाही दर्शाना नियमों का खुला उल्लंघन है। इस प्रकरण से पंचायत की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग उठने लगी है।

## युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास, हालत गंभीर

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदाखेड़ा गांव में शनिवार की सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इसी दौरान घरवाले जाग गए और उसको फांसी के फंदे से नीचे उतारकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने उसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। विदित हो कि थाना क्षेत्र के मदाखेड़ा गांव का रहने वाला महेश 32 वर्ष पुत्र निर्मल ने किसी बात से नाराज होकर शनिवार की सुबह घर के पीछे पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इसी दौरान घरवाले जाग गए और घर के पीछे पहुंचे। तत्काल उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया। उसकी हालत गंभीर होने पर उसे परिजनों के द्वारा बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर अभय ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# जनसुनवाई कर राजस्व न्यायालयों का किया निरीक्षण

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में लम्बित वादों की समीक्षा कर दिये निस्तारण के निर्देश
- लंबित धारा 24 पैमाइश मामलों की हुई समीक्षा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा तहसील महराजगंज में, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह द्वारा तहसील सदर में, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव द्वारा तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग कर जनसुनवाई की गई एवं राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया गया, जिसमें तहसीलदार/नायब तहसीलदार के न्यायालयों में लंबित अविवादित नामांतरण के प्रकरणों पर विशेष समीक्षा की गई। इसके साथ ही उपजिलाधिकारी न्यायालय में लंबित धारा 24 पैमाइश एवं खतौनी सुधार के लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई तथा समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये गये एवं सम्बन्धित पीठासीन अधिकारियों को एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की प्रतिदिन सुनवाई कर वाद का गुणदोष के आधार पर निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

# जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान, सचिव गीतांजलि वर्मा निलंबित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

प्रधान के बेटे के खाते में मजदूरी भुगतान मामला सचिव गीतांजलि वर्मा निलंबित, जांच बिसवां बीडीओ को सौंपी जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी की कार्रवाई, निलंबन अवधि में बिसवां से संबद्ध सीतापुर जिले के विकासखंड खैराबाद में तैनात ग्राम पंचायत सचिव गीतांजलि वर्मा पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है।

मामला ग्राम पंचायत देहेलिया श्रीरंग का है, जहां शासनादेशों की अनदेखी करते हुए ग्राम प्रधान के पुत्र के नाम मजदूरी भुगतान किए जाने का प्रकरण



## डीपीआरओ की नोटिस के बाद भी सचिव का जवाब नहीं

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़। डीपीआरओ निशांत चंद्र साहू द्वारा मौके पर जांच कराई गई, जिसमें विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत में सदस्यों द्वारा दूसरा सत्य पाए गए।

उजागर हुआ था। इस पूरे मामले को समृद्धि न्यूज़ हिंदी दैनिक समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर सामने आने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ग्राम पंचायत देहेलिया श्रीरंग में नियमों के विपरीत प्रधान के पुत्र के नाम मजदूरी भुगतान दर्ज किया गया। शासनादेशों के अनुसार इस प्रकार का भुगतान प्रतिबंधित है और इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता माना गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में नियमों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से भुगतान किए जा रहे थे। मामला उजागर होने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देशों के अनुपालन में जिला विकास अधिकारी ने सचिव गीतांजलि वर्मा को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें विकासखंड बिसवां से संबद्ध किया गया है। वहीं पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच विकासखंड बिसवां के खंड विकास अधिकारी को सौंपी गई है। प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि सरकारी योजनाओं में अनियमितता या नियमों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद विकासखंड खैराबाद सहित जिले के अन्य ग्राम पंचायत सचिवों और कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है और प्रशासनिक सख्ती का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

# सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सदर में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान



जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम0 दास, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 196 शिकायतों में से 10 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात का शव, पीएम के लिए भेजा

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नीमटीकर गांव के पास रायबरेली लखनऊ रेल खंड पर शनिवार की दोपहर तकरीबन 1:00 बजे के आसपास रेलवे ट्रैक के बीचो-बीच एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आसपास मौजूद लोगों एवं ग्रामीणों की मानी जाए तो उक्त व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी वह रेलवे ट्रैक से गुजर रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने द्वारा तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस बाबत थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि उक्त अज्ञात व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने सुनीं आम जनता की समस्याएं

- 194 शिकायतों में 25 का हुआ निस्तारण
- तहसील में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित 194 शिकायतों में से 25 का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। शेष 169 प्रकरणों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर 5 कृषकों को उर्द व 5 कृषकों को मूंग मिनीकिट वितरण किया गया।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम कपूरापुर, परगना तालग्राम के फरियादियों द्वारा गली में जलभराव से आवागमन बाधित होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी तालग्राम को नियमों के अनुरूप स्थलीय जांच कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विकलांग फरियादी सत्यपाल सिंह द्वारा तीन पहिया साइकिल की बैटरी बदलने के प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को तत्काल सत्यापन कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार फरियादी विश्वनाथ सिंह द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 12वीं किस्त के उपरांत भुगतान बंद होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि जांच कर पात्र लाभार्थी को योजना का लाभ अविलम्ब दिलाया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण सहित किसी भी जनसमस्या के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहने पाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रातः 10 बजे तक अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनें तथा उनका समयबद्ध समाधान करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से निस्तारण किया जाए और निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही आइजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर उच्च गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी, तहसीलदार सहित अन्य जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री सागर सिंह सोमवती कोल्ड स्टोरेज का किया शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



थाना जहानगंज जिला फर्रूखाबाद के ग्राम नहरैया मौधा में हवन पूजन के साथ श्री सागर सिंह सोमवती कोल्ड स्टोरेज के नए सत्र का शुभारंभ किया गया।

आचार्य प्रवनीश शुक्ला ने हवन पूजन कराया जबकि कोल्ड स्टोरेज के स्वामी गजेंद्र सिंह यादव एवं डॉ मीरा यादव ने यजमान का दायित्व निभाया।

हवन में प्रबन्धक डॉ संगम यादव, हर्ष यादव, निधि यादव, सुधीर पाठक, विवेक यादव, सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी और विकास यादव सहित कई लोगों ने आहुतियां दी। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह यादव ने कहा हमारा कोल्ड स्टोरेज इस क्षेत्र के किसानों के लिए समर्पित है। पिछड़े और उपेक्षित क्षेत्र में इस कोल्ड स्टोरेज से किसानों को बड़ी सुविधा मिली है। डॉ संगम यादव ने कहा हमारे कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण की बेहतरीन व्यवस्था की गई है। आधुनिकतम मशीनें लगी हैं जिसके कारण भयंकर गर्मी में भी टेंपरेचर मेंटेन रहता है और आलू खराब नहीं होता है।

### सामूहिक विवाह समारोह 15 फरवरी को

**छिबरामऊ।** श्री सागर सिंह एवं श्रीमती सोमवती की दसवीं पुण्यतिथि पर गजेंद्र सिंह मीरा देवी पीजी कालेज संगम नगर, टड़हा प्रेमपुर में 15 फरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे से सामूहिक विवाह समारोह होगा। कालेज के निदेशक डॉ संगम यादव एवं सचिव गजेंद्र सिंह यादव ने बताया वह अपने निजी खर्चे पर क्षेत्र की निर्धन बेटियों का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ उपहार भी देकर कराते हैं। पुरखों की याद में यह सिलसिला विगत 10 वर्षों से लगातार चल रहा है।

## राहुल एजेंसीज मेडिकल रिटेल स्टोर का भव्य शुभारंभ




छिबरामऊ, कन्नौज। नए धर्मशाला के निकट राहुल एजेंसीज मेडिकल के रिटेल स्टोर का नए भवन में हवन-पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। आचार्य गौरव द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से हवन कराया। मेडिकल स्टोर के संचालक पवन गुप्ता ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह हमारे लिए गौरव की बात है कि राहुल एजेंसीज अब यहां का सबसे बड़ा मेडिकल आउटलेट बन गया है। यहां महानगरों के प्रतिष्ठित डॉक्टरों एवं अस्पतालों द्वारा लिखी गई सभी प्रकार की दवाइयां आसानी से उपलब्ध होंगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। हमारी प्रतिबद्धता है कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर विश्वसनीय और समय पर दवाएं प्रदान की जाएं। इस नए संस्करण के साथ राहुल एजेंसीज अब क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला केंद्र बन गया है। कार्यक्रम में परिवार के प्रमुख सदस्य पंकज गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता, अंकित गुप्ता, अजय गुप्ता, विष्णु, राजू, अनिल गुप्ता, अखिलेश शाक्य, जय गुप्ता, नेहा रागनी, संगीता सहित सभी परिजन उपस्थित रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम भवानीगढ़ में श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा ज्ञान यज्ञ का पावन शुभारंभ 8 फरवरी से होने जा रहा है।

यह आध्यात्मिक आयोजन 8 से 14 फरवरी तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से शाम 5 बजे तक भागवताचार्य जागेश्वर सिंह शास्त्री एवं रिंकू सिंह शास्त्री भक्तों को भागवत कथा का दिव्य रसपान कराएंगे। कथा के समापन पर 15 फरवरी को भव्य भंडारे का आयोजन होगा। कथा के मुख्य आयोजक मुकुट सिंह एडवोकेट, उत्तरा देवी, ओम बाबू एवं कमला देवी हैं। परीक्षित का दायित्व संतोष बाबू प्रधान एवं कमला देवी, जबकि यज्ञपति की भूमिका रामबाबू सिंह एवं सुषमा देवी निभाएंगे। यह यज्ञ क्षेत्र में भक्ति एवं ज्ञान का प्रसार करेगा।

## रास्ते में रोककर अधिवक्ता के साथ की मारपीट

- वकीलों ने प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के बहवलपुर गांव में एक वकील के साथ मारपीट की घटना ने तहसील में हड़कंप मचा दिया है। मुंसिफ कोर्ट छिबरामऊ में प्रैक्टिस करने वाले एडवोकेट आदर्श प्रताप सिंह को सुबह करीब 9:30 बजे कोर्ट जाते समय निरंकारी रोड पर तीन आरोपियों ने रोका और बुरी तरह पीटा।

आदर्श प्रताप सिंह के अनुसार, राजीव कुमार उर्फ विवेक, अजीत कुमार उर्फ पंकज और जगदीश चंद्र ने उन्हें रुकने का इशारा किया। कारण पूछने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और कहा, बहुत बड़ा वकील बना घूम रहा है, तेरी वकालत धरी की धरी रह जाएगी। इसके बाद उनका कॉलर पकड़कर गाड़ी से उतारा और लात-घूसों से जमकर पीटा। मारपीट के दौरान आरोपियों ने धमकी भी दी कि वे या उनके पिता किसी मामले में दखल न दें, वरना जान से मार डालेंगे। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि उनके पिता हृदय रोग से पीड़ित हैं और उनका इलाज कानपुर में चल रहा है। इस घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित वकील ने प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अचार में मिली सड़ी छिपकली महिला की जान पर बनी खतरा

- डीएम से की सख्त कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

एक महिला की तबीयत मनपसंद मिक्स अचार खाने से अचानक बिगड़ गई। अचार के डिब्बे से सड़ी-गली मरी हुई छिपकली निकलने पर वह सन्न रह गई और उसकी हालत और खराब हो गई।

घटना के अनुसार, भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रंजना तिवारी करीब एक महीने पहले तालग्राम से सस्ते दाम पर दो डिब्बे मिक्स अचार खरीदकर लाई थीं। एक डिब्बा खत्म होने के बाद दूसरे से खाने पर उन्हें उल्टी, दस्त और तेज पेट दर्द शुरू हो गया। तुरंत गुरसहायगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज कराया, जहां दवाओं से कुछ सुधार हुआ। दो दिन बाद जब डिब्बा दोबारा खोला तो अचार में छिपकली लिपटी मिली। उनको झटका लगा और चक्कर खाकर गिर पड़ीं। उन्हें यकीन हो गया कि स्वास्थ्य बिगड़ने की वजह यही दूषित अचार था। समय पर इलाज न मिलता तो जान भी जा सकती थी। तहसील दिवस में उन्होंने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मनपसंद मिक्स अचार नगला दाऊद सरैया, कमालगंज, (फर्रुखाबाद) के निर्माता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, फैक्ट्री की जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## अनुशासन व समर्पण के लिए छह कैडेट्स सम्मानित

- अविका डिग्री कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स को प्रदान की गई रैंक



एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करती सीटीओ कु0 शिखा व मौजूद अन्य

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति के निर्देशन में एनसीसी रैंक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हवलदार अमृतपाल, सीटीओ कु. शिखा एवं डॉ. पल्लवी उपस्थित रहीं। समारोह के दौरान एनसीसी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को रैंक प्रदान की गई। सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले छह एनसीसी कैडेट्स लकी, निराली, सिवी, नैना, रुचि एवं रानी देवी को उनके अनुशासन, मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. हरिओम प्रजापति ने कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करती है। उन्होंने कैडेट्स से भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

# सभासदों ने मनाया पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि का जन्मदिन

- भगवान श्री कृष्ण राधा का प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित
- भगवान श्री कृष्ण राधा का प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि का जन्मदिन बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया इस दौरान उत्साहित सभासदों ने पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि को फूल मालाओं से लाद कर उनका भव्य स्वागत किया इस दौरान सभासदों ने भगवान श्री कृष्ण राधा का प्रतीक चिन्ह देकर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि को बधाई देकर लंबी उम्र की कामना की और शुभकामनाएं दी। नगर के रेलवे रोड निवासी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मुन्नी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता का जन्मदिन नगर पालिका परिषद में धूमधाम के साथ मनाया गया इस दौरान सभासदों गणमान्य नागरिकों ने केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई हैप्पी बर्थडे कहकर शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कहा कि सभासद एवं नागरिकों द्वारा जो सम्मान मुझे दिया गया है उसके लिए सभी लोगो को मैं दिल से धन्यवाद देता हूं उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से प्यार और आशीर्वाद आप सभी का प्राप्त होता रहे यही ईश्वर से कामना करता हूं इससे पहले सभासद शिवा गुप्ता की अगुवाई में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता को फूल मालाओं से लादकर उनका भव्य स्वागत किया गया जन्मदिन के दौरान सभासद शिवा गुप्ता ने भगवान श्री कृष्ण राधा की प्रतिमा भेंट कर बधाई दी और शुभकामनाएं देकर उनकी लंबी उम्र की कामना की।

इस मौके पर देवेंद्र देव गुप्ता शिवा गुप्ता आंचल गुप्ता जीतू गुप्ता विपिन चौरसिया दीपक गुप्ता सुरेंद्र राठौर भैया लाल दुबे सिराज अहमद आफताब खान निर्मल श्रीवास्तव दिनेश गुप्ता संतोष गुप्ता परमजीत सभासद के अलावा गौरव मिश्रा आकाश सक्सेना जगदीश यादव राजेश यादव आरपी सिंह सहित् कई लोग मौजूद रहे।

## पेशी पर आया हत्यारोपी कोर्ट परिसर से भागा

- सुबेहा के अहिरन सरैया निवासी के हत्या के आरोप में नामजद है भगोड़ा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला कचहरी में पेशी पर आया हत्यारोपित पेशी से फरार हो गया। उसको दस वर्ष पुराने हत्या के मामले में शनिवार को जैसे ही सजा सुनाई गई, वो कोर्ट से फरार हो गया। हत्या के इस मामले में कोर्ट से फरार सूरज के पिता और सहअभियुक्त चाचा भी जेल में बंद हैं।

अपर सत्र न्यायाधीश कोड संख्या दो अपर सत्र न्यायाधीश,कोर्ट संख्या -दो, राकेश कुमार सिंह की अदालत में दस वर्ष पुराने हत्या के मुकदमे की पेशी पर आया आरोपित सूरज दोषी करार दिए जाते ही कोर्ट से भाग गया। पुलिस सरगर्मी से आरोपित की तलाश कर रही है, जिसकी लोकेशन लखनऊ में मिलना बताया जा रहा है। सुबेहा के अहिरन सरैया मजरे रोहना मीरापुर का सूरज अगस्त 2016 में हुई हत्या के मुकदमे में नामजद आरोपित है, जिसमें उसके पिता मुहरू व गुड्डू भी नामजद थे। इस मुकदमे में शनिवार को एडीजे कोर्ट नंबर में सूरज सहित पिता और चाचा को दोषी करार दिया था। जिसमें सजा के बिंदु पर नौ फरवरी को सुनवाई होनी है। जमानत पर करीब डेढ़ वर्ष से बाहर चल रहा सूरज शनिवार को न्यायालय आया था। जहां कोर्ट ने संबंधित मुकदमे में सजा सुनाते हुए हिरासत में लेने का आदेश दिया। यह सुनते ही सूरज कोर्ट से सबको चकमा देकर भागा गया। जब तक पुलिस को सूचना दी जाती और उसकी घेराबंदी होती वह पकड़ से दूर निकल गया। यह भी बताया जा रहा है कि पेशी पर आया हत्यारोपित सूरज कोर्ट पहुंचा तो वह नशे में था। सीओ सिटी संगम कुमार व नगर कोतवाल सुधीर कुमार सिंह न्यायालय परिसर पहुंचे। तत्काल सूचना देकर सुबेहा में उसके घर पर निगरानी की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला सका। बताया जा रहा है उसकी लोकेशन लखनऊ में मिली है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि कोर्ट से फरार हत्या के आरोपित सूरज की तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है, उसकी लोकेशन भी मिल रही है। जल्द ही गिरफ्तार करने का प्रयास चल रहा है।

## रेलवे गेट बंद होने के दौरान गेट के अंदर फंसी ट्रैक्टर ट्राली, टला हादसा

**बछरावां रायबरेली।** कस्बा अंतर्गत बछरावां- लालगंज रेलवे क्रॉसिंग के गेट संख्या 175 सी पर उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया, जब गेटमैन गेट को बंद कर रहा था, और इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर बीच में घुस गया। इस दौरान गेट बंद हो गया और ट्रैक्टर ट्राली ट्रैक पर ही रुक गई यह देख मौके पर हड़कंप मच गया। गेट को निरीक्षण यान निकालने के लिए बंद किया गया था। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर ट्राली को पीछे किया गया इस दौरान अफरा तफरी का माहौल मचा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह लगभग 10 :30 बजे के करीब निरीक्षण यान रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रहा था, इसी दौरान गेटमैन ने क्रॉसिंग बंद कर दी। जब क्रॉसिंग बंद हो रही थी, तभी एक ट्रैक्टर ट्राली बछरावां से लालगंज की ओर जा रही थी और इस दौरान ट्रैक्टर आगे का हिस्सा आगे निकल गया।

## मंदिर में हुई शिव परिवार मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा

- रामेश्वरम महादेव मंदिर पर हुआ आयोजन
- नगर में निकाली गई शोभायात्रा बम बम भोले के गूंजे नारे

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



रामेश्वरम महादेव मंदिर में शिव परिवार बालाजी खाटू श्याम कान्हा जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें कार्यक्रम के आयोजक सहित मोहल्ले के युवाओं ने बम बम भोले के नारे लगाकर भक्ति में वातावरण कर दिया प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद वितरण किया गया जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में आए नागरिकों ने मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। नगर के अशोक नगर निवासी कार्यक्रम के आयोजक एवं प्रधानाचार्य मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज ने अपने आवास पर प्राचीन मंदिर का निर्माण कराकर जयपुर से शिव परिवार बालाजी कान्हा जी खाटू श्याम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पंडित धीरज द्विवेदी हर्षित त्रिपाठी सुमित मिश्रा धरती त्रिपाठी कुंवर बहादुर पांडे द्वारा कराई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ इस दौरान कार्यक्रम स्थल से विशाल शोभा यात्रा का आयोजन हुआ।

जिसमें नगर के रेलवे स्टेशन मंदिर तिर्वा रोड ब्रह्मदेव मंदिर तिराहा संतोषी माता मंदिर सहित पांच मंदिरों में पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया शोभायात्रा के दौरान महिलाओं और श्रद्धालुओं ने जमकर बम बम भोले के उद्घोष से नगर का वातावरण भक्ति में कर दिया कार्यक्रम के आयोजन शैलेश गुप्ता ने बताया कि रामेश्वरम महादेव मंदिर की स्थापना की गई है। प्राचीन मंदिर जीडशीण था जिसका पुनर्निर्माण कराया गया प्राण प्रतिष्ठा के दौरान कार्यक्रम के आयोजन शैलेश गुप्ता मीनू गुप्ता राम प्रकाश गुप्ता माया देवी गुप्ता संजीव गुप्ता हर्षित शोभित गुप्ता नीरज गुप्ता संजीव गुप्ता के अलावा प्रवक्ता बृजेश गंगवार सुनील सिंह दुर्ग विजय पुष्पेंद्र कुमार सिंह विजय शंकर पाठक करतार सिंह उर्फ डंपी आलोक कुमार आनंद राजन रमेश चंद कुशवाहा अवनीश पटेल कृष्ण कुमार सूर्यभान सिंह वरुण गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

# कैंसर सहित अन्य सर्जरी को हम और बेहतर करने को तैयार: न्यायाधीश

**न्यायाधीश सहित बाहर जिलों और प्रदेश से आए सीनियर चिकित्सकों ने दीप प्रज्वलन कर किया कॉलेज के ऑडिटोरियम में सीएमई का उद्घाटन**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जागरूकता और खुद की भावनाओं पर नियंत्रण के अलावा खान पान का ध्यान, नियमित दिनचर्या, व्यायाम,सहित नशे से दूरी आज कैंसर जैसी घातक बीमारी से हमारे जीवन की सुरक्षा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। उपरोक्त वक्तव्य न्यायाधीश स्वप्निल पांडे ने मेडिकल कॉलेज तिर्वा के ऑडिटोरियम में आयोजित सीएमई सेमिनार समारोह में कही। सेमिनार में यूपी के अलावा अन्य प्रदेशों के भी कैंसर से संबंधित सीनियर चिकित्सकों ने भी प्रतिभाग किया। मेडिकल कॉलेज के स्नातक और परास्नातक डाक्टरों को अलग अलग प्रकार की कैंसर सर्जरी के बारे में कार्यक्रम में शामिल हुए चिकित्सकों द्वारा जागरूक किया गया। तिर्वा मेडिकल कॉलेज सहित कई अन्य कॉलेजों में जहां कैंसर ट्रीटमेंट को लेकर चिकित्सकों ने कहा कि आज हम कैंसर के खिलाफ बेहतर से बेहतर करने को तैयार हैं, लेकिन कन्नौज मेडिकल कॉलेज सहित उपरोक्त प्रक्रिया को लेकर जहां भी सुविधाओं का अभाव है वहां आवश्यक व्यवस्थाएं जुटाने को सरकार से कदम उठाने की माँग भी की गई। बताते चलें कि, शनिवार को तिर्वा के मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित सीएमई सेमिनार का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके रायबरेली से पधारे मुख्य अतिथि के तौर पर न्यायाधीश स्वप्निल पांडे, गंगाराम हॉस्पिटल दिल्ली के डॉ. अरुण गुप्ता, लखनऊ के जीएमयू लखनऊ से डा. पूजा रमाकांत,प्रो. डॉ. राजीव सिंहा मेडिकल कॉलेज झांसी,डॉ. मनोज श्रीवास्तव लखनऊ, डॉ. मंजू श्री सचान कानपुर, डॉ. शिवानी ढींगरा कन्नौज,डॉ. सराह इदरीश राम मनोहर लोहिया लखनऊ,डॉ. कुलजिंदर शोधी चंडीगढ़, डॉ. ब्रजेश मिश्रा लखनऊ, डॉ. पारूज खान मेडिकल कॉलेज आगरा, डॉ. फ़रहाज खान गोरखपुर, मेडिकल कॉलेज तिर्वा के प्रधानाचार्य सीपी पाल, सर्जरी विभाग प्रमुख डॉ. अतहर, सर्जरी विभाग के सच्चिदानंद मिश्रा आदि ने करके किया।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के डाक्टरों को सीएमई के बारे में जानकारी देने को पधारे चिकित्सकों सहित न्यायाधीश श्री पांडेय को स्थानीय कॉलेज के विभागीय चिकित्सकों द्वारा स्मृति चिन्ह और साल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ऑडिटोरियम हॉल में मौजूद अध्ययनरत डाक्टरों ने कार्यक्रम में पधारे सीनियर चिकित्सकों से कई प्रश्नों को पूंछ कर उनका उत्तर भी प्राप्त किया।सुबह 10 बजे से शुरू हुआ कार्यकम सायं 5 बजे तक जारी रहा। कार्यकम की सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य श्री पाल, सर्जरी विभाग प्रमुख डॉ. अतहर, डॉ.सच्चिदानंद मिश्रा सहित स्थानीय मेडिकल कॉलेज की विभागीय टीम ने आए हुए अतिथियों का आभार भी जताया। इस दौरान अयोध्या मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ.डी एस मर्तोलिया, सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह, डॉ. श्रेया, डॉ. काजल, डॉ.अम्बरीष गुप्ता, डॉ. बिपुल सिंह, डॉ. सपना सिंह, डॉ. शादाब, डॉ. कस्तूभ, आकाश वर्मा, डॉ. निखिल गुप्ता, डा. संजय दोसर, डॉ. इमरान अली, सहित अन्य चिकित्सक और बड़ी संख्या में कॉलेज के भावी अध्ययनरत डाक्टर मौजूद रहे।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने भक्तों को भक्ति रस में डुबोया



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम रंधीरपुर में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ भजन सुनकर श्रोता भक्ति के रस में डूब गए। आचार्य शिवानंद द्विवेदी एवं पंडित विनोद दुबे ने राहुल शर्मा एवं भगवान स्वरूप शर्मा से राम दरबार का पूजन कराया। इसके बाद विख्यात रामकथा व सुंदरकांड वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने सुंदरकांड की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड पाठ से मन को शांति मिलती है और हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है, जो कलियुग में भक्तों की हर विपत्ति हरते हैं। उनके द्वारा गाए भजन कलियुग में सिद्ध हो देव तुम्ही हनुमान तुम्हारा क्या कहना, राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली और पार ना लगेंगे श्री राम के बिना आदि ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। श्रोता भक्ति में डूबकर जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे। कार्यक्रम में नेहा त्रिपाठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, गंगा शर्मा, विजय शर्मा, अश्विनी चतुर्वेदी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल, देवेंद्र मिश्रा, कृष्ण अवतार गुप्ता और पूर्व सभासद जीतू शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

▸ अधिकारियों को ससमय निस्तारण करने के दिये निर्देश

उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतों का गुणवत्तापरक समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक डा0 सुरभि की उपस्थिति में उपजिलाधिकारी ने आये हुए फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओ का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से अच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमली जामा पहनाया जाये। उप जिलाधिकारी ने अधिकारियो को यह भी निर्देश दिया है कि जन सुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर सभव मदद की जाये तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाये। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और सतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित परेशान व्यक्ति कि मनोदशा को समझें। उनकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है। इसलिए सभी अधिकारी रुचि लेकर गुणवत्ता युक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। भूमि सम्बन्धी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया, बल्कि योजनाओं की सौगातें भी दीं। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 94 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये।


समस्यायें सुनते एसडीएम

जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग की 15, राजस्व विभाग 28, विद्युत विभाग 19, विकास विभाग 13, आपूर्ति विभाग 5, नगर पालिका नगर पंचायत 3, अन्य 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अतुल सिंह, विधायक डॉ. सुरभि, तहसीलदार विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, आरआई अन्शुमान, आनन्द शुक्ला, ज्वाइन्ट बीडीओ मनीराम शाक्य, चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

## रोज-डे पर दिलों पर छाप छोड़ेंगे दिल्ली और कोलकाता के गुलाब


बाजार में बिक रहे गुलाब के फूल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्यार के सप्ताह यानी वैलेंटाइन-डे वीक की शुरुआत आज रोज-डे के साथ हो गई है। इस अवसर पर युवाओं के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में रौनक बढ़ गई है और फूलों की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है। बढ़ती मांग को देखते हुए फूल विक्रेताओं ने खास तैयारी की है। शहर में विशेष रूप से कोलकाता और दिल्ली से गुलाब मंगाए गए हैं। हालांकि भारी डिमांड और प्री-बुकिंग के चलते गुलाबों की कीमतों में भी भारी उछाल आया है। बाजार में दिल्ली से आया गुलाब 60 रुपये और कोलकाता का गुलाब 100 रुपये तक बिक रहा है। बाजार के हालात पर बात करते हुए भोलेपुर के फूल विक्रेता नंदन सैनी ने बताया कि उन्होंने कोलकाता से प्रीमियम क्वालिटी के गुलाब मंगाए हैं। उन्होंने कहा मांग बढ़ने के कारण पीछे से ही कीमतों में बढ़ोतरी हुई है और आगे भी इसमें इजाफा होने की संभावना है। वहीं चौक बाजार के विक्रेता शिवम सैनी के अनुसार एडवांस बुकिंग का दौर पहले से ही चल रहा है। उन्हें अब तक 10 से अधिक बड़े ऑर्डर मिल चुके हैं। इस बार वैलेंटाइन वीक में केवल पारंपरिक गुलाब ही नहीं, बल्कि नए ट्रेंड्स भी देखने को मिल रहे हैं। भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अलग-अलग रंगों के गुलाब मौजूद हैं। प्यार के लिए लाल, सच्चाई के लिए सफेद और दोस्ती व खास एहसास के लिए गुलाबी गुलाबों से बाजार सजा हुआ है। शुक्रवार शाम से शुरू हुई खरीदारी का सिलसिला शनिवार सुबह तक जारी रहा। जिससे दुकानदारों के चेहरों पर भी मुस्कान देखने को मिली।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर दवाओं के भरे सैंपल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी द्वारा दुर्गा फार्मा का औचक निरीक्षण किया गया। संदिग्धता के आधार पर तीन नमूने सील कर जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच के दौरान संचालक दवाओं के क्रय विक्रय बिल प्रस्तुत नहीं कर सके। मौके पर मौजूद प्रोपराइटर को सख्त चेतावनी देते हुए दो दिन के अंदर बिल प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही फर्म के मैप एवं स्वामित्व से संबंधित अभिलेख तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। डॉ0 द्विवेदी ने बताया कि जो मेडिकल स्टोर संचालक नियमानुसार कार्य नहीं कर रहे हैं उनके लाइसेंस के निलंबन एवं निरस्तीकरण की प्रक्रिया औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के तहत आरंभ कर दी जाएगी।


दवाओं के सैंपल भरते औषधि निरीक्षक डॉ. परमेश कुमार द्विवेदी

# बजट सराहनीय, इसमें पुरानी सभी योजनाओं को शामिल किया गया: सुशील शाक्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

▸ बजट चौपाल में जनप्रतिनिधियों ने रखे अपने-अपने विचार

नगर पंचायत कार्यालय में एक बजट चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल में विधायक सुशील कुमार शाक्य, चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, आर्थिक प्रकोष्ठ भाजपा के जितेंद्र सिंह और अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे।

चेयरमैन अनिल कुमार राजपूत ने इस अवसर पर कहा कि यह बजट सभी वर्गों के लिए है।

विधायक उन्होंने बजट की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान बजट पिछले बजटों से काफी अलग है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के बजट में पुरानी सभी योजनाओं को शामिल किया गया है, जो पहले की सरकारों में नहीं होता था। उन्होंने कहा कि दस साल पहले सड़कों की स्थिति अच्छी नहीं थी, लेकिन अब काफी सुधार हुआ है। विधायक सुशील शाक्य ने देश में हुए विकास का जिक्र करते हुए बताया कि इस बजट में किसानों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में ट्रेनों की गति में हुई वृद्धि का उल्लेख किया। जो पहले 80 किलोमीटर प्रति घंटा थी और अब 140 किलोमीटर प्रति घंटा हो गई है। उन्होंने कौशल विकास योजनाओं और सभी लोगों के बैंक खातों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश तभी विकसित होगा जब गांव विकसित होंगे। उन्होंने बताया कि इस बजट में खाद की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं की गई है और प्रदेश में आज सभी लोग सुरक्षित महसूस करते हैं। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के अभियान पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि फार्म भरने की अंतिम तिथि 6 मार्च तक बढ़ा दी गई है और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी 18 वर्ष का पात्र मतदाता छूटने न पाए। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों से अपनी मतदाता सूची की जांच करने का आग्रह किया। इस मौके पर अनिल राजपूत अध्यक्ष नगर पंचायत, महावीर राठौर, अरविंद राजपूत, अनुज भदौरिया, विवेक चतुर्वेदी, शिव प्रताप, आदेश राठौर, शिव मंगल सिंह, कमल भारद्वाज, योगेन्द्र सिंह राठौड़, स्वदेश आदि लोग मौजूद रहे।



बजट पर विचार व्यक्त करते विधायक सुशील शाक्य

## न्यायालय के आदेश पर अधिकारियों ने की अतिक्रमण की जांच


नापजोख करते राजस्व कर्मचारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मुख्य तिराहे पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत के बाद एसडीएम और लेखपालों की टीम ने नापजोख की। इस कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया यह कार्रवाई मुख्य तिराहे के पास स्थित मुन्नालाल की बांस.बल्ली की दुकान के संबंध में की गई। रमेश लाला ने इस दुकान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शनिवार को एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे के नेतृत्व में यह नापजोख की गई। टीम में लेखपाल अभय त्रिवेदी, लेखपाल उज्ज्वल गुप्ता और पीडब्ल्यूडी के जेई शामिल थे। दुकानदार मुन्नालाल ने बताया कि उनके पास दुकान से संबंधित सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं और वह कई वर्षों से यहां दुकान चला रहे हैं। एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे ने स्पष्ट किया कि वे न्यायालय के आदेश पर यहां आए हैं और किसी भी अवैध अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नापजोख के दौरान कस्बे के लोगों में हलचल बनी रही।

# अमृतपुर में जन चौपाल का आयोजन, योजनाओं की दी जानकारी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा अमृतपुर में शनिवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने की। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ भी उपस्थित रहे।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने जन चौपाल को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील की तथा युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से जुड़कर स्वरोज़गार अपनाने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने महिलाओं के लिए उज्ज्वला गैस योजना, लखपति दीदी, करोड़पति दीदी सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसानों से फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र कराने का आग्रह किया। जिलाधिकारी ने लोगों से कहा कि वे समय रहते मतदाता सूची का अवलोकन कर एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया पूर्ण कर लें। उन्होंने जन चौपाल में महिलाओं की अधिक भागीदारी देख प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान अमृतपुर सचिन देव तिवारी ने जिलाधिकारी के समक्ष मांग रखी कि अमृतपुर संविलियन विद्यालय प्रांगण में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाए। अमृतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकृत किया जाए तथा अमृतपुर कस्बे के मुख्य मार्ग का निर्माण कराया जाए, जिससे आमजन को सुविधा मिल सके। जन चौपाल में जिला परियोजना अधिकारी, उप जिलाधिकारी संजय सिंह, विकास खंड अधिकारी सुनील कुमार जायसवाल सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


ग्रामीणों को जागरुक करते जिलाधिकारी

# छेड़छाड़ व पॉक्सो के मामले में दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामप्रकाश शर्मा उर्फ मंझले पुत्र स्व. रामआसरे निवासी दीवान मुबारिक मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत की गयी है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी दस वर्षीय पुत्री फर्रुखाबाद के लोहाई रोड पर एक कालेज में कक्षा चार की छात्रा थी। 13 सितंबर 2017 को समय करीब रात आठ बजे मोहल्ले में बिजली नहीं आ रही थी। उसी समय रामप्रकाश ने मेरी पुत्री को टॉफी का लालच देकर मेरी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। मेरी पुत्री घबराकर रोने लगी। रोने की आवाज सुनकर मोहल्ले के कई लोग आ गए और घटना को देखा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने रामप्रकाश शर्मा उर्फ मंझले को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया तथा सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 10 फरवरी की तिथि नियत है।

# जल अर्पण दिवस पर विधायक ने जल का दुरुपयोग न करने की दिलायी शपथ



जल बर्बाद न करने की शपथ दिलातीं विधायक व अन्य

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जल अर्पण दिवस के अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उनको जल बरबाद न करने की शपथ भी दिलायी। इस दौरान गांव में पेयजल की स्थायी समस्या के समाधान हेतु पानी की टंकी का शुभारंभ किया गया। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत वीरपुर में शनिवार को सरकार के द्वारा चलाई जा रही जल अर्पण योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक सुरभि व जल निगम के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान गांव में पानी की टंकी का शुभारंभ कियागया। विधायक ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर जल योजना से प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि इससे बीमारियों में कमी आएगी। विधायक ने सरकार की अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वह जल का दुरुपयोग न करें। उसे संचय करें। जिससे मौके पर उसका सद्पयोग किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों को जल बरबाद न करने की शपथ भी दिलायी। जल निगम विभाग के एई नितिन कुमार, एक्जीक्यूटिव इंजीनियर साजन कुमार, जूनियर इंजीनियर विवेक कुमार, अखिलेश कुमार, पीएम डीपीएम अभय कुमार, विकास राय, गोविंद दीक्षित, सहायक विकास खंड अधिकारी कृष्णपाल सिंह, भाजपा नेता योगेंद्र सिंह राठौड़, स्वदेश ठेकेदार, विजय प्रताप राठौड़ के अलावा ग्राम पंचायत सचिव ब्रजेश कुमार, प्रधान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं क्षेत्राधिकारी नगर भी मौके पर पहुंची और परिजनों से वार्ता की।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के अंतर्गत मोहल्ला ग्वालटोली टिलियां निवासी रामवीर की 19 वर्षीय पुत्री नैना ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे की बल्ली से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं और घटना के समय अपने बेटे के साथ काम पर गए हुए थे। नैना की छोटी बहन काजल जब स्कूल से लौटकर घर पहुंची, तो उसने नैना को फांसी के फंदे पर लटका पाया। इसके बाद उसने परिवार और आसपास के लोगों को घटना की सूचना दी। मृतका के भाई राजू ने मोहल्ले के ही तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। राजू का आरोप है कि उसकी बहन की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया गया है। कोतवाली फतेहगढ़ के प्रभारी निरीक्षक रणविजय सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी में रखवा दिया गया है। परिजनों की तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय भी मौके पर पहुंची और परिजनों से वार्ता की।


जांच पड़ताल करती पुलिस



## पीआरडी जवानों पर नकदी पार करने का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के जैथरा थाना क्षेत्र के गाँव खेलतपुरा निवासी दिव्यांग उमेश ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि वह कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बरखेड़ा में एक साईकिल पंचर की दुकान पर रात बिताते हैं। उनके पास एक डिब्बा था। जिसमें उन्होंने पाई-पाई जोडकर 10,200 रुपये और कुछ रेजगारी जमा किए थे। उमेश जिस स्थान पर वह सोते है वहीं पीआरडी के दो जवान भी रुकते हैं।

उन्होंने मौके का फायदा उठाकर डिब्बे से सारे नोट निकाल लिए। केवल रेजगारी छोड़ दी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 88 शिकायतों में सात का हुआ मौके पर निस्तारण

**अमृतपुर, समद्धि न्यूज।**

▸ जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनसमस्याएं, मातहतों को दिये निर्देश

तहसील अमृतपुर परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 88 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग से संबंधित 32, पुलिस विभाग से 24, विकास विभाग से 09, विद्युत विभाग से 03, खाद्य एवं रसद विभाग से 04 तथा अन्य विभागों से 16 शिकायतें शामिल रहीं। मौके पर कुल 07 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया गया। शिकायतकर्ताओं में ग्राम दौलतपुर निवासी रामबेटी ने बताया कि वह अस्पताल में साफ-सफाई का कार्य कर रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं नगला माखन निवासी केशव बाल ने भूमि पट्टे की पैमाइश को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

ग्राम महमदपुर निवासी रामवीर ने खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। इसके अतिरिक्त ग्राम लीलापुर निवासी मोहन ने चोरी की घटना को लेकर शिकायत दर्ज कराई, जबकि कस्बा अमृतपुर निवासी श्यामवीर ने चोरी के संबंध में मुकदमा दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समय पर समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस से संबंधित मामलों में निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के 13 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड भी बनवाए गए। जिससे उन्हें आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार का लाभ मिल सकेगा। संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


समस्यायें सुनते डीएम व एसपी

## भारी मात्रा में प्रतिबंधित चाईनीज मांझा के साथ एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने भारी मात्रा में चाईनीज मांझा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

चाईनीज मांझा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने अभियुक्त वसीम पुत्र जलील अहमद निवासी डबग्रान नलिया कोतवाली फर्रुखाबाद को 08 प्लास्टिक के कार्टून में कुल 480 चर्खी/कोन प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बेचते हुए गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर उसके विरुद्ध कोतवाली फर्रुखाबाद मु0अ0सं0 35/2026 धारा 125 बीएनएस व धारा 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम पंजीकृत किया गया।


सीएचसी में भर्ती घायल

## ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवक घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवारल दो युवक घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज चौराहे से फर्रुखाबाद जाने वाले रोड पर दो युवक बाजार करने साइकिल द्वारा आए हुए थे, तभी ट्रैक्टर चालक द्वारा लापरवाही से उनके टक्कर मार दी गई। जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। अमन कुमार पुत्र दशरथ सिंह के मुंह के चार दांत टूट गए हैं एवं अतुल कुमार पुत्र रघुवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने ट्रैक्टर को हिरासत में लेकर थाना परिसर में खड़ा करा दिया है।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक कालेज में त्रिस्तरीय वक्तृत्व उत्कृष्ता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विश्व आयुर्वेद परिषद के तत्वावधान में आयोजित आयुर्वेद वाणी-त्रिस्तरीय वक्तृत्व उत्कृष्टता प्रतियोगिता के अंतर्गत मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में कॉलेज स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद के विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच एवं उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल को विकसित करना है। प्रतियोगिता में कुल 17 स्नातक (यूजी) छात्रों ने पंजीकरण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज सभागार में धन्वंतरी वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। जिसमें डॉ. वी.एस. यादव, डॉ. रीता सिंह, डॉ. जितेन्द्र रॉय गौर एवं डॉ. संथोष नायर सम्मिलित थे। संचालन डॉ.अरुण कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद चिकित्सक व प्रशिक्षु

प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 41 मिनट का समय निर्धारित था, जिसका अनुशासनपूर्वक पालन डॉ. आनंद बाजपेयी एवं डॉ. अरीब हुसैन द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का उत्कृष्ट आयोजन सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. शीलू गुप्ता के नेतृत्व में किया गया।

प्रतियोगिता के उपरांत परिणामों की घोषणा डॉ.रीता सिंह द्वारा की गई। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिनमें आत्मविश्वास, नेत्र संपर्क, भाषण की संरचना तथा स्वर नियंत्रण जैसे बिंदु प्रमुख रहे। प्रतियोगिता में 2024 बैच के आदर्श ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2025 बैच की अनन्या तथा 2021 बैच किशन ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। 2021 बैच की आंचल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्या डॉ. मनोमनी एल, उप-प्राचार्या डॉ. नीतूश्री, डॉ. वेणुएन,डॉ. मधु रंजन, डॉ. भारती पंचाल, डॉ. रेशमा, डॉ. उदय सहित अन्य प्राध्यापकगण, इंटर्न्स एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। प्राचार्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों में वक्तृत्व कौशल, आत्मविश्वास एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ।

# अनूप उर्फ पंकज बने पाल सेना प्रदेश उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पंकज पाल

पाल सेना के संस्थापक राजू पाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन पाल ने ग्राम ढिलावल निवासी अनूप कुमार पाल उर्फ पंकज पाल को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। समाज में उनके कार्यों को देखते हुए पाल सेना द्वारा उन्हें यह दायित्व दिया गया है। वह पाल सेना के हित में कार्य करते हुए पाल समाज को उच्च शिखर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। पंकज पाल के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पंकज पाल ने बताया कि पाल सेना द्वारा जो मुझे दायित्व दिया गया है उसका मैं निर्वाह्न करूंगा और समाजहित में कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करूंगा। इस मौके पर समाज के लोग व समर्थक मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व अधिकारी

## प्रा.वि. मदारपुर में मना स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस मनाया गया। वीएचएनडी लाभार्थी रुचि लेकर बच्चों, गर्भवती महिलाओं की जांच एवं टीकाकरण कार्य एएनएम शिववती ने किया। उनके इस कार्य में आशा कार्यकर्ता रामदेवी, आंगनबाड़ी मेमवती, प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सहयोग किया। इस दौरान कार्यक्रम का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार, प्रतिरक्षण अधिकारी रामनरेश, राघवेन्द्र पाण्डेय ब्लाक मोबलाइजेशन क्वार्डीनेटर यूनीसेफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए टीम को बधाई दी। एएनएम शिववती ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष 19 बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।

# पावर एंजिल सशक्तिकरण व नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड कायमगंज में चल रहे सोशल प्रोजेक्ट ऑफ इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता संवर्धन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन तथा प्रार्थना के साथ हुआ। विकासखंड कायमगंज के खंड शिक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह द्वारा हुआ। प्रशिक्षण में जनपद नोडल मीना मंच भारती मिश्रा ने मीना मंच गठन से संबंधित एजेंडा, कार्यवाही बैठक तथा मीना मंच गठन की विस्तृत जानकारी दी। विकासखंड नगर क्षेत्र की नोडल सुनीता चौहान ने अरमान मॉड्यूल के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी कि किस प्रकार अभिभावकों के साथ सत्र किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक माह का चौथा शनिवार पूर्व से निश्चित है। मोहम्मदाबाद विकासखंड की मीना मंच नोडल पूनम ओझा ने कॉमिक्स बुक के विषयों पर चर्चा की। ससीरीज कॉमिक्स बुक की संख्या 6 है और यह अलग-अलग सामाजिक मुद्दों से जुड़ी हुई है। विकासखंड नवाबगंज की नोडल साधना सिंह ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया तथा प्रति सप्ताह आने वाला टूल 10 कैसे भरा जाए। इसका अभ्यास सभी प्रतिभागियों को कराया गया।


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें

इसके साथ ही प्रशिक्षण में मीना मंच की एक एक स्टोरी दिखाई गई कि हम समुदाय के साथ कैसे जुड़े और उनकी समस्याओं की पहचान कर उन्हें दूर करें और वीरांगना पोर्टल से जुड़ी नैना की जंग नामक कहानी का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षण में विकासखंड के प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय से एक शिक्षक/ शिक्षिका द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रगति के पंख पुस्तिका का विद्यालय स्तर पर पॉवर एंजिल कैसे प्रयोग करेंगी का प्रदर्शन समस्त मास्टर ट्रेनर द्वारा नाटिका के माध्यम से किया गया। पॉवर एंजिल की नेतृत्व क्षमता संवर्धन की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन खंड शिक्षा अधिकारी ओमपाल सिंह द्वारा सभी को प्रमाण पत्र वितरण कर और राष्ट्रगान के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में कल्पना यादव, रंजन गंगवार, राहुल कुमार, श्वेता गंगवार, राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, पवन कुमार, विनोद कुमार, टीकम सिंह, रेचन कटियार, यशोधरा कुमारी, राजकुमार सिंह आदि प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल जयंती प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित


प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता मौजूद डीआईओएस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय जिला पुस्तकालय में शनिवार को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर निबंध, भाषण, चित्रकला एवं फोटो प्रदर्शनी में सफल विजेताओं को जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, वित्त लेखाधिकारी सुशील कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप सक्सेना ने विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता को उपहार भी प्रदान किये गये। निर्णायक टीम को सम्मान पत्र व उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर समस्त सोर्सिंग कर्मियों के उपहार डीआईओएस द्वारा प्रदान किये गये। इस अवसर पर नरेन्द्र पाल सिंह, रविन्द्र प्रताप सिंह सक्सेना ने आभार व्यक्त किया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंशिका व प्रणव रहे विजेता


प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायन महाविद्यालय फतेहगढ़ की वार्षिक खेल-कूद (उड़ान-2.0) बैडमिन्टन एकल एवं युगल प्रतियोगिता ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सम्पन्न हुई। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ0 राम नरेश सिंह व क्रीड़ा अधीक्षक डॉ0 पंचम कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में प्राध्यापक प्रियाँशु सिन्हा व शिक्षणेत्तर कर्मचारी रणवीर सिंह, शिवम अवस्थी, कुलदीपक यादव, विकास गौतम, श्रुति शरण एवं योगेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे। युगल बैडमिन्टन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग नहीं किया, जबकि एकल बैडमिन्टन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सम्मानजनक रही। बैडमिंटन एकल छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में अंशिका भदौरिया विजेता व नैन्सी उपविजेता रही। बैडमिंटन एक छात्र वर्ग प्रतियोगिता में प्रणव गुप्ता विजेता व अर्नव गुप्ता विजेता रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यक्रम संयोजक यशवर्धन चौहान ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ व्यवस्था देखी।

# सड़क सुरक्षा के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

- एआरटीओ ने विद्यार्थियों को दिलायी यातायात नियमों का पालन करने की शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज श्यामनगर में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि माह वर्ष 2025 में जनपद में 490 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 284 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि वर्ष 2024 में जनपद में 390 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई थीं। जिनमें 213 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। उन्होंने बताया कि घायलों तथा मृतकों में लगभग 20 प्रतिशत पैदल एवं साइकिल सवार शामिल हैं। विद्यालय के अधिकतर छात्र साइकिल से यात्रा करते हैं, इसलिए वह दुर्घटना से ग्रसित हो सकते हैं। छात्रों का यह दायित्व है कि वह स्वयं को दुर्घटना से सुरक्षित रखें तथा अपने परिवार को भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए बाध्य करें ताकि पूरा परिवार सुरक्षित रह सके। वर्तमान में सड़क दुर्घटनाएं केवल लापरवाही की वजह से बढ़ती जा रही है, जिसको नियंत्रण करने की आवश्यकता है। भारत सरकार द्वारा लॉन्च किये गये नेक्स्ट जेन एम परिवहन तथा डिजीलॉकर एप के बारे भी जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एआरटीओ-प्रवर्तन ने सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नारायण मिश्रा, रामकृष्ण बाजपेई, चन्दन लाल, जितेन्द्र, रतन, संन्तोष, आकाश मौजूद रहे।


जागरुकता की शपथ लेती छात्रायें

## नेत्र शिविर का आयोजन आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सेवा धर्म समिति द्वारा नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 8 फरवरी रविवार दोपहर 12:30 बजे ग्रामीण बैंक निकट शुकरुल्लापुर वाली मार्केट में आयोजित होगा। कानपुर के चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण व दवाइयों का वितरण होगा। यह जानकारी संस्था सचिव अविनाश सारस्वत ने दी है।

# बजट सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी है: सांसद मुकेश राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को विधानसभा सदर एवं कायमगंज में केंद्रीय बजट के संदर्भ में चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने केंद्रीय बजट के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने की। संचालन अमरदीप दीक्षित ने किया।



चौपाल में मौजूद सांसद मुकेश राजपूत व जिलाध्यक्ष व मिथलेश अग्रवाल

सदर विधानसभा की बजट चौपाल आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। मुख्य वक्ता सांसद मुकेश राजपूत ने कहा 2026 का केंद्रीय बजट सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी है। 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट में प्रत्येक वर्ग व्यापारी महिलाओं एवं गरीबों के लिए बनाया गया है। केंद्रीय सरकार ने आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला बजट बनाकर ऐतिहासिक कार्य किया है। इस बजट से नौकरी पेशा मध्यम वर्ग किसानों, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए व्यापक आर्थिक लाभ देने वाला बजट होगा। केंद्रीय बजट में गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की सशक्तिकरण के साथ-साथ तकनीकी रोजगार सृजन और विकास परियोजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान में रखकर इस बजट को बनाने का कार्य किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में महिलाओं को लाभान्वित और सशक्त बनाने पर जोर दिया है एक महिला वित्त मंत्री के रूप में लगातार बजट पेश करके पूरे भारत को गौरवान्वित करने का कार्य किया है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने केंद्रीय बजट के विभिन्न प्रावधानों को लेकर कहा सरकार ने आम नागरिक की सुविधा को ध्यान में रखा है। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा केंद्रीय बजट आने के बाद जनपद के चारों विधानसभाओं में बजट पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं व्यापारी वर्ग से संबंधित लोगों एवं प्रबुद्ध जनों तक बजट की पूरी जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर आलू विपणन संघ के सभापति विमल कटियार, रूपेश गुप्ता, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, डीएस राठौर, जय गंगवार, धर्मेंद्र राजपूत, रश्मि दुबे, शिवांग रस्तोगी, वीर बहादुर पाल, राजकुमार वर्मा, संतोष राजपूत, सुमित कटियार आदि लोग मौजूद रहे। वहीं कायमगंज सीपी गेस्ट हाउस में बजट चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य मिथलेश अग्रवाल के अलावा अन्य जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। अपने संबोधन में डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि एक महिला के रुप में वित्तमंत्री का दायित्व निभाते हुए निर्मला सीतारमण महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर उनके उत्थान के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया है। इस अवसर पर डॉ. विकास शर्मा, देवेन्द्र दुबे, महेन्द्र राजपूत, निर्मल कश्यप, रश्मि दुबे, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे आदि मौजूद रहे।

# स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर किया प्रेरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय कायमगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की द्वितीय एक दिवसीय दिवस शिविर का आयोजन हुआ। स्वयंसेवकों ने मझोला गाँव के नहर के पास व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चला कर साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने तंबाकू निषेध पर रैली निकाली, रैली में विभिन्न स्लोगनों जैसे तंबाकू से नाता तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो। हम सबका है यही सपना, नशा मुक्त हो भारत अपना।

जीवन में स्वस्थ रहना है, तो तंबाकू से दूर रहना है के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया। रैली का उद्देश्य तंबाकू के सेवन के घातक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना।


स्वच्छता अभियान में भाग लेते स्वयं सेवक

100 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि हमें अपने परिसर को तंबाकू मुक्त करना चाहिए और स्वयं तंबाकू का सेवन न करें और लोगों को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक कर इसे छोड़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# श्री राजपूत करणी सेना की जिला कार्यकारिणी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजपूत समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक सरोकारों को सशक्त करने की दिशा में श्री राजपूत करणी सेना ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। श्री राजपूत करणी सेना की जनपद की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने जारी सूची को प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह (दीपू) के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह कार्यकारिणी संगठन की विचारधारा, अनुशासन और सेवा भाव को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा राजपूत समाज के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी। जिला कार्यकारिणी में लक्ष्मी शरण सिंह को जिला संरक्षक, अरविंद सिंह को जिला प्रभारी, जबकि सुशील सिंह चौहान को पुनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह बने। उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, सहसचिव, संगठन मंत्री, मीडिया प्रभारी एवं संयोजक पदों पर सक्रिय और अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। जिला कार्यकारिणी में जिला संरक्षक लक्ष्मी शरण सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश चौहान, विजय कुमार सिंह, सिद्धांत सिंह को बनाया गया। जिला महासचिव अवनीश तोमर बने। जिला सचिव की जिम्मेदारी संजीव कुमार सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह राठौर, विनय सिंह, रामेंद्र सिंह को मिली है। जिला सहसचिव देवेंद्र सिंह, किशनवीर सिंह, बृजेश सिंह, ओम पाल सिंह चौहान को बनाया। जिला संगठन मंत्री धनंजय प्रताप सिंह बने। जिला मीडिया प्रभारी विपिन सिंह चौहान को बनाया गया है। जिला संयोजक रोहित कुमार सिंह, हर्ष वर्धन सिंह सोमवंशी बने। सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया व पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी गई।



शपथ लेते नवनियुक्त पदाधिकारी

# डीएम ने विकास खण्ड कार्यालय व थाने का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने विकासखंड कार्यालय राजेपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विकासखंड कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।


निरीक्षण के दौरान अभिलेख देखते डीएम


थाने का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुँचाया जाए। डीएम ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने ब्लॉक परिसर में स्थित वाहन स्टैंड की रैंप सही कराने, वाटर कूलर से गिर रहे पानी को सही कराने, निष्प्रयोज्य सामिग्री व भवन की नीलामी कराने, ब्लाक परिसर के रास्ते सही कराने के निर्देश दिये। डीएम ने विकास खंड को प्राप्त केंद्रीय वित्त योजना/राज्य वित्त योजना की ग्रांट का शत-प्रतिशत उपभोग करने के लिये निर्देशित किया। इसके बाद डीएम ने थाना राजेपुर का निरीक्षण किया गया। डीएम ने थाने में रिकार्ड को सही तरह रखने, आईजीआरएस का ससमय निस्तारण करने, थाने परिसर में रहे निष्प्रयोज्य सामान की नीलामी कराने, परिसर में भरे पानी को निकालने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, अमृतपुर, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस मितौली में डीएम-एसपी की मौजूदगी में हुआ आयोजित

# जनसरोकारों के गूंजे मुद्दे, विभिन्न तहसीलों में हुई सुनवाई

- फरियादियों की समस्याएं सुन दिए त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश
- ज्ञापन सौंप कर उठाई गई जाम, अतिक्रमण व ओवरब्रिज निर्माण की मांग



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आया। मुख्य आयोजन तहसील मितौली में हुआ, जहां जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग स्वयं मौजूद रहीं। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

### समाधान दिवस पर जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात



समाधान दिवस के अवसर पर प्रशासन ने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी वितरित किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग व सीडीओ अभिषेक कुमार ने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई, जबकि तीन छह माह के शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की पांच लाभार्थियों को चेक प्रदान किए गए। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा है कि योजनाओं का वास्तविक लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचे और समाधान दिवस इसी उद्देश्य की पूर्ति का सशक्त माध्यम बन रहा है।

### जनसमस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

उधर, गोला गोकर्णनाथ में आयोजित समाधान दिवस के दौरान गरीब मजदूर किसान पार्टी ने जनसमस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में नगर में लगातार लगने वाले जाम, अतिक्रमण, जलनिकासी संकट, अलीगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण तथा वृक्षारोपण कार्यों की जांच की मांग उठाई गई। खुटार रोड, अलीगंज रोड व मेला मैदान रोड से अतिक्रमण हटाने तथा ग्राम पंचायत गोपालपुर में नाला निर्माण कराए जाने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।

### फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचने पर व्यक्त किया संतोष

वहीं तहसील निघासन में उपजिलाधिकारी राजीव निगम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 39 शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 24, पुलिस की 5, नगर पंचायत की 5, आपूर्ति की 2 तथा विकास, बैंक व समाज कल्याण विभाग की एक-एक शिकायत शामिल रहीं। राजस्व विभाग की 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरण संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु प्रेषित किए गए। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की सूचना भी उपलब्ध कराई जाए। समाधान दिवस के माध्यम से फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचने पर संतोष व्यक्त किया।

डीएम ने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक शिकायत की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गरीब व जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। मितौली में कुल 42 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 17, पुलिस की 6, विकास की 6, आपूर्ति की 5, विद्युत की 4, जल निगम की 3 तथा शिक्षा विभाग की 1 शिकायत शामिल रही। सभी प्रार्थना पत्र संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु प्रेषित किए गए।

# तेंदुए का आतंक, खेत में चर रहे बछड़े को बनाया शिकार



- गन्ने के खेत में घसीट ले गया तेंदुआ, गांव में दहशत

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दक्षिण निघासन वन रेंज क्षेत्र में तेंदुए की सक्रियता एक बार फिर ग्रामीणों के लिए डर का कारण बन गई है। लुधौरी क्षेत्र अंतर्गत जगन पुरवा गांव के पास बहतिया नाला इलाके में तेंदुए ने खेत में चर रहे एक बछड़े को अपना शिकार बना लिया। घटना के बाद गांव और आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण सहमे हुए हैं और खेतों की ओर जाने से कतराने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार जगन पुरवा गांव के पास एक किसान का बछड़ा गेहूं के खेत में चर रहा था। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक हमला कर बछड़े को जबड़े में दबोच लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेंदुआ बछड़े को घसीटते हुए पास ही स्थित गन्ने के खेत में ले गया, जहां उसकी मौत हो गई। तेंदुए के हमले से आसपास काम कर रहे किसानों में अफरा-तफरी मच गई।

सुबह जब किसान खेतों की ओर पहुंचे तो गेहूं की फसल रौंदी हुई मिली। खेत में तेंदुए के साफ पगचिह्न दिखाई दिए। कुछ दूरी पर लालपुर निवासी पल्लू पुत्र कोतवाल के गन्ने के खेत में बछड़े का शव पड़ा मिला। यह दृश्य देखते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई। सूचना पर दक्षिण निघासन वन रेंज की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों का जायजा लेकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। खेतों की ओर अकेले न जाने और समूह में जाने की अपील की गई है।

मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम में वन दरोगा पीयूष कुमार, इंदल सिंह, सानू वर्मा, विवेक कुमार सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। किसानों और ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने और क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

इस संबंध में वन दरोगा पीयूष कुमार ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए घटनास्थल के आसपास दो ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि रात के समय बाहर न निकलें और बच्चों को अकेले खेतों की ओर न भेजें।

तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। लोग घरों से बाहर निकलने में संकोच कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तेंदुए को नहीं पकड़ा गया तो जान-माल का खतरा और बढ़ सकता है। वन विभाग ने आश्वासन दिया है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व आईआरएस संजय पंत ने दिखाई दरियादिली प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को दान कीं बेंचें



**निघासन-खीरी, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत सिंगाही के निवासी पूर्व आईआरएस अधिकारी संजय पंत ने एक बार फिर सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए सराहनीय पहल की। उन्होंने कस्बे के पुरैना तालाब के पास स्थित ब्राह्मण टोला प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की पढ़ाई को सुगम बनाने के लिए लगभग एक लाख रुपये की लागत से तैयार कराई गई बेंचों का दान किया। शनिवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन बेंचों को औपचारिक रूप से विद्यालय प्रशासन एवं बच्चों को प्रदान किया गया। नई बेंचें मिलने से विद्यार्थियों में खुशी का माहौल देखा गया। अब तक फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को बैठने की बेहतर सुविधा मिल सकेगी, जिससे उनके शैक्षणिक वातावरण में भी सुधार आएगा। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार का सहयोग अत्यंत प्रेरणादायी है। विद्यालय प्रबंधन ने भी आभार जताते हुए कहा कि इस सहयोग से विद्यालय की मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी और बच्चों को पढ़ाई में सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह, दीप शाह, अनूप भंडारी, भोजराज पंत, विद्यालय प्रबंधक अतुल भंडारी, रमन जोशी, सभासद दीपक सक्सेना, आशीष भंडारी, सभासद प्रतिनिधि नरेंद्र गुप्ता, के.बी. सेन, खैरीगढ़ साधन सहकारी समिति सचिव रवी शुक्ल, प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र तिवारी, अध्यापक शिवम पाण्डेय, भंवर शाह, अधर सिंह, सुबोध शाह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### जिला पंचायत द्वारा संचालित पशु आश्रय स्थल पर घोर अनियमिता का आरोप

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत हथेड़ा में जिला पंचायत द्वारा संचालित किये जा रहे पशु आश्रय स्थल पर घोर अनियमिता का आरोप लगाकर ग्राम प्रधान हथेड़ा अनीता मिश्रा के साथ ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत किया है। किये गए शिकायत में आरोप लगाया है की जिला पंचायत द्वारा संचालित किये जा रहे पशु आश्रय स्थल में पैसा लेकर दूसरे गांव के मवेशी रखा जा रहा है। एक भी पशु गांव के नहीं रखे जा रहा है जिससे गांव में सैकड़ो की संख्या में निराश्रित घूम रहे है। जिससे पशुओं द्वारा किसानों की पूरी खेती को नष्ट किया जा रहा है। किसान पूरी रात अपने खेत की रखवाली कर रहे है। जिला पंचायत द्वारा बनाये गए पशु आश्रय स्थल पर घोर अनियमिता हो रही है। आये दिन पशु मर रहे है। पशुओं को बाहर खुले में फेंक दिए जाने से पूरे गांव में गंदगी व बदबू आ रही है। कभी भी पशुओं को चारा पानी नहीं दिया जाता है। सबसे ज्यादा पशु हथेड़ा पशु आश्रय स्थल में ही पशु मर रहे है। आये दिन बाहरी पशुओं को पैसा लेकर पशु आश्रय स्थल में रखा जा रहा है और गांव के पशुओं को अंदर नहीं रखा जाता है। पशु आश्रय स्थल की जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया है और गांव में घूम रहे पशुओं को पशु आश्रय स्थल में रखवाया जाय जिससे किसानों की फसलों को पशुओं से सुरक्षित किया जा सके। पशु आश्रय स्थल का संचालन कर रहे ठेकेदार द्वारा पशुओं को सुबह ही पशु आश्रय स्थल से बिना भूस्सा दिए बाहर निकाल दिया जाता है।

### 51 महिलाओं ने कराया बंध्याकरण

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत बंध्याकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से बंध्याकरण कराने के लिए पंजीकरण कराया। शिविर में कुल 51 महिलाओं ने परिवार नियोजन के लिए बंध्याकरण के लिए उपस्थित हुई जिला मुख्यालय से आये सर्जन संतलाल ने महिलाओं का बंध्याकरण कराया है। शिविर में महिलाओं के सापेक्ष कुल 53 महिलाओं का बंध्याकरण किया है। 2 महिलायें बंध्याकरण के योग्य नही पाई गई है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की परिवार नियोजन के तहत शिविर में कुल 53 महिलाओं ने पंजीकरण कराया था। कुल 51 महिलाओं का बन्ध्याकरण सर्जन द्वारा किया गया है। इस दौरान सहयोग में एआरओ संतोष कुमार,एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े घर का ताला तोड़ लाखों के आभूषण पर चोरों ने किया हाथ साफ

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के गलरिया गांव में शुक्रवार दोपहर घर सूनसान देखकर मनबढ़ चोर घर का ताला तोड़ आलमारी में रखे लाखों का आभूषण उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी के होश उड़ गए। गलरिया गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह अपने भाई जयशंकर सिंह के पुत्र बृजेश प्रताप सिंह के तिलक समारोह में शामिल होने के लिए घर से करीब एक किलोमीटर दूर उनके घर पर परिवार के सभी सदस्यों के साथ गए थे। दोपहर में घर खाली देख हौसला बुलंद चोर घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के भीतर घुस गए। घर के भीतर कमरे में रखी आलमारी का लाक तोड़कर चोर सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान की बाली, सोने का झुमका, सोने की मनवली, चार नग सोने की अंगूठी, चांदी की पायल और बिछिया उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर गृहस्वामी प्रमोद सिंह की पत्नी पूनम सिंह हैरान रह गई। सूचना पर पहुंचे एसआइ विनोद कुमार सिंह, रमेश यादव, पुनीत गुप्ता ने घटना की जांच की। गृहस्वामी प्रमोद कुमार सिंह ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज विनोद कुमार सिंह ने बताया कि गलरिया गांव में हुई चोरी की घटना की जांच की जा रही है। चोरों का जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### भीषण सड़क हादसा : अनियंत्रित बाइक की टक्कर से किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अदलहाट (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** नशे में धुत बाइक सवार ने साइकिल सवारों को मारी टक्कर, हादसे में घायल असरफने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बीते बृहस्पतिवार की शाम अपने गाँव डेढौना से तियरा रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक किशोर की जान चली गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम डेढौना निवासी असरफपुत्र भोदू अपने साथी काजू पुत्र कृष्णानन्द पासवान के साथ साइकिल से नहर के पास डेढौना रोड से तियरा की ओर जा रहा था।

7उसी समय सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल भैरो पुत्र, समशेर नाम का युवक चला रहा था। वाहन को अत्यंत तेज गति व लापरवाही चलाते हुए साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि असरफके सीने और सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल इलाज के लिए ट्रामा सेंटर, वाराणसी ले जाया गया। डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद, चोटें गंभीर होने के कारण असरफकी हालत नाजुक बनी रही और अंततः शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस इस मामले में वाहन व चालक की पहचान के आधार पर आगे की तफ्तीश कर रही है।

# कस्बा खीरी में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की कवायद तेज

- समिति के संघर्ष के बाद शासन ने मांगी डिमांड
- 70 हजार आबादी पर एक भी केंद्र नहीं, मानक के अनुसार 80-90 केंद्रों की उठी मांग



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बा खीरी में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रही खीरी विकास समिति के प्रयास अब रंग लाते दिखाई दे रहे हैं। समिति के अध्यक्ष आमिर रज़ा पम्मी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जल्द ही कस्बे में आंगनबाड़ी केंद्र खुलने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। उन्होंने कहा कि लगभग 70 हजार की आबादी वाले कस्बा खीरी में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र का न होना क्षेत्र की बदनसीबी है, जबकि यहां जिले में सबसे अधिक अंत्योदय व बीपीएल कार्ड धारक निवास करते हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने को लेकर पिछले 8-10 वर्षों से हस्ताक्षर अभियान, ज्ञापन और विभागीय मंत्रालय तक पत्राचार किया गया। आमिर रज़ा पम्मी के अनुसार, शासन स्तर से अब जिला प्रशासन व संबंधित विभागीय अधिकारियों से आंगनबाड़ी केंद्रों की डिमांड मांगी गई है। डिमांड भेजे जाने के बाद केंद्रों की स्थापना का रास्ता आसान हो जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में नगर पंचायत खीरी द्वारा प्रशासन को भेजी गई मांग में केवल 16 आंगनबाड़ी केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं, जबकि विभागीय मानक के अनुसार 800 की आबादी पर एक केंद्र का प्रावधान है। इस आधार पर कस्बे में कम से कम 80 से 90 आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए।

समिति ने जिला प्रशासन व नगर पंचायत से मानक के अनुरूप संशोधित रिपोर्ट शासन को भेजने की मांग की है, ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस मामले में पक्षपात हुआ तो नगर पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक आंदोलन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में डॉ. नज़र अंसारी, डॉ. एहेराज अरमान, अनस अंसारी सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### यूपी का एक पुलिसकर्मी, जिसकी पदोन्नति पर दो जिलों में खुशी का माहौल

# सीतापुर में सुनित कुमार बने इंस्पेक्टर, लखीमपुर खीरी में भी जश्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश पुलिस में कर्तव्यनिष्ठा, सख्ती और संवेदनशीलता के संतुलित समन्वय की पहचान बने सुनित कुमार के निरीक्षक पद पर पदोन्नत होते ही वर्तमान तैनाती जनपद सीतापुर और पूर्व तैनाती जनपद लखीमपुर खीरी दोनों जिलों में उत्साह का माहौल बन गया।




सीतापुर में आयोजित औपचारिक समारोह में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उनके कंधों पर तीन स्टार सजाकर बधाई दी और नई जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी व पेशेवर दक्षता से निभाने की अपेक्षा जताई। लखीमपुर खीरी में अपने कार्यकाल के दौरान सुनित कुमार ने थाना हैदराबाद प्रभारी, थाना मैलानी प्रभारी, थाना समेत कई महत्वपूर्ण थानों का नेतृत्व किया। कोतवाली सदर में तैनाती के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए रणनीतिक गश्त, सक्रिय खुफिया तंत्र और प्रभावी टीमवर्क पर विशेष जोर दिया। उनके नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए, विशेष अभियान चलाए गए। अवैध शराब, जुआ और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। कई पुराने मामलों का सफल अनावरण कर अपराधियों को जेल भेजा गया। साथ ही थानों में लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सका। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने महिला हेल्पडेस्क की सक्रियता बढ़ाई और पारिवारिक विवादों में कानूनी प्रक्रिया के साथ-साथ काउंसलिंग व्यवस्था को भी मजबूत किया। भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई कर संभावित टकरावों को समय रहते रोका। त्योहारों, चुनाव और अन्य संवेदनशील अवसरों पर उन्होंने पुलिस बल के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखा। फ्लैग मार्च, पीस कमेटी की बैठकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद के माध्यम से सामाजिक सौहार्द कायम रखने की उनकी पहल सराहनीय रही। उनकी कार्यशैली की विशेषता रही– कानून सर्वोपरि का सिद्धांत। चाहे शिकायतकर्ता आम नागरिक हो या प्रभावशाली व्यक्ति, उन्होंने हर मामले में समान व्यवहार और निष्पक्ष निर्णय को प्राथमिकता दी। यही कारण है कि उनके कार्यकाल में पुलिस की छवि मजबूत हुई और आमजन का भरोसा बढ़ा।

पदोन्नति की खबर सामने आते ही लखीमपुर खीरी में सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की झड़ी लग गई। व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने इसे मेहनत, ईमानदारी और समर्पण का परिणाम बताया। कई लोगों ने इसे जनता के बीच रहकर काम करने वाले अधिकारी की पहचान करार दिया। इंस्पेक्टर सुनित कुमार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, लखीमपुर खीरी की जनता का स्नेह और विश्वास मेरे लिए प्रेरणा है। मैंने हमेशा कानून के दायरे में रहकर कार्य किया है और आगे भी मेरी प्राथमिकता निष्पक्ष व पारदर्शी पुलिसिंग रहेगी। एक पुलिस अधिकारी की पदोन्नति पर दो जिलों में उमड़ा यह उत्साह दर्शाता है कि जब वर्दी सेवा, न्याय और विश्वास का प्रतीक बनती है, तो उसकी गूंज सीमाओं से कहीं आगे तक सुनाई देती है।

### भागवत कथा के श्रवण मात्र से हो जाता है सभी पापों का नाश : आचार्य अवधेश शुक्ला

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** लालगंज थाना क्षेत्र के धसड़ाराजा गांव में चल रही संगीतमय भागवत कथा के तीसरे दिन प्रयागराज से आए प्रख्यात कथावाचक पंडित अवधेश कुमार शुक्ल ने कहा कि श्रीमद् भागवत की कथा कलियुग में अमृत के समान है। जिसके श्रवण मात्र से मनुष्य के पापों का नाश हो जाता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान अजामिल और राजा परीक्षित की कथा सुनाकर श्रोताओं मंत्र मुग्ध कर दिया। श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराते हुए कहा कि अजामिल एक विद्वान और गुणी ब्राह्मण था। किंतु कुसंगति के कारण वह वेश्यागामी और महा पापी बन गया। एक बार वह अपने पिता के आदेशानुसार वन में गया और वहां से फल फूल और कुश लेकर घर वापस लौट रहा था। रास्ते में देखा कि एक व्यक्ति मदिरा का पान करके किसी वेश्या के साथ बिहार कर रहा है। अजामिल अपने मन को रोकने की बहुत कोशिश की लेकिन नाकाम रहा। अजामिल मन ही मन उसी वेश्या का चिंतन करने लगा और धर्म से विमुख हो गया। अजामिल उसी वेश्या के चक्कर में अपनी कुलीन पत्नी का परित्याग कर उसी वेश्या के साथ गांव से बाहर रहने लगा। एकबार गांव में कुछ संत आए और रात्रि विश्राम के किसी ब्राह्मण का घर पूछा तो मजाक वश गांव वालों ने अजामिल के यहां जाने की राह दिखा दी। संतों ने अजामिल के घर जाकर विश्राम किया और रात भर कीर्तन भजन किया। सुबह से जब संत उसके घर से जाने लगे तो अजामिल ने बताया



कि महाराज में संत नहीं वल्कि महा पापी हूं। मैं वैश्या के साथ रहता हूं गांव वालों ने मुझे गांव से बाहर निकाल दिया है। संतों ने कहा कि चिंता मत करो तुमने हम लोगों को रात रूकने का आश्रय दिया है तो उपाय बताता हूं वही करना। अब जो तुम्हारा अगला पुत्र होगा उसका नाम नारायण रख देना। संतों के अनुसार अजामिल ने उस वेश्या से पैदा हुए पुत्र का नाम नारायण रखा। मृत्यु के समय प्राण संकट में होने पर उसने अपने पुत्र नारायण को जोर जोर से पुकारने लगा। जिसे सुनकर विष्णु दूतों ने यमफंस से अजामिल को मुक्त करा दिया। और पापाचारी अजामिल को मोक्ष की प्राप्ति हुई। कथावाचक ने भागवत कथा की महिमा का गान करते हुए कहा कि कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित को श्रृंगी ऋषि ने श्राप दे दिया कि तक्षक नाग के डसने से सातवें दिन उनकी मृत्यु हो जाएगी। अपने मृत्यु की निश्चितता जानकर राजा परीक्षित ने सुकदेव मुनि के शरण में जाकर सात दिनों तक निरंतर भागवत की कथा को श्रवण किया। जिसके प्रभाव से राजा परीक्षित सभी सांसारिक बंधनों से मुक्त हो गये।

### वाराणसी कैंट डिपो की बस सेवा आज



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र के वाराणसी कैंट डिपो की एक नवीनतम बस सेवा वाराणसी से सायं काल साढ़े तीन बजे चलकर रोहनिया, मिर्जा मुराद, कछवा रोड, बाबू सराय, महराजगंज, औराई, माधो सिंह, पूरजागिर, चील्ह, पुतलीघर, मिर्ज़ापुर, समोगरा, मलेटी छावनी, लहंगपुर, शिवमूर्ति नगर, लालगंज, रंजई, तिलांव, बड़गडा, कोटा घाट, धोबहा देवघटा होकर खरिहट कला तक चलेगी रात्रि हाल्ट करने के बाद सुबह 6.30 बजे उपरोक्तानुसार वाराणसी के लिए रवाना होगी। उक्त बस सेवा संचालन के लिए वाराणसी के क्षेत्रीय प्रबंधक आरएस पाण्डेय के निर्देश पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक वाराणसी कैंट जे के श्रीवास्तव द्वारा जनहित एवं ग्रामीण क्षेत्रों को वाराणसी से जोड़ने के क्रम में संचालित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त बस के चालक राम श्रृंगार गुप्ता मोबाइल 7738672922 एवं परिचालक संजय लाल मोबाइल 7839000631 को संचालन बेहतर तरीके से करने के लिए एलाट किया गया है। उक्त बस सेवा संचालन के लिए कोटा शिव प्रताप सिंह के बाबू राम सिंह गहरवार, शशि भूषण दूबे कंचनिया, गीता पांडेय, संजय पांडेय, धोबहा देवघटा गहरवार के ग्राम प्रधान क्षवि शंकर तिवारी, शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर ओमकार पाण्डेय सहित भारी संख्या में ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक पाण्डेय एवं ए आर एम वाराणसी कैंट डिपो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दिया है।

### अपर निदेशक पशु पालन विभाग ने पशु आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण

- लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की दी चेतावनी

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**

विंध्याचल मंडल के अपर निदेशक पशुपालन डॉक्टर हेमलता शर्मा ने शनिवार को पशु चिकित्सालय हलिया सहित पशु आश्रय स्थलों का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है।

अपर निदेशक पशुपालन सबसे पहले ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर पशु चिकित्सालय पर पशुओं के उपचार के लिए व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया पशुओं के दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लिया। इसके बाद हथेड़ा गांव में जिला पंचायत द्वारा संचालित किये जा रहे पशु आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया हथेड़ा पशु आश्रय स्थल पर 192 पशुओं रखने की बात कर्मियों ने बताया। अपर निदेशक ने भूसा स्टॉक रजिस्टर सहित पोषाहार की उपलब्धता की जानकारी लिया। निरीक्षण के दौरान पशु आश्रय स्थल पर पशुओं के नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त किया। इसके बाद पशु आश्रय स्थल गलरा पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पशु आश्रय स्थल गलरा में 348 पशु मिले। गलरा पशु आश्रय स्थल पर साफ सफाई व्यवस्था को देखकर संतुष्ट नजर आई। पशु आश्रय स्थल पर पशुओं के लिए हरा चारा की व्यवस्था किया गया था। इसके बाद पशु आश्रय स्थल महोगढ़ी का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पशु आश्रय स्थल पर कुल 367 पशु पाए गये। पशु आश्रय स्थल पर भूसा स्टॉक रजिस्टर सहित पोषाहार के स्टॉक का निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया है। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस दौरान ग्राम प्रधान ममता मिश्रा, अरुण मिश्रा, ग्राम प्रधान महोगढ़ी सुरेश केशरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में मंडलायुक्त व डीआईजी ने फरियादियों की सुनी शिकायतें

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर लालगंज तहसील सभागार में मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल राजेश प्रकाश और डीआईजी आरपी सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राजस्व सहित अन्य विभागों से जुड़े प्रकरणों में अधिकारी मौके पर जाकर निष्पक्ष कार्रवाई करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त और डीआईजी ने कहा कि लंबित पड़े सभी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण दोनों पक्षों की उपस्थिति में किया जाए, ताकि भविष्य में विवाद की स्थिति न बने। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए। लालगंज थाना क्षेत्र के तुरकहा गांव में बैनामाशुदा जमीन पर अवैध ढंग से भूमि माफिया द्वारा कब्जा करने का वाराणसी जनपद के राजातालाब क्षेत्र के देउरा गांव की तारा देवी ने प्रार्थना पत्र दिया है। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम महेंद्र सिंह, आईएएस अंशुल हिंदल, एसडीएम, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर सिंह, थाना अध्यक्ष सहित तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भय के साये में जी रहे देवहट गांव के लोग सुरक्षा को लेकर ग्रामीण चिंतित

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज़।**

- श्रमिक छोटकऊ कोल की हत्या का राजफाश किए जाने की मांग

ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव में गत 22 जनवरी की रात लापता हुए श्रमिक छोटकऊ कोल का पांच दिन बाद 27 जनवरी को सजहवा बाउली जंगल दफनाया शव मिला था। श्रमिक की हत्या का अभी तक राजफाश नही किए जाने से परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

मृत श्रमिक की हत्या का खुलासा किए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण व परिजन 29 जनवरी को ड्रमंडगंज थाने का घेराव तक कर चुके हैं। रत 1 फरवरी को हरदी जंगल में पलाश के पेड़ में गांव निवासी दुलारदीन कोल का शव लटकता हुआ मिला था। गांव में दो घटनाएं होने से ग्रामीणों को सुरक्षा को लेकर चिंता सताने लगी है। मृतक छोटकऊ कोल के बड़े पुत्र रविन्द्र कुमार उर्फ पिंटू ने बताया कि पिता का जंगल में दफन शव मिलने के 11 दिन बाद भी पुलिस घटना का खुलासा नही कर सकी है। रविन्द्र कुमार ने बताया कि आज तक कोई भी जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय विधायक व सांसद भी हमलोगों का हाल जानने नही पहुंचे। पुलिस भी मुकदमा दर्ज करने के बाद आज तक घर नही आई।

रविन्द्र कुमार ने पिता की हत्या में शामिल दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पति की मृत्यु से आहत श्रमिक की पत्नी प्रेमा देवी ने घटना का अभी तक पर्दाफाश नही किए जाने पर रोष जताया है। देवहट गांव निवासी रजवंती देवी ने बताया कि जंगल में श्रमिक का शव दफनाया मिलने के बाद से से ग्रामीणों को सुरक्षा की चिंता सताने लगी है लोगों में दहशत व्याप्त है। पुलिस भी रात में गश्त नही कर रही है। जंगल किनारे खेती करने वाले ग्रामीण अपना डेरा छोड़कर गांव में आकर रहने लगे हैं। विधवा फूलवंती देवी ने बताया कि जंगल किनारे अरहर, गेंहू और मटर की फसल बोई गई है। गत चार फरवरी की देर रात मवेशियों से फसलों की रखवाली कर रही थी उसी दौरान चार आदमी खेत की तरफ दिखाई दिए, सुबह होने पर गांव स्थित अपने पुराने घर पर आकर रहने लगी हूं। जान की सुरक्षा को देखते हुए खेत पर जाने से डर लगने लगा है। खेती को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। बताया कि जंगल किनारे खेती करने वाले अन्य ग्रामीण भी जान-माल की सुरक्षा को लेकर गांव में आकर रहने लगे हैं। बताया कि गांव के लोग जंगल किनारे जाने से तथा रात में बाहर निकलने से बच रहे हैं। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गांव में गश्त की जा रही है। श्रमिक छोटकऊ कोल की हत्या की जांच की जा रही है।